सूर्योदय 6:03 सूर्यास्त 6:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू. | 24 अधि |
| धर्मशाला | 25 न्यू. | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,425 |
| निफ्टी | 24,973 |
| सोना | 1,09,409 |
| चांदी | 1,24,144 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 11 सितंबर 2025 | 27 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 254, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# नेपाल सेना के हवाले, लेकिन अब फ्रांस अशांत

## आर्मी ने 27 उपद्रवी किए गिरफ्तार, 23 लोगों की मौत

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल में हिंसक प्रदर्शन रोकने के लिए सेना ने मंगलवार देर रात पूरे देश का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया है। हालांकि इसके बाद भी कई इलाकों में हिंसा जारी है।

प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार शाम को सुप्रीम कोर्ट में आग लगा दी थी, जिसके चलते 25 हजार से ज्यादा केस फाइलें राख में बदल गईं। वहीं, बुधवार को सेना ने 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। सेना का कहना है कि ये लोग स्थिति का गलत फायदा उठाकर तोड़फोड़, अराजकता, लूटपाट, आगजनी और जान-माल को नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 33.7 लाख रुपए नकद भी बरामद किए हैं। इसके अलावा 23 बंदूकें, मैगजीन और गोलियों सहित 31 अलग-अलग तरह के हथियार भी जब्त किए गए हैं। वहीं, केपी शर्मा ओली पीएम पद से इस्तीफा देकर काठमांडू छोड़ चुके है। यहां हिंसक प्रदर्शन में अब तक 23 लोगों की मौत हुई, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। (अनंत ज्ञान)



नेपाल में हिंसा को रोकने के लिए सेना ने सारा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है।

### नेपाल विद्रोह पर बोले सीजेआई गवई-हमें अपने संविधान पर गर्व

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान नेपाल विद्रोह का भी जिक्र किया। नेपाल विद्रोह का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व है, देखिए पड़ोसी देशों में क्या हो रहा है? नेपाल में तो हम संविधान की हत्या होते देख रहे हैं। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने जोड़ते हुए कहा कि हां, इस मामले में बांग्लादेश भी एक है। इससे पहले सॉलिसिटर जनरल ने कहा, '1970 से अब तक सिर्फ 20 बिल ही राष्ट्रपति के पास लंबित रहे, जबकि 90% बिल एक महीने में पास हो जाते हैं।' सीजेआई ने इस पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि केवल आंकड़ों से निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**कहा-देखिए पड़ोसी देशों में क्या हाल है**

## फ्रांस में 1 लाख लोग सड़कों पर उतरे, पुलिस ने 200 उपद्रवी किए अरेस्ट

**एजेंसी, पेरिस**

नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के खिलाफ विरोध शुरू हो गया है। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर उतर आए। पेरिस में बुधवार सुबह ऑफिस टाइम के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई बार शहर की बेल्टवे (मुख्य सड़क मार्ग) को जाम करने की कोशिश की। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैरिकेड लगाए, पुलिस पर सामान फेंका। प्रदर्शनकारियों की कई जगह सुरक्षा बलों से झड़प हुई है। उन्होंने कई जगह तोड़फोड़ और आगजनी भी की है। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी दी थी कि वे अपने आंदोलन के दौरान सब कुछ ठप कर देंगे। हालांकि, आंदोलन शुरू में ठंडा पड़ा रहा और लोगों ने इसमें ऑनलाइन ही मौजूदगी दर्ज कराई। सोशल मीडिया पर हैशटैग ट्रेंड में रहा। फिर जैसे-जैसे दिन बढ़ा और गर्मी ने जोर पकड़ा, यह विरोध प्रदर्शन तेज होता गया। 80,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती के बावजूद लोग बेकाबू हो गए। उन्होंने बैरिकेड्स तोड़ दिए। इसके बाद तत्काल गिरफ्तारियां की गईं। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब फ्रांस के नए प्रधानमंत्री, सेबास्टियन लेकोर्नू अपना कार्यभार संभालने जा रहे हैं। एक दिन पहले फ्रांस्वा बायरू ने अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। (अनंत ज्ञान)



### बजट में कटौती करने से बिगड़े हालात

**फ्रांस** की राजनीति में बजट हमेशा टकराव का बड़ा कारण रहा है। हर साल इसके जरिए यह तय होता है कि सरकार किन क्षेत्रों पर खर्च बढ़ाएगी और कटौती करेगी और यही सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच खींचतान की जड़ बनता है। पिछले साल 2025 में भी यही हुआ। प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर ने संसद में बजट पेश किया, लेकिन उस पर भारी विवाद खड़ा हो गया। वामपंथी दलों ने आरोप लगाया कि बजट गरीब और आम जनता के खिलाफ है, क्योंकि इसमें सामाजिक कल्याण योजनाओं में कटौती की गई है। दूसरी तरफ दक्षिणपंथी दलों को शिकायत थी कि टैक्स और वित्तीय नीतियां उनके हितों पर चोट करती हैं। आमतौर पर एक-दूसरे के धुर विरोधी ये दोनों खेमे इस बार सरकार के खिलाफ एकजुट हो गए हैं।

### प्रदर्शन की 4 वजह

**राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां :** जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

**बजट में कटौती :** सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है।

**2 साल में 5 पीएम:** हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।

**ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन:** वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सबकुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू-श्रीनगर एनएच 16 दिन बाद बहाल

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जम्मू घाटी की लाइफ लाइन माने जाने वाले जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बुधवार को 16 दिन बाद ट्रैफिक के लिए खोला गया। सड़क पर कई जगहों पर लगातार लैंडस्लाइड के कारण इसे बंद रखा गया था। सबसे ज्यादा उधमपुर और रामबन जिलों में नुकसान हुआ था। एनएच की बहाली से कश्मीर घाटी से फलों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दोबारा से शुरू हुई है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब में 'आप' विधायक मनजिंदर सिंह गिरफ्तार

**एजेंसी, तरनतारन।** पंजाब में खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा समेत 12 लोगों को मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में दोषी करार दिया गया है। तरनतारन की जिला अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए कहा कि दोषियों को 12 सितंबर को सजा सुनाई जाएगी। पुलिस ने विधायक समेत 7 को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला 2013 का है। उस समय विधायक लालपुरा टैक्सी ड्राइवर थे। उन पर शादी में आई युवती के साथ मारपीट करने का आरोप लगा था। युवती ने टैक्सी ड्राइवरों पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया था। विधायक लालपुरा के एडवोकेट ने बताया कि हम इसे हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। (अनंत ज्ञान)

### रांची से आईएसआईएस का संदिग्ध गिरफ्तार

**एजेंसी, रांची।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने झारखंड एटीएस और रांची पुलिस के संयुक्त अभियान में रांची के इस्लामनगर इलाके से एक आईएसआईएस संदिग्ध आतंकवादी अजहर दानिश को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ दिल्ली में एक मामला दर्ज था, जिसके आधार पर दिल्ली स्पेशल सेल उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक, 12 जगहों पर छापेमारी चल रही है। अब तक 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### पुणे ब्लास्ट केस के आरोपी को जमानत

**एजेंसी, मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2012 पुणे ब्लास्ट केस के एक आरोपी फारूक बगवान को जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि वह 12 साल से जेल में है और ट्रायल पूरा होने की संभावना निकट भविष्य में नजर नहीं आती। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस राजेश पाटिल की बेंच ने मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने बताया कि अब तक 170 गवाहों में से सिर्फ 27 की ही गवाही हुई है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी के खिलाफ इस केस के अलावा कोई और आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल की सख्तता के लिए भाजपा शासित राज्यों का आभार: अनुराग -पेज 2
- प्रदेश में 98 प्रतिशत जलापूर्ति योजनाएं बहाल: डिप्टी सीएम -पेज 3
- केंद्र से फौरी राहत लेने में मुख्यमंत्री सुक्खू कामयाब -पेज 6
- कीरतपुर-मनाली फोरलेन का ढवाड़ा फ्लाईओवर क्षतिग्रस्त -पेज 9
- कुल्लू-मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग फिर बना लाइफलाइन -पेज 11


## केके पंत मुख्य सचिव की दौड़ में सबसे आगे, दो अन्य पदों पर भी नियुक्तियां तय

# हिमाचल की ब्यूरोक्रेसी में होगा बड़ा बदलाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की अफसरशाही में इस महीने बड़ा बदलाव होने जा रहा है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना का सेवा विस्तार 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। ऐसे में नए मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर दौड़ तेज हो गई है। इसके साथ ही बिजली नियामक आयोग के अध्यक्ष और मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर भी इसी माह नियुक्तियां होने की संभावना है। मुख्य सचिव की दौड़ में वरिष्ठता सूची में पहले नंबर पर संजय गुप्ता हैं, लेकिन वह अधिक रुचि बिजली नियामक आयोग के अध्यक्ष पद में दिखा रहे हैं। ऐसे में दूसरे नंबर के वरिष्ठ अधिकारी केके पंत का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। पंत इस समय वन, गृह, राजस्व और विजिलेंस जैसे महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाल रहे हैं।

ओंकार शर्मा की दावेदारी विमल नेगी आत्महत्या प्रकरण की रिपोर्ट के बाद कमजोर पड़ी है और उन्हें अहम विभागों से हटाकर केवल जनजातीय विकास विभाग दिया गया है। वहीं, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात अनुराधा ठाकुर का नाम भी चर्चा में है, लेकिन उनकी वापसी अनिवार्य है।

### बिजली नियामक आयोग के अध्यक्ष पद के कई दावेदार

**बिजली** नियामक आयोग के अध्यक्ष पद के लिए पूर्व मुख्य सचिव रामसुभग सिंह, मौजूदा मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और बिजली बोर्ड अध्यक्ष संजय गुप्ता प्रमुख दावेदार हैं। मुख्य सूचना आयुक्त का पद भी दो महीने से खाली है। पूर्व आयुक्त आरडी धीमान के रेरा चेयरमैन बनने के बाद यह जिम्मेदारी अब नए चेहरे को दी जाएगी। इस पद के लिए कई सेवानिवृत्त आईएएस और आईएफएस अधिकारियों ने आवेदन किए हैं।

# राज्य में बढ़ती आपदाओं पर एचपीयू करेगी अध्ययन

## इटली और नार्वे के संस्थानों से भी लिया जाएगा सहयोग

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हर वर्ष बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं चेतावनी बनकर सामने आ रही हैं। इन आपदाओं ने जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया है। अब हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने इस गंभीर विषय पर वैज्ञानिक और व्यवहारिक दृष्टिकोण से गहन अध्ययन शुरू करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि शोध केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचे और लोगों को बचाव की ठोस रणनीति मिले। विश्वविद्यालय ने कैंपस टू कम्युनिटी मिशन के अंतर्गत विशेष डिजास्टर सेंटर की स्थापना की है। इस मिशन को मजबूती देने के लिए इटली के पडोवा विश्वविद्यालय और नार्वे के नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल इंस्टीट्यूट के साथ समझौता किया गया है।



शिमला में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. महावीर सिंह।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने कहा कि जहां कल्पना भी नहीं कर सकते, वहां आपदाएं घटित हो रही हैं। यह प्रदेश के लिए गंभीर चिंता का विषय है और इस पर गहराई से अध्ययन कर परिणामों को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा। प्रारंभिक चरण में मंडी, कुल्लू, कांगड़ा और शिमला जिलों को अध्ययन क्षेत्र चुना गया है।

### शोध में एआई व सैटेलाइट डाटा का होगा प्रयोग

**इटली** के पडोवा विश्वविद्यालय के लैंडस्लाइड वैज्ञानिक प्रो. संसार राज मीणा ने कहा कि शोध में एडवांस्ड मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ग्लोबल सैटेलाइट डाटा का प्रयोग होगा। उद्देश्य यह है कि वैज्ञानिक जानकारी को स्थानीय समुदाय से जोड़ा जाए और ऐसा सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे समय रहते आपदा की पहचान कर उसके प्रभाव को कम किया जा सके। विश्वविद्यालय इस विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला भी आयोजित करेगा, जिसके सुझावों को व्यवहारिक स्तर पर लागू करने का प्रयास होगा।

# दिल्ली में हिमाचल के हितों की पैरवी करेंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांगड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का विस्तृत ब्योरा देने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार देर शाम दिल्ली पहुंचे। सीएम 11 सितंबर को 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया से तीसरी बार मुलाकात करेंगे। उनका लक्ष्य कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों को देखते हुए राज्य को उसका हक दिलाना शामिल हो।



जानकारी के अनुसार, दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नितिन गडकरी, जितेंद्र सिंह और अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात करेंगे। यह मुलाकातें सिर्फ शिष्टाचार नहीं, बल्कि उम्मीद और राहत की डोर हैं। मुख्यमंत्री प्रदेश के लिए विशेष पैकेज की मांग करेंगे, ताकि आपदा से जूझते लोगों तक राहत जल्द पहुंच सके और विकास की रफ्तार फिर पटरी पर लौटे। पिछली बैठकों में सुक्खू ने साफ किया था कि 15वें वित्त आयोग द्वारा राजस्व घाटा अनुदान में की गई कटौती ने राज्य को आर्थिक संकट में धकेल दिया है। अब वह इसे बहाल कराने के साथ ग्रीन बोनस की भी मांग उठा रहे हैं, ताकि पर्यावरण अनुकूल नीतियों और पहाड़ी हालात की विशेष चुनौतियों को केंद्र सरकार गंभीरता से देखे। मुख्यमंत्री सुक्खू इस दौरे से हिमाचल के लिए बड़ी उम्मीदें लेकर लौटना चाहते हैं। सीएम 12 सितंबर को दोपहर तक कांगड़ा वापस आएंगे।

# ट्रंप बोले-मोदी मेरे अच्छे दोस्त ट्रेड बैरियर पर उनसे बात करूंगा

## मोदी ने कहा- साथ मिलकर समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करेंगे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

भारत-अमेरिका ट्रेड डील नेगोशिएशन और टैरिफ टेंशन के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वॉशिंगटन और दिल्ली के बीच चल रही बातचीत जल्द किसी बेहतर नतीजे पर पहुंचेगी।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच ट्रेड बैरियर को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। आने वाले हफ्तों में मैं अपने बहुत अच्छे दोस्त, पीएम मोदी से बात के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों महान देशों के लिए एक सफल नतीजे पर पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।'



ट्रंप के इस पोस्ट के करीब 5 घंटे बाद पीएम मोदी ने भी एक एक्स पोस्ट में लिखा, 'भारत और अमेरिका अच्छे दोस्त और नेचुरल पार्टनर हैं। मुझे भरोसा है कि हमारी बातचीत भारत-अमेरिका पार्टनरशिप के असीमित संभावनाओं को खोलने का रास्ता बना देगी। हमारी टीमें इन चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए मेहनत कर रही हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से बात करने का भी इंतजार कर रहा हूं। हम साथ मिलकर दोनों देशों के लोगों के लिए एक बेहतर और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करेंगे।' (अनंत ज्ञान)

### ट्रेड डील में भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ रुकावट

**अमेरिका** ने भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से 50% का टैरिफ लगाया है, जिसके चलते भारत का करीब 85 हजार करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इससे दोनों देशों के संबंधों में फिलहाल कड़वाहट है। हालांकि, दोनों देशों की टीमें एक बेहतर ट्रेड डील पर पिछले 6 महीने से बात कर रही हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के वक्त पाक में एक्टिव थे 11 भारतीय सिम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक बड़े जासूसी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। नेपाल के नागरिक प्रभात कुमार चौरसिया को भारत से गिरफ्तार किया गया है, जो भारत से खरीदे सिम कार्ड पाकिस्तान भेज रहा था। सिम कार्ड्स का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में जैश के गढ़ बहावलपुर और लाहौर जैसे इलाकों में किया जा रहा था।



**पाक के लिए जासूसी करने पर नेपाली शख्स किया अरेस्ट**

आरोपी ने भारत में 16 सिम कार्ड खरीदे थे, जिनमें से 11 सिम पाकिस्तान में एक्टिव मिले। ये सिम कार्ड आईएसआई एजेंट्स को नेपाल के रास्ते भेजे गए थे। इस मामले की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी को अमेरिकी वीजा का लालच देकर आईएसआई एजेंट्स ने अपने जाल में फंसाया था। चौरसिया ने महाराष्ट्र के लातूर से अपने आधार कार्ड का इस्तेमाल कर सिम कार्ड खरीदे थे। नेपाली नागरिक होने के बावजूद उसके पास भारतीय आधार कार्ड था। खरीदे गए सिम वह खुद नेपाल ले जाता, जहां से ये कार्ड पाकिस्तान के बहावलपुर और लाहौर तक पहुंचाए जाते थे। इसके पास से कई डिजिटल डिवाइस और सिम कार्ड के पैकेट भी मिले हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) और 152 के तहत मामला दर्ज किया है। (अनंत ज्ञान)

# पड़ोसियों के बीच में झगड़ा होना आम बात: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पड़ोसियों में झगड़ा होना आम बात है। अगर पड़ोसियों के बीच में झगड़ा, बहस और हाथापाई भी हो जाती है, तो उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक महिला को पड़ोसी की आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए तीन साल की सजा सुनाई गई थी।

कोर्ट ने कहा, 'धारा 306 में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला तभी बनता है, जब यह साफ हो कि आरोपी ने जानबूझकर पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में आरोपी और पीड़ित के परिवारों के बीच बहस हुई थी, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि आरोपी ने पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। बेंच ने कहा, 'ऐसे झगड़े रोजमर्रा की जिंदगी में होते हैं। तथ्यों के आधार पर हम यह नहीं मान सकते कि आरोपी ने इतना उकसाया कि पीड़ित के पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।' यह मामला कर्नाटक का है। एक महिला और उसकी पड़ोसी (पीड़िता) के बीच छह महीने तक झगड़े और कहासुनी होती रही। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी पड़ोसी महिला लगातार उसे परेशान करती है, जिससे वह मानसिक तनाव में जी रही थी और उसने तनाव से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई, हालांकि एससी/एसटी एक्ट से उसे बरी कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा सुनाई सजा रद्द कर दी है। (अनंत ज्ञान)

**कर्नाटक हाईकोर्ट का आत्महत्या के लिए उकसाने का फैसला रद्द**

**खुशखबरी** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने वर्ष 2025-26 के लिए बढ़ाया जीडीपी ग्रोथ का अनुमान

# 6.9 % की रफ्तार से दौड़ेगी भारत की अर्थव्यवस्था

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत का जीडीपी ग्रोथ अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.9% कर दिया है। यह बदलाव घरेलू मांग और मजबूत आर्थिक गतिविधियों की वजह से हुआ है। इससे साफ है कि अमेरिकी टैरिफ का भारत की अर्थव्यवस्था पर मामूली असर होगा।

9 सितंबर को जारी रिपोर्ट में फिच ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था प्राइवेट कंजप्शन और इंवेस्टमेंट की वजह मजबूत है। हालांकि, ग्लोबल इकॉनमी में सुस्ती और तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव की चुनौतियां हैं, लेकिन भारत ने इनका सामना किया है। फिच ने कहा कि मजबूत घरेलू नीतियां और निवेश की बढ़ती रफ्तार ने भारत को सही दिशा में रखा है। एफवाई-26 में औद्योगिक उत्पादन और सर्विस सेक्टर में भी सुधार की उम्मीद है। इससे पहले फिच ने कहा था कि अमेरिकी टैरिफ का भारत की अर्थव्यवस्था पर मामूली असर होगा। रिपोर्ट के मुताबिक इसे आखिर में कम भी किया जा सकता है। फिच ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को बीबीबी- पर बरकरार रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि अमेरिका को होने वाले निर्यात का भारत की जीडीपी में केवल 2% हिस्सा है, इसलिए इन टैरिफ का सीधा प्रभाव मामूली होगा। हालांकि, टैरिफ को लेकर अनिश्चितता का निवेश पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

वहीं, वर्ल्ड बैंक ने जून में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.3% पर बरकरार रखा था। (अनंत ज्ञान)

### एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ाई

**ग्लोबल** रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की लॉन्ग-टर्म क्रेडिट रेटिंग को बीबीबी-से बढ़ाकर बीबीबी कर दिया है। वहीं, इंडियन इकोनॉमी को लेकर आउटलुक स्टेबल रखा गया है। एसएंडपी का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। सरकार लगातार अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा, भारत का आर्थिक विकास भी तेजी से हो रहा है, जो इस अपग्रेड का बड़ा कारण है।





### भारत को क्या फायदा?

**इससे** दुनिया भर के निवेशकों का भारत पर भरोसा बढ़ेगा, क्योंकि रेटिंग बेहतर होने से भारत को कर्ज लेना आसान और सस्ता हो सकता है। साथ ही, यह दिखाता है कि भारत की इकोनॉमी सही दिशा में जा रही है।

### बीबीबी ?

बीबीबी-सबसे निचली इंवेस्टमेंट ग्रेड रेटिंग है। इसका मतलब है कि कर्ज चुकाने की क्षमता ठीक है, लेकिन आर्थिक दिक्कतों में थोड़ा जोखिम हो सकता है। विशेष सुरक्षित, पर सीमित भरोसा होगा। वहीं, बीबीबी का मतलब बीबीबी-से एक कदम ऊपर। इसमें कर्ज चुकाने की क्षमता अच्छी, जोखिम कम और निवेशकों का भरोसा थोड़ा ज्यादा होता है।

# मणिपुर में यूएनसी ने एनएच-2 और 37 को किया बंद

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के संयुक्त नगा परिषद (यूएनसी) ने केंद्र सरकार के खिलाफ व्यापार प्रतिबंध शुरू किया है। इसके तहत बुधवार को नागा प्रधान इलाकों और राज्य से निकलने वाले नेशनल हाईवे-2 और 37 को ब्लॉक किया। अब यहां पर वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई है। यूएनसी केंद्र के 1643 किमी लंबे भारत-म्यांमार बॉर्डर पर फेंसिंग और फ्री मूवमेंट रिजीम समाप्त करने के फैसले का विरोध कर रहा है। साथ ही 26 अगस्त को केंद्र के साथ हुई असफल बैठक और उनकी चिंताओं पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने से भी नाराज है। यूएनसी ने इलाकों को ब्लॉक किया गया उनमें सेनापति, उखरुल और तमेंगलॉन्ग जिले शामिल हैं। इससे मणिपुर के अन्य हिस्सों में आपूर्ति लाइन बाधित हो गई है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### टीसीपी नियमों के उल्लंघन पर एक को नोटिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मुहाल जटेहड़ी में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग की अनुमति के बगैर निर्माण कार्य करने पर एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को सभी निर्माण कार्य तुरंत बंद करने तथा 15 दिन के भीतर जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### बारिश से मकान ध्वस्त, बाल-बाल बचा परिवार



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन की बैहरड़ पंचायत के बैहरड़ गांव में बुधवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। शादी लाल के दो कमरों का स्लेटपोश मकान अचानक ध्वस्त हो गया। उस समय परिवार रसोई में बैठा खाना खा रहा था। मकान से मिट्टी गिरती देख परिवार जैसे ही बाहर भागा, पूरा मकान धड़ाम से गिर गया। गनीमत रही कि सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। मकान मालिक की पत्नी, जो पंचायत सदस्य भी हैं, ने बताया कि परिवार पहले से बीपीएल श्रेणी में दर्ज है। स्थानीय निवासी कैप्टन सुनील दत्त, पूर्व जिला परिषद सदस्य बलवीर चौधरी व प्रधान यशपाल ने प्रशासन से तुरंत राहत देने की मांग की है। हल्का पटवारी जमील खान ने बताया कि मौका रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और शीघ्र ही पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### छात्रों की सृजनात्मकता के कायल हुए लखनपाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में विद्यालय स्तर पर साइंस मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सतत विकास थीम के तहत प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए 223 वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए गए। विद्यालय चेयरमैन प्रो आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चन्द्रप्रभा लखनपाल व विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने रिबन काटकर इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। शौर्य ठाकुर द्वारा बनाए गए सस्टेनेबल ग्रीन इंडिया प्रोजेक्ट, वंश के स्मार्ट एग्रो सोलर सिस्टम, सुनीति के अपशिष्ट जल प्रबंधन, सोनाक्षी व वंशिका के पन बिजली योजना, तृषा व वैष्णवी के मानव नेत्र, कार्तिकेय के टेस्ला क्व इल, अंशिका के डायलिसिस यूनिट, गार्गी के मृदा नमी संवेदक और एटीएल में क्षिरिन के स्वचालित वर्षा आश्रय, राजवीर व नैतिक के स्मार्ट कचरा पात्र, तन्मय व अर्पित के स्मार्ट सिंचाई प्रणाली प्रोजेक्ट प्रदर्शनी विशेष रहे। दीप शिखा, शिल्पा गुप्ता व विकास शर्मा निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। कार्यक्रम समन्वयक पंकज शर्मा, संदीप कुमार, माया शर्मा, व रोहित अग्निहोत्री रहे।

### त्रिशा कॉलेज में हुआ प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनकेशर्मा के मार्गदर्शन में गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हमीरपुर के उच्च शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मोही राम चौहान मुख्य प्रवक्ता रहे, जबकि गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ के प्रधानाध्यापक रतन जरियाल ने भी शिरकत की। डॉ. चौहान ने प्रशिक्षु अध्यापकों को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भरता और परिश्रम की भूमिका पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। रतन जरियाल ने लक्ष्य निर्धारण, मेहनत और समर्पण के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत कॉलेज अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में पौधारोपण भी किया गया। इको क्लब की संपादक चंपा ठाकुर, कार्यकारी प्राचार्या डॉ. पूनम भारद्वाज, अनुकृति शर्मा सहित डीएलएड और बीएड प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

### प्लस वन में प्रवेश की बढ़ाई जाए तिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग की है कि दसवीं कक्षा के पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण घोषित विद्यार्थियों को जमा एक में प्रवेश का अवसर दिया जाए। साथ ही, अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश स्टेट ओपन स्कूल से विशेष परीक्षा अवसर प्रदान किया जाए। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि 15 मई 2025 को घोषित दसवीं परिणाम में कई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे थे, लेकिन पुनर्मूल्यांकन के बाद अब वे उत्तीर्ण हो चुके हैं। प्रवेश तिथि समाप्त होने से उनका भविष्य संकट में है। कई अन्य विद्यार्थी आपदा में प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में संघ ने 8 सितम्बर 2025 को मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा निदेशक शिमला और शिक्षा बोर्ड सचिव धर्मशाला को ज्ञापन भेजे जा चुके हैं। संघ ने उम्मीद जताई कि विद्यार्थियों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय होगा और शीघ्र इनको राहत दी जा सकती है।

### जलाड़ी में एलएलबी पाठ्यक्रम की जानकारी दी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई लॉ कॉलेज कल्लर जलाड़ी में 2025-28 के एलएलबी प्रथम सत्र का साईं वंदना के साथ आगाज किया गया। इस दौरान ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से उन्हें तीन वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम की जानकारी दी। इस ओरिएन्टेशन प्रोग्राम में छात्रों को उनके भविष्य सम्बंधी अवसरों के बारे में भी जागरुक किया गया और साथ में लॉ की पढ़ाई से उनको भविष्य में होने वाले नौकरी पेशा संबधित अवसरों के बारे में भी जागरुक किया गया। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश व अस्थायी-प्रधानाचार्य विजय कुमार ने कॉलेज प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस मौके पर सहायक प्राचार्य विवेक कुमार ने विद्यार्थियों को कॉलेज नियमों के बारे में बताया। इस प्रोग्राम में कालेज का स्टाफ उपस्थित रहा।

### गौरव अध्यक्ष और रजत ठाकुर बने सचिव

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** महाविद्यालय बड़सर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नव कार्यकारिणी गठन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुश्री नेहा ठाकुर उपस्थित रहीं, जिला संगठन मंत्री हमीरपुर अभिलाष शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने नव कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें इकाई अध्यक्ष गौरव, इकाई सचिव रजत ठाकुर, उपाध्यक्ष अंशुल चौहान, कार्तिक सह सचिव अनामिका चौधरी, कार्तिक वनियाल और रितिक शर्मा, कोषाध्यक्ष शिवराज, सोशल मीडिया प्रमुख सुमित, एसएफडी प्रमुख पूजा, एसएफएस प्रमुख सुधीर, मीडिया संयोजक पंकज वनियाल, छात्रा प्रमुख कनिका ठाकुर तथा खेल प्रमुख अक्षय ठाकुर चुने गए। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बधाई दी और परिषद के आदर्शों व उद्देश्यों को छात्रहित और समाजहित में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### स्पॉट काउंसिलिंग में बी फार्मेसी की सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बुधवार को बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) में प्रवेश के लिए स्पॉट राउंड काउंसिलिंग हुई। काउंसिलिंग में मेरिट के आधार पर 325 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की है। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई है, उन्हें 12 सितंबर तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। वहीं, 11 सितंबर को बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) और 12 सितंबर को बीटेक (लेटरल एंट्री) की काउंसिलिंग तकनीकी विवि परिसर में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगी। बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की काउंसिलिंग संबंधित शिक्षण संस्थानों में 12 सितंबर को होगी। एमएससी भौतिकी और पर्यावरण विज्ञान, एमबीए पर्यटन, योग और एमटेक (सीएसई) की काउंसिलिंग 11 सितंबर को तकनीकी विवि परिसर में होगी। एमटेक(सीई), एमटेक (ईवीटी) की काउंसिलिंग 11 सितंबर को संबंधित शिक्षण संस्थानों में होगी। एमबीए और एमसीए की काउंसिलिंग 12 सितंबर को संबंधित शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित है।

### हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में आयुष मंत्रालय की पहल के तहत हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष की थीम आयुर्वेद फॉर पीपुल एंड प्लेनेट रखी गई है। 23 सितंबर को मनाए जाने वाले आयुर्वेद दिवस को समर्पित करते हुए 15 दिवसीय कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। इसके तहत गाँवों और शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान, औषधीय पौधों की प्रदर्शनी और ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक आयुर्वेद विशेषज्ञ पारंपरिक औषधीय ज्ञान साझा करेंगे। तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, नीम और आंवला जैसे पौधों के लाभ बताए जाएंगे। विश्वविद्यालय परिसर व आसपास प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और रैलियां भी आयोजित होंगी। इन सभी कार्यक्रमों का संचालन डॉ. राम अवतार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

# शहर के सभी वार्डों में आज से नहीं होगी पानी की कमी

## हमीरपुर टाउन की पेयजल योजना 12 दिन बाद हुई ठीक

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** भारी बारिश के कारण हमीरपुर टाउन के लिए ब्यास नदी से चलाई जा रही पेयजल योजना गत दिनों राइजिंग मेन टूटने से बंद हो गई थी। जिसके कारण पिछले 12 दिनों से शहर के 11 वार्डों के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे थे।

लोगों को पीने तक का पानी नहीं मिल रहा था। हालांकि जल शक्ति विभाग ने दूसरी योजनाओं से एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति की जा रही थी, लेकिन वार्ड के कई जगहों पर पानी बहुत कम पहुंच रहा था। जिससे लोगों की समस्या और बढ़ गई थी। जल शक्ति विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस योजना को दोबारा से शुरू करने के लिए पिछले कई दिनों से प्रयास कर रहे थे, लेकिन भारी बारिश के कारण व्यास नदी का जल स्तर भी इतना बढ़ गया था कि पेयजल

**20 लाख खर्च करने के बाद ठीक हुई पेयजल योजना**

योजना की मरम्मत करना आसान नहीं था। हालांकि जल शक्ति विभाग ने तीन जेसीबी और तीन पोकलेन पेयजल योजना की मरम्मत करने के लिए लगाई थी, लेकिन ब्यास नदी का बढ़ता जल स्तर बार-बार इसमें बाधा बन रहा था। आखिरकार 12 दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद जल शक्ति विभाग ने हमीरपुर टाउन की पेयजल योजना की मरम्मत कर दी है और शहर के सभी वार्ड्डो में आज से पानी सुचारू रूप से सप्लाई किया जाएगा।

गौर रहे कि कड़ी मशक्कत करने के बाद और लगभग 20 लाख रुपए खर्च करने के बाद हमीरपुर टाउन की पेयजल योजना को ठीक कर दिया है। बता दें कि पानी न आने से लोग विभाग के अधिकारियों के पास अपनी शिकायत लेकर आ रहे थे, उनकी समस्या को हल करने के लिए और पानी की समस्या से किसी को भी न जूझना पड़े इसके लिए सारे प्रबंध किए गए थे। इससे पहले भी भारी बारिश के कारण पेयजल योजना प्रभावित हुई थी, जिसे जल शक्ति विभाग ने हल कर दिया था। वहीं पानी आने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि पिछले दो दिन से पानी की सप्लाई बंद थी और अब पानी की सप्लाई आ गई है तो लोग शिकायत कर रहे हैं कि पानी साफ नहीं है।

इस बारे में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता रोहित दुबे ने बताया कि एक दिन पहले ही इस योजना की मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब हमीरपुर शहर के किसी भी वार्ड में पानी की समस्या नहीं रहेगी।

## प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में कशिश प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य पर सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय एवं संस्कृति सदन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिले भर के 40 विद्यालयों के लगभग 120 विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौरी की कशिश प्रथम, रावमापा जलाड़ी की उपासना द्वितीय और द मैग्नेट पब्लिक स्कूल की सोनल ठाकुर तृतीय रहीं। निबंध लेखन में रावमापा गलोड़ की अर्पिता ने पहला स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल सलासी की काश्वी धीमान विजेता बनीं। समारोह के दूसरे सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार दलीप कुमार की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें जिले के कवियों ने हिंदी और पहाड़ी रचनाएं प्रस्तुत कीं। मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान ने विजेता विद्यार्थियों के साथ-साथ कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

## भरेड़ी बाजार की सड़क में पड़े गड्ढे अधूरे काम से बढ़ा हादसों का खतरा

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भरेड़ी बाजार में चढ़ाई वाले हिस्से पर बनी सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों से वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है, जिससे लोग दहशत में सड़क का इस्तेमाल कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क का निर्माण एफडीआर तकनीक से पिछले एक वर्ष से किया जा रहा है, लेकिन स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ गई है। अधूरी सड़क और गहरे गड्ढों के कारण बारिश के मौसम में फिसलन और जलभराव आम हो गया है, जिससे राहगीरों और चालकों की मुश्किलें दोगुनी हो जाती हैं।

दुकानदारों ने बताया कि गड्ढों और धूल की वजह से ग्राहक बाजार आने से कतराते हैं, जिससे कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लगातार असुविधा झेलने के बावजूद लोक निर्माण विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर लोगों में नाराज़गी है।

ग्रामीणों और दुकानदारों ने विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। यशवंत, सुनील, संजय, बलबीर, मनोहर, सुंदर लाल, सतीश, सुरेंद्र, अंकुश और महेंद्र सहित अन्य लोगों ने विभाग और प्रशासन से इस समस्या का तुरंत समाधान करने की गुहार लगाई है ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके।

## हिमाचल की सहायता के लिए भाजपा शासित राज्यों का आभार : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल में प्राकृतिक आपदा के दृष्टिगत भाजपा शासित राज्यों से मिली मदद पर वहां की जनता व मुख्यमंत्रियों का आभार प्रकट करते हुए इसे मानवता की सच्ची मिसाल बताया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बीते मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल भ्रमण कर पीड़ितों का हाल भी जाना और देवभूमि के जख्मों पर मरहम स्वरूप 1500 करोड़ की वित्तीय सहायता भी दी।



यह देखना सुखद है कि देवभूमि हिमाचल की आपदा में सहायता के लिए भाजपा की कई राज्य सरकारें बढ़-चढ़ कर अपनी भूमिका निभा रही है। बाढ़-बारिश-भूस्खलन की तिहरी मार सह रहे हिमाचल की भाजपा शासित राज्यों की यह सहायता हमें आपदा के दर्द से उबरने व आपदा पीड़ितों की जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित होंगी। हिमाचल के दर्द को अपना दर्द समझ कर संकट की घड़ी में साथ खड़ा होना मानवता

**सीएम नायब, योगी व माणिक साहा ने पेश की मानवता की सच्ची मिसाल**

की सच्ची मिसाल है व इसके लिए मैं हरियाणा, उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा की जनता व वहां के मुख्यमंत्रियों का हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

अनुराग ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 करोड़ की धनराशि के साथ-साथ की को 8 ट्रक राहत सामग्री हिमाचल को भेजी तो वहीं दूसरी तरफ यूपी के सीमए योगी आदित्यनाथ ने आपदा राहत कोष में 5 करोड़ की वित्तीय सहायता साथ-साथ दर्जनों ट्रक राहत सामग्री देवभूमि में आपदा पीड़ितों की मदद के लिए भेजी। त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा ने भी 5 करोड़ की आर्थिक मदद के साथ-साथ कई ट्रक भर कर राहत सामग्री हिमाचल को भेजकर देवभूमि के प्रति अपना लगाव व यहां के निवासियों के प्रति अपनत्व के भाव को दिखाया है।

## पीएम नरेंद्र मोदी व सहयोगी राज्य नेताओं का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा हमीरपुर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया दौरे के दौरान हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ के बड़े राहत पैकेज की घोषणा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री अजय रिंटू, जिला उपाध्यक्ष विपिन अग्निहोत्री, और जिला सचिव मंजीत सिंह ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता हाल ही में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगी और राज्य के पुनर्निर्माण और पुनर्वास प्रयासों को और तेज करेगी। इसके अलावा राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, मंजीत सिंह और विपिन अग्निहोत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा का आपदा प्रभावित राज्य को 5-5 करोड़ रुपये की उदार सहायता राशि और राहत सामग्री प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## पांडवीं के मैड़ गांव में खिसकी पहाड़ी, बढ़ा खतरा

### चबूतरा जैसे हालात से दहशत में ग्रामीण, डॉ. पुष्पेंद्र ने किया मौके का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला के पंचायत पांडवी के मैड़ गांव में भी प्राथमिक पाठशाला के साथ लगते खेल मैदान के समीप स्थित पहाड़ी पिछले दो दिनों से लगातार खिसक रही है। इसकी स्थिति कुछ वैसी ही बन गई है जैसी हाल ही में चबूतरा गांव में आई आपदा के समय देखने को मिली थी।

बुधवार को इस गंभीर परिस्थिति का जायजा लेने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और गांववासियों के साथ मिलकर प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा प्रशासन को इस संबंध में अवगत करवाया। मौके पर पहुंचे पटवारी ने भी संपूर्ण स्थिति की रिपोर्ट तैयार कर ली है। डॉ. वर्मा ने गांववासियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और जल्द ही इस पर बचाव कार्य आरंभ करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को पूरी तरह से सक्रिय कर दिया गया है। इस अवसर पर पंचायत के उपप्रधान सुनील कुमार ने भी



पांडवीं पंचायत के मैड़ गांव में प्राथमिक पाठशाला के पास खिसक रही पहाड़ी।

स्थिति पर चिंता जताई और प्रशासन से अपील की कि गांव के भीतर तथा घरों के ऊपर बनीं लगभग 70-80 साल पुरानी स्थित बस्तियों को तुरंत सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए, क्योंकि इस क्षेत्र में अब वास्तविक खतरा उत्पन्न हो गया है। गांववासी भी स्थिति से चिंतित हैं और प्रशासन से त्वरित राहत एवं बचाव कार्य की अपेक्षा कर रहे हैं।

## पंचायत चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने पर बनाई रणनीति



बैठक में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह और सुमन भारती ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को सुजानपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र के प्रभारी एवं जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुमन भारती ने की, जबकि स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में आई आपदा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू द्वारा प्रभावित परिवारों की हरसंभव सहायता करने के प्रयासों की सराहना की।

बैठक का मुख्य फोकस आगामी पंचायती चुनाव रहे, जिसमें कांग्रेस ने एकजुट होकर प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। तय किया गया कि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को हर स्तर पर समर्थन दिया जाएगा व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। बूथ स्तर पर रिपोर्ट कार्ड तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है, जिसमें विधायक कैप्टन रणजीत सिंह के कार्यों और सरकार की उपलब्धियों का मूल्यांकन शामिल होगा। यह रिपोर्ट कार्ड सीएम को भी प्रस्तुत किया जाएगा।

विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस का मंच हर कार्यकर्ता के लिए खुला है और सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ काम करेगी और विपक्ष की झूठी अफवाहों का सामना करेगी।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे और पार्टी की मजबूती के लिए सुझाव दिए। बैठक में कार्यकर्ताओं ने विधायक के कार्यों को सौ फीसदी संतोषजनक करार देते हुए भरोसा जताया कि कांग्रेस संगठन मजबूत होकर आगामी पंचायती चुनावों में जीत दर्ज करेगा।

## कांग्रेस विधायक की चुनाव याचिका हताशा का प्रतीक : भाजपा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भाजपा भोरंज मंडल ने कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर करना उनकी हताशा और डर को दर्शाता है। भाजपा नेताओं का कहना है कि अगर विधायक खुद कानूनविद होते, तो इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। हाईकोर्ट में केस चलने के बावजूद विधायक का अनुपस्थित रहना भी उनके भय को उजागर करता है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर, महामंत्री अजय शर्मा, प्रवक्ता मदन कौशल, प्रवीण चंदेल और मीडिया प्रभारी संजय ठाकुर ने संयुक्त बयान में कहा कि कांग्रेस मंडल अध्यक्ष को चुनाव प्रक्रिया की मूल बातें तक नहीं मालूम, क्योंकि उन्होंने कभी पंचायत चुनाव तक नहीं लड़ा। नेताओं ने स्पष्ट किया कि नॉमिनेशन फॉर्म में संपत्ति और बैंक बैलेंस तक का विवरण देना पड़ता है, इसमें पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भोरंज में पिछले तीन वर्षों में कांग्रेस विधायक ने कोई शिलान्यास या उद्घाटन नहीं किया, जबकि 35 वर्षों में जो भी विकास हुआ है, वह भाजपा सरकार और नेताओं के प्रयासों से हुआ। भाजपा ने कांग्रेस पर यह भी तंज कसा कि जाहू को औद्योगिक क्षेत्र बनाने का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ और महिलाएं अब भी 1500 रुपये योजना के इंतजार में हैं।

## विधायक के खिलाफ सोच समझकर बयानबाजी करें विवेक : संजीव कुमार

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

मंडल अध्यक्ष बड़सर संजीव कुमार ने कांग्रेस नेता विवेक कटोच पर पलट बार करते हुए कहा कि विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के खिलाफ सोच समझ कर बयानबाजी करें अगर फिर भी उन्हें कोई शक है तो अपने चश्मे का नंबर बड़ा कर लें।

मंडल अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता के उस बयां की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा की आपदा की घड़ी मे विधायक लखनपाल पर आरोप लगाए हैं कि घर में बैठकर बयान बाजी कर रहे हैं। यह कांग्रेस नेता की संकीर्ण सोच है। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा सत्र खत्म हुआ था तो विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में जाकर लोगों का दुख दर्द सांझा करने के लिए समताणा से वापस आ रहे थे।



इस दौरान एक गाड़ी सड़क में लैंड स्लाइड के चलते कीचड़ में फस गई थी विधायक स्वयं उतर कर गाड़ी को वहां से निकाला उन्होंने ना अपने कपड़े देखे ना अपने वूट देखें सिर्फ मानवता का परिचय दिया और गाड़ी को निकाल कर वहां से अपने निवास के लिए रवाना हुए। अगले दिन समाचार पत्रों में या समाचार प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था या तो कांग्रेस नेता अनपढ़ हैं या फिर उन्हें चश्मा का नंबर बड़ा कर लेना चाहिए विधायक के खिलाफ झूठी और गलत बयान बाजी भाजपा सहन नहीं करेगी। कांग्रेस नेता विवेक कटोच द्वारा लखनपाल पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से भ्रामक, निराधार एवं राजनीतिक द्वेष से प्रेरित हैं। वास्तविकता यह है कि वर्ष 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदाओं के दौरान विधायक लखनपाल ने अपने क्षेत्र के हर पीड़ित परिवार तक पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों में अग्रिम पंक्ति में कार्य किया। वे लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते रहे, पीड़ितों का मनोबल बढ़ाते रहे तथा स्वयं राहत सामग्री वितरण में जुटे रहे। कांग्रेस नेता द्वारा यह कहना कि भाजपा विधायक अपने घरों में दुबके रहे, जनता को गुमराह करने का एक असफल प्रयास मात्र है।

## सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार व पात्र लोगों को करें लाभान्वित : एसडीएम



बैठक में एसडीएम शशिपाल शर्मा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

एसडीएम शशिपाल शर्मा ने विभिन्न विभागों के उपमंडल स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों की कल्याणकारी योजनाओं का फील्ड में व्यापक प्रचार-प्रसार करें और पात्र लोगों को लाभांवित करें। बुधवार को यहां मिनी सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने ये निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज और अन्य विभागों के माध्यम से कई ऐसी कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जोकि सीधे तौर पर आम लोगों के कल्याण एवं उत्थान से जुड़ी हुई हैं। लेकिन, अकसर जागरुकता के अभाव में कई पात्र एवं जरुरतमंद लोग इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसलिए, सभी विभागों के अधिकारी फील्ड में सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। इसमें प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व सोशल मीडिया के अलावा पंचायत जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा होर्डिंग्स इत्यादि के माध्यम से भी लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत करवाया जा सकता है। इस अवसर पर बीडीओ कुलवंत सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी बलदेव चंदेल, उद्यान विभाग से उद्यान विकास अधिकारी ज्योति शर्मा, सीडीपीओ कार्यालय के सांख्यिकी सहायक सुनील व अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

**अनदेखी** पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया था शिलान्यास, एक वर्ष में बनना था भवन

# कब बनेगा बिझड़ी पशु चिकित्सालय भवन?

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** पशुधन भी प्रदेश की इकोनामी का हिस्सा है इसी उद्देश्य से हिमाचल की पूर्व में रही भाजपा सरकार ने विकास खंड कार्यालय के मुख्य द्वार बिझड़ी में पशु चिकित्सालय खोलने का निर्णय लिया था। इस भवन का एक सितंबर 2022 को पूर्व में रहे पंचायती राज मंत्री वीरेंद्र कंवर ने इसका शिलान्यास किया था।

इस भवन को एक वर्ष के भीतर बनाकर सरकार को हैंडओवर करना था, परंतु अब तो 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। भवन तो बनकर तैयार है, परंतु अभी इसमें पेंट व दरवाजे खिड़कियां का काम अधूरा पड़ा है। कारण चाहे कुछ भी हो, लेकिन इशारा तो प्रदेश सरकार की और ही होता है कि इस तरह की लेट लतीफी कब तक चलेगी? विपक्ष के लोग कई बार बड़सर विधानसभा में विकास के कार्य में लेट लतीफ के आरोप भी सरकार




### लोगों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

**लोगों** का कहना है कि अगर अब भी इस पशु चिकित्सालय भवन निर्माण में ज्यादा देरी होती है तो फिर मजबूरन लोगों को सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा, जिसके लिए प्रदेश सरकार खुद जिम्मेदार होगी।

### देरी करने पर होगी कार्रवाई

**लोक** निर्माण विभाग के एक्सईएन रविशकर ने कहा कि इस पशु चिकित्सालय भवन व आवास का कार्य रॉयल होम डेकोरेट को आवंटित किया गया था, लेकिन कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। विभाग ने संबंधित ठेकेदार को शीघ्र भवन निर्माण पूरा करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। अब अगर ठेकेदार कार्य में देरी करता है ऐसे में विभाग सख्त करवाई करेगा।

पर लगाते रहते हैं। बता दें कि पिछले लगभग तीन वर्षों से पशु चिकित्सालय आपका भवन एक किराए के मकान में चल रहा है। जिससे सरकार के खजाने से लाखों रुपए किराए के रूप में अदा करना पड़ रहे हैं। ब्लॉक मुख्यालय पर होने के चलते इस चिकित्सालय के अंदर 12 पशु औषधालय भी आते हैं, जिसमें सोहारी बल्ह बिहाल बड़ा ग्राम, डायरी, बिझड़ी, महारथ, धोडी धबीरी, सठवीं, लोडहर व कछवीं शामिल हैं।

इस भवन के बन जाने से लोगों को खंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर पशुओं के स्वास्थ्य की बेहतर तरीके से जांच करवाई जा सकती है, परंतु इस आधे अधूरे पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य पूरा न होने पर स्थानीय लोगों का गुस्सा भी सातवें आसमान पर है। इस भवन में डॉक्टर के लिए आवास सुविधा भी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### फार्मेसी कॉलेज में दवा सुरक्षा पर वेबिनार

दक्षमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू। राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय, रोहड़ू में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के विशेषज्ञों की सहभागिता से 'दवा सुरक्षा और रोगी सतर्कता' विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और संकाय को फार्माकोविजिलेंस और मटेरियोविजिलेंस जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक करना था। मुख्य वक्ता प्रो. विकास मेधी और डॉ. अजय प्रकाश ने फार्मासिस्टों की जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। वेबिनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन सुश्री आस्था और आयोजन सचिव डॉ. पंकज शर्मा रहे। 80 से ज्यादा छात्रों व 8 संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी ने इसे सफल बनाया। यह वेबिनार विद्यार्थियों में रोगी सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता और समझ विकसित करने में मील का पत्थर साबित हुआ।

### एनएसएस इकाई में नई कार्यकारिणी गठित

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा की एनएसएस इकाई की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ललिता रावत व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुल्ला ने की। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से आर्यन कुपवान, अभिमन्यु चौहान और दीपिका डेरूवान को इकाई अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर सृष्टि, आरुषि और स्नेहा नियुक्त हुईं, जबकि सुमन, प्रिया व अनुराग महासचिव बने। अर्पणा, दीपिका और वर्षा को संयुक्त सचिव पद सौंपा गया। प्राचार्य ने नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में लगभग 100 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### संजीवनी सहारा समिति ने की घायल की मदद

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू ने एक बार फिर समाज सेवा की मिसाल पेश की है। टोडसा पंचायत के एक व्यक्ति, जो हाल ही में भारी बारिश के दौरान लगभग 8 फुट ऊंचाई से फिसलकर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज शिमला में चल रहा है, उसकी सहायता के लिए समिति ने 10 हजार रुपए से आर्थिक मदद की है। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि समिति में करीब 300 सदस्य जुड़े हुए हैं। सभी सदस्यों के आर्थिक योगदान से ही जरूरतमंदों की सहायता कार्य लगातार संचालित किए जा रहे हैं और भविष्य में भी इसी सेवा भावना को निरंतर जारी रखा जाएगा।

### एड्स के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज रोहड़ू में बुधवार को एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रैली कॉलेज से पुराने बस अड्डे तक निकाली गई, जिसे प्राचार्य डॉ. धीरज कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह आयोजन नोडल अधिकारी महेश चौहान की देख-रेख में हुआ। रैली का उद्देश्य युवाओं में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके रोकथाम के उपायों की जानकारी देना था। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर और बैनरों के साथ नारे लगाते हुए आमजन को एड्स के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य ने कहा कि एड्स जैसे गंभीर मुद्दों पर समाज को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। नोडल अधिकारी चौहान ने सुरक्षित यौन संबंधों की जानकारी और सही शिक्षा को रोकथाम का अहम हिस्सा बताया। मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह प्रेमी ने बताया कि संस्थान समय-समय पर ऐसे आयोजन कर युवाओं और समाज में जागरूकता फैलाता है।

### प्रतिभा ने शमारणी भूस्खलन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने निरमंड के शमारणी में हुए भूस्खलन में पांच लोगों की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन से जानमाल की क्षति बेहद दुखद है। प्रतिभा सिंह ने लोगों से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और संभावित भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहें। साथ ही उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि आपदा प्रभावित लोगों को हर संभव मदद और राहत उपलब्ध करवाई जाए।

### महेश्वर चौहान बने हिमफेड के नए अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल सरकार ने महेश्वर चौहान पांडु को हिमाचल प्रदेश राज्य सहयोगी उपभोक्ता संघ (हिमफेड) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### वाधवानी स्किलिंग कोर्स का किन्नौर-रोहड़ू में शुभारंभ

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान किन्नौर के प्राचार्य पंकज पथिक द्वारा प्राचार्य राजकीय बहुतकनीकी कालेज रोहड़ू डॉ. धीरज कौशिक के साथ मिलकर अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए वाधवानी स्किलिंग जॉब रेडी एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स कोर्स का औपचारिक उद्घाटन किया गया। यह कोर्स वाधवानी फाउंडेशन द्वारा निशुल्क प्रदान किया जा रहा है, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसकी स्थापना और वित्तपोषण इसके संस्थापक रोमेश वाधवानी ने किया है। कोर्स का मुख्य उद्देश्य छात्रों की नौकरी की संभावना को बढ़ाना और उन्हें आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करना है। नौकरियां बनाना और जीवन बदलना के दृष्टिकोण और मिशन के साथ, वाधवानी फाउंडेशन स्किलिंग, उद्यमिता, नवाचार और अनुसंधान प्रदान करता है। यह कोर्स एआई द्वारा संचालित है जो छात्रों को रोजगार योग्यता कौशल और व्यक्तिगत गुण जैसे व्यवहार, दृष्टिकोण, संचार, समस्या-समाधान, टीम वर्क व अनुकूलनशीलता विकसित करने में मदद करेगा, जो उन्हें सभी उद्योगों में नौकरी पाने और सफल होने में सक्षम बनाएगा। कार्यक्रम 10 सितंबर से शुरू होने वाला है और संभावित रूप से 15 सितंबर को समाप्त होगा। पंजीकरण और नामांकन प्रक्रिया पहले से ही चल रही है, जो कोर्स के अंत में छात्रों के प्रमाणीकरण के साथ समाप्त होगी।

# कोटखाई में 95 प्रतिशत सड़कें बहाल : रोहित

## बोले-आपदा प्रभावितों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं अधिकारी, क्षति का लिया जायजा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर कोटखाई में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करते हुए।

शिमला। लगातार मूसलाधार वर्षा और आपदा के प्रकोप से जूझ रहे कोटखाई उपमंडल में अब जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आपदा पीड़ितों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार तक शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

शिक्षा मंत्री ने गुम्मा, खलटू नाला, बगैन, देवरी-खनेटी और चाशला-देवरीघाट क्षेत्रों में आपदा से हुई क्षति का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कोटखाई उपमंडल की लगभग 95 प्रतिशत सड़कें बहाल कर दी गई हैं और शेष मार्ग भी शीघ्र चालू कर दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधीन लगभग 300 सड़कों को करीब 170 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा है, जिसमें अकेले ठियोग-हाटकोटी सड़क को 40 करोड़ रुपए की क्षति हुई है।

रोहित ठाकुर ने स्पष्ट किया कि इस समय प्राथमिकता बागवानों की उपज को बिना बाधा के मंडियों तक पहुंचाने की है। उन्होंने कहा कि सेब सीजन समाप्त होने के बाद सड़कों की पक्की मरम्मत, डंगे निर्माण और अन्य क्षतियों की भरपाई का कार्य शुरू किया जाएगा।

अब तक लगभग डेढ़ करोड़ सेब पेटियां मंडियों तक पहुंचाई जा चुकी हैं, जो कुल उत्पादन का लगभग 60 प्रतिशत है। शेष 40 प्रतिशत सेब भी समय पर मंडियों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि कोटखाई उपमंडल के सभी 37 एप्पल कलेक्शन सेंटर पूरी तरह सक्रिय कर दिए गए हैं। इनके माध्यम से लगभग 11 हजार मीट्रिक टन सेब की खरीद की गई है, जिनमें से 7 हजार मीट्रिक टन सेब अब तक बाजार तक भेजा जा चुका है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक सहायता देकर प्रभावितों को सामान्य जीवन की ओर लौटाना है। राहत वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह विभागों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने जानकारी दी कि कोटखाई उपमंडल में अब तक 8 मकान पूरी तरह और 40 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रदेश सरकार ने आपदा राहत मैनुअल में ऐतिहासिक संशोधन कर राहत राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

### आपदा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सराहा

शिक्षा मंत्री ने कहा कि उपमंडल में जल और विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बहाल कर दी गई है। उन्होंने आपदा के समय उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना की और उनसे आग्रह किया कि भविष्य में भी इसी तरह समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि जनजीवन शीघ्र सामान्य हो सके। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, उपमंडलाधिकारी कोटखाई, विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 98 प्रतिशत जलापूर्ति योजनाएं बहाल: डिप्टी सीएम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हाल ही में प्रदेश में हुई भारी बारिश के बावजूद जल शक्ति विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभावित जलापूर्ति योजनाओं को अस्थायी रूप से बहाल कर दिया है। उन्होंने बताया कि कुल 12281 प्रभावित जलापूर्ति योजनाओं में से 12007 योजनाएं क्रियाशील कर दी गई हैं, जो लगभग 98 प्रतिशत है। इससे लोगों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्परता और समर्पण भाव से कार्य किया है, जो सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग के कर्मचारी दिन-रात फील्ड में रहकर प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को राहत पहुंचाने और मूलभूत सुविधाओं की बहाली में लगे हुए हैं।

- विषम परिस्थितियों में भी विभाग का सराहनीय प्रयास
- योजनाओं को 1291.37 करोड़ रुपए का नुकसान



उपमुख्यमंत्री ने बताया कि भारी बारिश से जलापूर्ति योजनाओं को लगभग 925.85 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा 2624 सिंचाई योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिनकी अनुमानित लागत 244.19 करोड़ रुपए है। राज्य में स्थापित 115 बाढ़ सुरक्षा कार्यों को 55.81 करोड़ रुपए, 183 सीवरेज योजनाओं को 64.33 करोड़ रुपए तथा 391 हैंडपंपों को 1.20 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। प्रदेश में कुल 15594 योजनाएं प्रभावित हुई हैं और इन योजनाओं को 1291.37 करोड़ रुपए की क्षति का अनुमान लगाया गया है।

अग्निहोत्री ने कहा कि जलापूर्ति और सीवरेज योजनाओं की बहाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बहाली के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# हाईकोर्ट ने सरकारी और वन भूमि पर कब्जे हटाने में लापरवाही पर अपनाया कड़ा रुख

पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान

शिमला। प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकारी और वन भूमि को कब्जामुक्त करने के आदेशों की अनुपालना न होने पर सख्त नाराजगी जताई है।

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इसे स्वतंत्र जनहित याचिका के रूप में दर्ज करने के आदेश दिए। कोर्ट ने सरकार से तीन सप्ताह के भीतर 8 जनवरी को दिए गए आदेशों की अनुपालना रिपोर्ट शपथपत्र सहित पेश करने को कहा है।

कोर्ट ने इस मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन), राजस्व सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एचओएफएफ), अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक (वन प्रबंधन), डीसी कांगड़ा, सुकेत वन प्रभाग सुंदरनगर के वन संरक्षक, प्रभागीय वन अधिकारी सुंदरनगर, एसडीएम धीरा और बिजली बोर्ड के कार्यकारी निदेशक को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि आदेशों की अनुपालना नहीं हुई तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### नागरिकों को मिली शिकायत करने की छूट

हाईकोर्ट ने 8 जनवरी को आदेश पारित करते हुए साफ कहा था कि सरकारी या वन भूमि पर नया कब्जा नहीं होना चाहिए और पुराने कब्जों को तुरंत हटाया जाए। साथ ही किसी भी नागरिक को यह छूट दी गई है कि यदि आदेशों की अवहेलना हो रही है तो वह साधारण कागज पर हाईकोर्ट को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दे सकता है।

# 11वीं कक्षा में अब 15 तक मिलेगा प्रवेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश शिक्षा निदेशालय ने 11वीं कक्षा में दाखिले की अंतिम तारीख को 15 सितंबर तक बढ़ा दिया है। यह फैसला उन हजारों छात्रों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था और जिन्हें अभी तक हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से अपने परिणाम का इंतजार है। आधिकारिक पत्र के अनुसार, जिन छात्रों को पुनर्मूल्यांकन का परिणाम नहीं मिला है, उन्हें स्कूलों में अनंतिम प्रवेश दिया जाएगा। इन छात्रों को अपनी मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद ही स्थायी दाखिला मिल पाएगा। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि दाखिले के लिए माता-पिता को सभी आवश्यक शर्तों और जिम्मेदारियों को पूरा करना होगा। यह कदम छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि वे समय पर दाखिले को लेकर चिंतित थे।

## मुख्यमंत्री राहत कोष को मिला बड़ा सहयोग

# असम सरकार ने राहत कोष में दिए 5 करोड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला


मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रुपए का अंशदान करते हुए असम सरकार के प्रतिनिधि।

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून से हुई भारी तबाही के बीच आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए देशभर से सहयोग लगातार मिल रहा है। इसी कड़ी में असम सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रुपए का अंशदान किया है। नई दिल्ली में असम सरकार की ओर से विद्युत, कौशल, रोजगार और उद्यमिता मंत्री प्रशांत फुकन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को राहत कोष के लिए 5 करोड़ रुपए का चेक भेंट किया।

इसके अतिरिक्त, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के सीनियर मैनेजर (लीगल एंड कॉरपोरेट अफेयर्स) राहुल बग्गा ने मुख्यमंत्री को 50 लाख रुपए का चेक सौंपा। वहीं, हिमाचल प्रदेश राज्य परिवहन के निदेशक बलदेव ठाकुर ने भी एक लाख रुपए का अंशदान राहत कोष में किया। सीएम सुक्खू ने इन सभी योगदानकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में विभिन्न राज्यों की सरकारें, संस्थान और दानी सज्जन उदारतापूर्वक मदद के लिए आगे आ रहे हैं। यह सहयोग आपदा प्रभावित परिवारों को राहत देने और उनके पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी सरकार : नंद लाल

अनंत ज्ञान, शिमला


आपदा प्रभावितों की समस्याएं सुनते विधायक नंद लाल।

हिमाचल प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक नंद लाल ने कूहल पंचायत के लालसा और 12/20 क्षेत्र के आपदा प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर क्षति का जायजा लिया और समस्याएं सुनीं। मौके पर ही चार परिवारों को 5,000 रुपए की फौरी राहत राशि और 20 परिवारों को तिरपाल वितरित किए गए।

नंद लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार इस आपदा की घड़ी में हर प्रभावित के साथ मजबूती से खड़ी है और हरसंभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नुकसान का शीघ्र आकलन कर मुआवजा वितरित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से यातायात बहाली पर जोर देते हुए कहा कि सड़कों के खुलने से ग्रामीणों और बागवानों को राहत मिलेगी और सेब की फसल समय पर मंडियों तक पहुंचेगी। उन्होंने पेयजल, बिजली और संपर्क मार्गों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से असुरक्षित मकानों को खाली करने की अपील की और आश्वासन दिया कि बेघर परिवारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। कूहल पंचायत घर में जनसमस्या सुनवाई के दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों ने समस्याएं उठाईं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए।

# बच्चों की नींव मजबूत किए बिना सीबीएसई लागू करना जोखिम भरा : अध्यापक संघ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 200 स्कूलों में आनन-फानन में सीबीएसई बोर्ड लागू करने की योजना को न तो शिक्षार्थी हित में और न ही बोर्ड के हित में बताया है।

### कहा-छात्रों और शिक्षकों पर बढ़ेगा बोझ

वीरेंद्र चौहान ने कहा कि सरकार और शिक्षा विभाग को पहले यह समझने की आवश्यकता है कि हमारे बच्चे किस सामाजिक और शैक्षिक परिवेश से आते हैं। जब तक बच्चों की सीखने की क्षमता उस स्तर तक विकसित नहीं होती, जिस कक्षा में वे पढ़ रहे हैं, तब तक सीबीएसई पैटर्न लागू करना खतरनाक साबित होगा। इससे सरकारी स्कूलों से छात्रों की संख्या और घट सकती है। दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को भी भारी नुकसान झेलना पड़ेगा और उसकी अपनी पहचान संकट में पड़ जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे प्रयोगों से शिक्षकों को यह समझना मुश्किल होगा कि उन्हें किस बोर्ड के साथ तालमेल बिठाना है और इस कारण उन पर अतिरिक्त कार्यभार भी बढ़ेगा। अध्यापक संघ ने यह साफ किया है कि वह सीबीएसई के विरोध में नहीं है, लेकिन इसके लिए पहले मूलभूत ढांचा तैयार करना आवश्यक है। संघ का मानना है कि इस दिशा में प्रयास आने वाले वर्षों में किए जा सकते हैं, लेकिन जल्दबाजी में उठाए गए कदम से लाभ कम और नुकसान अधिक होगा।

वीरेंद्र चौहान ने कहा कि बेहतर यही होगा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को मजबूत किया जाए, उसकी कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाया जाए और उसमें समयानुकूल बदलाव लाए जाएं। इस संदर्भ में अध्यापक संघ शीघ्र ही शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपने सुझाव प्रस्तुत करेगा।

# भाजपा ने बागवानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन


भाजपा मंडल रामपुर तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। उपमंडल रामपुर के बारहबीस क्षेत्र के देवठी, कुहल व नरेन क्षेत्र और तहसील ननखड़ी क्षेत्र के बागबानों की एचपीएमसी के खरीद केंद्रों में सी-ग्रेड (बोरिया वाले) सेब की खरीद न होने पर भाजपा मंडल रामपुर ने सरकार के प्रति गहरी नाराजगी जताई है।

पूर्व भाजपा प्रत्याशी कौल नेगी का कहना है कि इस बार प्राकृतिक आपदा और ओलावृष्टि से उनकी फसल पहले ही काफी प्रभावित हुई है और अब सरकार तथा एचपीएमसी के इस निर्णय से बागवान भारी आर्थिक संकट में हैं। इस दौरान बुधवार को भाजपा मंडल रामपुर ने तहसीलदार रामपुर उमेश शर्मा के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा है।

### सी-ग्रेड सेब की खरीद शुरू करने की रखी मांग

उन्होंने मांग की है कि सी-ग्रेड सेब की तुरंत खरीद शुरू की जाए ताकि बागवानों की सालभर की मेहनत व्यर्थ न जाए। उनका कहना है कि मंडियों में उचित दाम नहीं मिल रहे और सड़के बंद होने के कारण सेब सड़ने की कगार पर हैं। ऐसे समय में सरकार को राहत प्रदानकरनी चाहिए।

## सराहनीय | हिमाचल प्रदेश में दत्तक ग्रहण को लेकर रंग ला रहे सरकार के प्रयास

# अनाथ बच्चों को मिल रहे स्थायी आशियाने

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



शिमला। हिमाचल प्रदेश में दत्तक ग्रहण को लेकर सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। शिशु गृह टूटीकंडी शिमला में सोमवार को दो बच्चों को उनके भावी माता-पिता को सौंपा गया, इनमें से एक बच्चे को उत्तराखंड के दंपति ने गोद लिया, जबकि दूसरा बच्चा उत्तर प्रदेश के दंपति को दत्तक दिया गया। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की देख-रेख में यह प्रक्रिया पूरी की गई। अब तक प्रदेश में 21 बच्चों को उनके नए माता-पिता मिल चुके हैं।

जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर 2022 से लेकर एक सितंबर 2025 तक कुल 21 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को दत्तक माता-पिता को सौंपा जा चुका है। उपायुक्त ने समाज के सक्षम वर्ग से अपील की है कि वे आगे आकर शिशु गृह और आश्रमों में पल रहे बच्चों को गोद लें, ताकि इन बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी शिमला ममता पॉल ने बताया कि बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह नियम और मेरिट पर आधारित होती है। जो माता-पिता अधिनियम के अनुसार सभी शर्तें पूरी करते हैं, उन्हें ही दत्तक ग्रहण का अवसर दिया जाता है।

भारत में बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की देख-रेख में पूरी होती है। भारतीय नागरिक, एनआरआई और विदेशी नागरिक सभी इसके लिए पात्र हैं, लेकिन कुछ शर्तों का पालन करना अनिवार्य है। शादीशुदा जोड़े की शादी को कम से कम दो साल हो चुके हों, दंपती गंभीर बीमारी से पीड़ित न हों और बच्चे व माता-पिता की उम्र में कम से कम 25 साल का अंतर होना चाहिए। आर्थिक स्थिति सही होना भी जरूरी है।

गोद लेने की प्रक्रिया के लिए कई दस्तावेज अनिवार्य हैं, जिनमें पैन कार्ड, जन्म तिथि का प्रमाण, आधार या वोटर आईडी, आयकर रिटर्न की प्रति, मेडिकल प्रमाणपत्र और शादीशुदा होने पर विवाह प्रमाणपत्र शामिल हैं। तलाकशुदा या विधुर होने पर उसके प्रमाणपत्र भी आवश्यक होते हैं। साथ ही, इच्छुक व्यक्ति से जुड़े दो लोगों के बयान और यदि परिवार में पहले से कोई बच्चा है तो उसकी सहमति भी जरूरी है।

### दत्तक ग्रहण?

दत्तक ग्रहण एक कानूनी और सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से कोई दंपती या व्यक्ति किसी अनाथ, परित्यक्त या अभिभावकविहीन बच्चे को कानूनी रूप से अपनाता है। इससे बच्चे को नया परिवार, सुरक्षा, शिक्षा और भविष्य मिलता है। भारत में यह प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार पूरी होती है।

### कानूनी प्रक्रिया और चरणबद्ध प्रणाली

भारत में बच्चा गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया हिंदू दत्तक और भरण पोषण अधिनियम 1956 और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत होती है। हिमाचल प्रदेश में इसके लिए स्पेशलाइज्ड एडॉप्शन एजेंसी कार्यरत है। आवेदनकर्ता को पंजीकरण से लेकर अंतिम फॉलोअप तक कई चरणों से गुजरना पड़ता है। सबसे पहले सीएआरए पोर्टल पर पंजीकरण किया जाता है। इसके बाद होम स्टडी रिपोर्ट तैयार होती है। फिर बच्चे का मेडिकल और सामाजिक विवरण अभ्यर्थी दंपती को उपलब्ध कराया जाता है, जिसे 48 घंटे के भीतर स्वीकार करना होता है।

# ग्राम पंचायत घुंडा-भड़ेच में दो घर असुरक्षित घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। ग्राम पंचायत घुंडा-भड़ेच में भारी बारिश के चलते दो मकानों को प्रशासन ने असुरक्षित घोषित कर दिया है। यह जानकारी पंचायत प्रधान राजनेता कंवर ने दी। दासी देवी ग्राम घुंडा और दुला राम शर्मा ग्राम भड़ेच के घरों को असुरक्षित मानते हुए प्रशासन ने तत्काल राहत प्रदान की है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के निर्देशानुसार दासी देवी और उनके परिवार को रहने की व्यवस्था राजकीय माध्यमिक विद्यालय घुंडा में की गई है। वहीं, दुला राम शर्मा और उनके परिवार के लिए गांव में ही अस्थायी आवास सुनिश्चित किया गया है। प्रशासन ने दोनों प्रभावित परिवारों को 20-20 हजार रुपए की फौरी राहत राशि दी है। साथ ही अन्य प्रभावित ग्रामीणों राजीव कुमार, कृष्णा देवी, अयूब खान, कलसुम बोल्ट, रफीक दीन, सरीना बोल्ट, फेमुद्दीन, मुजीब, मनी राम और जीत राम को तिरपाल प्रदान किए गए हैं, ताकि वे अस्थायी तौर पर सुरक्षित रह सकें।

# आयोग खाद्य सुरक्षा पर करेगा सख्त निगरानी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला


समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल।

हिमाचल राज्य खाद्य आयोग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 और प्रदेश खाद्य सुरक्षा नियम, 2019 के तहत लाभार्थियों के अधिकारों की गहन समीक्षा की है। आयोग ने यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर उनके कानूनी और वैधानिक अधिकार मिलें और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने में कोई कठिनाई न हो। यह कदम राज्य में खाद्य सुरक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई प्रमुख योजनाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। इनमें लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रधान मंत्री पोषण योजना एकीकृत बाल विकास योजना और प्रधानमंत्री योजना शामिल है। आयोग ने इन योजनाओं के तहत खाद्य सामग्री की उपलब्धता, वितरण और लाभार्थियों के पोषण स्तर पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध, बाढ़ या सांप्रदायिक तनाव जैसी आपातकालीन स्थितियों में लाभार्थियों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई जाएगी। आयोग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन परिस्थितियों में किसी भी व्यक्ति को भोजन या आवश्यक सामग्री की कमी का सामना न करना पड़े। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने पर भी जोर दिया गया है।

इसके साथ ही आयोग ने शिकायत निवारण को पूरी तरह पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। इस उद्देश्य से उचित मूल्य की दुकानों, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर सूचना बोर्ड और होर्डिंग लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि जनता आसानी से आयोग से संपर्क कर सके और शिकायत दर्ज करा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### नवोदय में पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा में वेबसाइट पर जाकर प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### धर्मशाला में रैली से दिया जीवन जीने का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला में उत्थान संस्था द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ जागरूकता रैली से हुई, जो स्कूल से एजुकेशन बोर्ड होते हुए शहीद स्मारक तक निकाली गई। रैली में आत्महत्या रोकथाम संबंधी नारे लगाए गए। संस्था के निदेशक स्वास्तिक मस्ताना ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव और आत्महत्या रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को परामर्श लेने और खुलकर बातचीत करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के उप प्रधानाचार्य विवेक जम्वाल ने वर्तमान में युवाओं की मानसिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला और उत्थान संस्था का आभार जताया। इस अवसर पर संस्था की ओर से अमित कुमार और शिवालिका भी उपस्थित रहे।

### बढ़ाई जाए जमा एक में प्रवेश की तिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि दसवीं कक्षा के पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण घोषित विद्यार्थियों को जमा एक कक्षा में प्रवेश का अवसर दिया जाए। साथ ही अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश स्टेट ओपन स्कूल से विशेष परीक्षा अवसर प्रदान किया जाए। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि 15 मई को घोषित दसवीं परिणाम में कई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे थे, लेकिन पुनर्मूल्यांकन के बाद अब वे उत्तीर्ण हो चुके हैं। इस संबंध में संघ ने 8 सितंबर को मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा निदेशक शिमला और शिक्षा बोर्ड सचिव धर्मशाला को ज्ञापन भेजे जा चुके हैं। संघ ने उम्मीद जताई कि विद्यार्थियों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय होगा और शीघ्र इनको राहत दी जा सकती है।

### डरोह में डॉ. डीके चौधरी ने संभाला कार्यभार



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में संस्थान के नए प्रधानाचार्य डॉ. डीके चौधरी, आईपीएस, डीआईजी ने कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. डीके चौधरी 2008 बैच के आईपीएस हैं तथा कांगड़ा जिले से संबंध रखते हैं। इससे पहले यह डीआईजी सीआईडी क्राइम, शिमला का कार्यभार देख रहे थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि बढ़ते हुए अपराधों के मद्देनजर नए कानून के तहत वह अन्वेषण कर्ताओं के लिए अच्छे से अच्छा प्रशिक्षण देने का प्रयास करेंगे।

### बियाडा से बटाहन मार्ग 11 से 30 तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल लोक निर्माण विभाग सेक्शन पंचरुखी के अंतर्गत लिंक रोड बियाडा से बटाहन का निर्माण कार्य करवाया जाना है। सहायक अभियंता पंचरुखी उपमंडल ने बताया यह निर्माण कार्य 11 सितंबर से 30 सितंबर तक किया जाएगा। अतः इस अवधि में सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन के लिए अवरुद्ध रखा जाएगा, ताकि सड़क का निर्माण कार्य सुचारु रूप से चल सके ।

### संजय चौहान ने मरूंह में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने बुधवार को मरूंह तथा उसके साथ लगते हुए पंचायतों में बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। मरूंह में क्षतिग्रस्त सड़क का भी मुआयना किया तथा एक सप्ताह के भीतर उसे दुरुस्त करवाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दे दिए। जनता द्वारा पेयजल आपूर्ति और विद्युत संबंधी जो भी समस्याएं थीं, उन्हें तुरन्त हल करने के लिए संबंधित विभागों को कहा। उन्होंने आग्रह किया कि आगामी पंचायतीराज चुनावों में जनता को केवल मजबूत, ईमानदार और सशक्त प्रत्याशी को ही आगे आने का मौका देना चाहिए, ताकि धरातल पर से उनकी पंचायत की तरक्की हो सके।

# धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु को प्रार्थना सभा, उमड़े हजारों

## देश-विदेश से बौद्ध अनुयायियों व तिब्बतियों ने लिया हिस्सा, तिब्बती युवा महोत्सव में भी भाग लेने पहुंचे युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



चुगलाखंग बौद्ध मठ मैक्लोडगंज में आयोजित प्रार्थना सभा में मौजूद धर्मगुरु दलाईलामा।

**बौद्ध** नगरी मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में बुधवार को धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें धर्मगुरु दलाईलामा स्वयं विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रार्थना सभा में देश-विदेश के बौद्ध अनुयायियों, बौद्ध भिक्षुओं व तिब्बती समुदाय के लोगों ने भाग लिया। धर्मगुरु की दीर्घायु प्रार्थना सभा का आयोजन तिब्बती युवा कमेटी की ओर से दो अन्य तिब्बती संगठनों के सहयोग से किया गया। इसमें अधिकतर तिब्बती युवा शामिल रहे। साथ ही पर्यटकों ने भी इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। धर्मशाला की दीर्घायु को विशेष प्रार्थना के साथ बुधवार से ही अपर टीसीवी में तिब्बती युवा महोत्सव भी शुरू हो गया। युवा महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए विश्व के 30 देशों के करीब 5 हजार युवाओं ने पंजीकरण करवाया है। वहीं, बुधवार को एक हजार से अधिक युवा धर्मगुरु की प्रार्थना सभा में पहुंचे थे।

### धर्मगुरु की दीर्घायु को प्रार्थना : जामयांग

**चौंतड़ा** से आए तिब्बती युवक जामयांग ने कहा कि धर्मगुरु की दीर्घायु के लिए तिब्बती युवा संगठन द्वारा विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। दो अन्य तिब्बती संगठनों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। आगामी तीन दिनों तक युवा महोत्सव टिपा में आयोजित किया जाएगा। तिब्बती संस्कृति के संरक्षण के लिए आयोजित किए जाने वाले युवा महोत्सव में पैनल डिस्कशन, वर्कशॉप, डांस, कन्सर्ट, धार्मिक शिक्षाओं का भी आयोजन होगा।

### धर्मगुरु को देखकर शांत हुआ मन : अवंतिका

**बेंगलुरु** से आई अवंतिका ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं आज यहां धर्मगुरु की दीर्घायु के लिए प्रार्थना में भाग लेने का मौका मिला। धर्मगुरु ने कहा कि वह 130 साल तक जीएंगे। सुबह मेरा आने का विचार नहीं था, लेकिन भगवान की ऐसी कृपा हुई कि मैं प्रार्थना में पहुंच गई। धर्मगुरु को देखकर मन शांत हो जाता है।

### धर्मगुरु दलाईलाम की विश्व को जरूरत : लामो

**कनाडा** से आई छेमी लामो ने कहा कि मैं तिब्बती युवाओं की ओर से धर्मगुरु की दीर्घायु के लिए आयोजित प्रार्थना व तिब्बती युवा महोत्सव में भाग लेने आई हूं। धर्मगुरु का आशीर्वाद सभी के साथ है, जिन्होंने पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया है। धर्मगुरु दलाईलामा की विश्व को जरूरत है। हम यही कामना करते हैं कि धर्मगुरु दीर्घायु हों।

# पंचरुखी की कई पंचायतें साढ़े 4 साल में नहीं खर्च पाई 15वें वित्त आयोग का बजट

## ब्लॉक की पंचायतों में 3.89 करोड़ से अधिक राशि पड़ी, मार्च के बाद हो जाएगी वापस

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

- ब्लॉक में सबसे ज्यादा लदोह पंचायत ने करवाए कार्य
- साढ़े चार साल में विकास कार्यों पर खर्चे 2 करोड़ 12 लाख 41 हजार रुपए

**पालमपुर।** उपमंडल पालमपुर के विकास खंड पंचरुखी की कई पंचायतें सरकार द्वारा गांव के विकास के लिए दी गई 15वें वित्त आयोग की धनराशि को विकास कार्यों में खर्च करने में नाकाम साबित हुई हैं।

पिछले साढ़े चार सालों में विकास खंड पंचरुखी की 28 पंचायतों को सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग की 8 करोड़ 99 लाख 52 हजार 1 सौ 56 करोड़ की धनराशि दी गई थी, लेकिन अब तक सिर्फ 5 करोड़ 13 लाख 80 हजार 5 सौ 8 रुपए ही पंचायतों ने खर्च किए हैं।

ब्लॉक में सबसे ज्यादा लदोह तथा सिंबल दो पंचायतों ने ही सौ प्रतिशत राशि विकास कार्यों में लगाई है। 17 पंचायतें रक्कड़ भेड़ी, टटेहल, कैलाशपुर, तरेहल, गादियाडा, सलयाना खास, अगोजर, राजोट, जंडपुर, बियाड़ा मकोल सगूर खास, नोरी झीकली, सालेहरा, भरवाना, बंडू व अपर राजोट ने केवल पच्चास से अस्सी प्रतिशत राशि ही खर्च की है। नौ पंचायतें टिककर खास, भुलाना, आंद्रेटा, चढ़ियार, सिंबल, भीरडी, भूआना, छैक व दुर्ग ऐसी पंचायतें हैं, जिन्होंने 15वें वित्त आयोग की पच्चास प्रतिशत धनराशि भी विकास कार्यों में नहीं लगाई है। अभी भी पंचरुखी ब्लॉक की पंचायतों में 3 करोड़ 89 लाख 67 हजार 399 रुपए पड़े हैं, जो मार्च के बाद वापस हो जाएंगे। अगर साढ़े चाल सालों में मनरेगा, 15वां वित्त आयोग, एसबीएम व अन्य सभी मदो को मिलाकर बात करें, तो 28 में से केवल दस पंचायतें ही ऐसी हैं, जिन्होंने अपनी अपनी पंचायतों में डेढ़ करोड़ से ऊपर विकास कार्य करवाए हैं। नंबर एक पर लदोह पंचायत आती है, जिन्होंने 2 करोड़ 12 लाख 41 हजार रुपए के विकास कार्य करवाए हैं। इसके बाद टटेहल पंचायत ने 1 करोड़ 98 लाख 65 हजार, तरेहल पंचायत ने 1 करोड़ 95 लाख 80 हजार, गादियाड़ा पंचायत ने 1 करोड़ 82 लाख 45 हजार, भरवाना पंचायत ने 1 करोड़ 70 लाख 18 हजार, सगूर पंचायत ने 1 करोड़ 69 लाख 23 हजार, आगेजर पंचायत ने 1 करोड़ 60 लाख 70 हजार, रक्कड़ भेड़ी पंचायत ने 1 करोड़ 63 लाख 76 हजार, कैलाशपुर पंचायत ने 1 करोड़ 58 लाख 74 हजार तथा दुर्ग पंचायत ने 1 करोड़ 50 लाख 45 हजार खर्च किए हैं।

12 पंचायतों ने एक से डेढ़ करोड़ के कार्य किए हैं, जिनमें बंडू, आंद्रेटा, सलियाना, बयाडा, भीरडी, चढ़ियार, छेक, जंडपुर, नोरी झिकली, राजोट, सलेहरा तथा अपर रजोट पंचायतें आती हैं, लेकिन छह पंचायतें भूआना, मकोल, टिककर खास, सिंबल खोला, भुलाना तथा सिंबल एक करोड़ का आंकड़ा नहीं छू पाई। कुल मिलाकर बात करें तो विकास खंड पंचरुखी की बहुत सारी पंचायतें साढ़े चार सालों में अपनी पंचायतों का विकास करवाने में गंभीर नजर नहीं आई।

> **प्रदेश** के विकास में पंचायतों का अहम रोल होता है। अगर हम पंचायतों में कर्मठ व जुझारू प्रतिनिधि चुनकर भेजते हैं, तो गांव में विकास की कोई कमी नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि पंचरुखी ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतें बधाई की पात्र हैं।
>
> -सिकंदर, बीडीओ, पंचरुखी।

# पंजाब का तस्कर 23 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ सकोह कैंची मोड़ के समीप चिट्टे के साथ गिरफ्तार आरोपी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पंजाब** से आकर धर्मशाला में सक्रिय चिट्टा तस्कर को पुलिस ने 23 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। चिट्टा तस्करी में संलिप्तता के चलते धर्मशाला पुलिस आरोपी पर लगातार नजर बनाए हुए थी।

आरोपी की पहचान 26 वर्षीय सोनू पुत्र निवासी गांव बस्ती राईयां वाली डाकघर व तहसील गुरूहर सहाई जिला फिरोजपुर पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध धंधे में सक्रिय था। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि मंगलवार रात को जब आरोपी बाहरी राज्य से चिट्टे की खेप लेकर आ रहा था, उस समय पुलिस थाना धर्मशाला की विशेष टीम ने सकोह कैंची मोड़ के समीप कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथों काबू किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 23 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 30 बोतल शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पुलिस जिला देहरा द्वारा चलाए जा रहे नशे के अभियान तहत पुलिस थाना ज्वालामुखी की टीम ने मोहिंदर सिंह निवासी गांव दरंग के कब्जे से 30 बोतल शराब, जिसमें 24 बोतल देसी तथा 6 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की हैं। पुलिस थाना ज्वालामुखी में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# विधायक कमलेश ने घेड़ मानगढ़ पंचायत में किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

## 450 पौधे किए वितरित, विधायक ने पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**





विधायक कमलेश ठाकुर ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

**देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने देहरा विधानसभा क्षेत्र की घेड़ मानगढ़ पंचायत में आयोजित सामूहिक पौधरोपण अभियान में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक कमलेश ने अभियान की शुरुआत करते हुए आम का पौधा रोपित किया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए, क्योंकि पौधे ही जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण का सबसे सशक्त साधन हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहा है और पौधरोपण ही इन्हें कम करने का प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत पौधरोपण एवं संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस अवसर पर राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत महिला मंडल खनवाड़ा, शिवनाथ पंचायत को वन विभाग के सौजन्य से विधायक कमलेश ठाकुर द्वारा 1 लाख 92 हजार का चेक भेंट किया गया।

### राहत कोष में दिए 21 हजार रुपए

**मुख्यमंत्री** आपदा राहत कोष में जमींताराम कौंडल निवासी सहोटी खुर्द पाईसा निवासी ने 21,000 की सहयोग राशि भेंट की। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय के बच्चों को भी पौधे वितरित किए। उन्होंने वन विभाग को अधिक से अधिक फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को नर्सरी में ही फलदार पौधे उपलब्ध हो सके । कार्यक्रम के दौरान कुल 450 पौधे निशुल्क वितरित किए गए। वहीं, विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया और शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

# 1500 करोड़ रुपए की राहत हिमाचल के जख्मों पर मरहम नहीं, बल्कि नमक : भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश की भयावह प्राकृतिक आपदा ने लाखों जिंदगियों को तहस-नहस कर दिया। घर बहे, सड़कें-पुल मिट्टी में मिले, खेती-बागवानी तबाह हुई और पर्यटन उद्योग दम तोड़ चुका है। प्रदेश सरकार महीनों से केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगा रही थी, लेकिन जवाब में मिला क्या महज 1500 करोड़ की राहत।

आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि यह राशि हिमाचल के जख्मों पर मरहम नहीं, बल्कि नमक है। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का यह रवैया चीख-चीखकर बताता है कि हिमाचल का दर्द उनके लिए एक खोखला नारा मात्र है। इतनी तुच्छ राशि देकर केंद्र ने हिमाचल के लोगों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या 1500 करोड़ से लाखों बेघरों का आशियाना, टूटी सड़कें, ध्वस्त खेती और मृत पर्यटन उद्योग फिर से जीवित हो पाएंगे। अकेले सराज विधानसभा क्षेत्र के नुकसान की भरपाई को ही 1500 करोड़ चाहिए होंगे। उन्होंने कहा कि यह राहत नहीं, हिमाचल की त्रासदी का राजनीतिक तमाचा है। कल्याण भंडारी ने कहा कि ऐसे में केंद्र ने साबित कर दिया कि पहाड़ उनके लिए सिर्फ वोट की खदान है और सूबे की तबाही उनके मंचों की सजावट है।

# बढ़ते तापमान से मौसम में आ रहे बदलाव : डॉ . सोमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- कहा- पिछले सौ वर्षों में पर्यावरण से हो रही भारी छेड़छाड़

**धरती** का बढ़ता तापमान और इसकी वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। यह सब मनुष्य द्वारा धरती पर किए जा रहे अंधाधुंध विकास के नाम पर छेड़छाड़ का ही मुख्य कारण है। स्वराज सत्याग्रही व पर्यावरण एवं लोकतंत्र प्रेमी डॉ. अशोक कुमार सोमल ने बुधवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कहा कि हिमायल क्षेत्र बहुत ही नाजुक क्षेत्र है और इस पर भी पिछले सौ सालों में बहुत बड़े स्तर पर पर्यावरण से छेड़छाड़ हुई है। प्रदेश भी बड़ी तेज गति से आधुनिक विकास में छलांगें लगा रहा है। इससे यहां पर भी काफी बड़े स्तर पर वनों के क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है।

सड़कें बनी हैं, दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए गए हैं। कृषि बागवानी के लिए भी अभूतपूर्व इजाफा हुआ है। इस सब का पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ा है और यहां पर बरसात में काफी तबाही पिछले लगभग 35 से 40 वर्षों में देखने को मिल रही है। 1988 में हिमाचल प्रदेश के ऊपर के क्षेत्रों में लगातार 72 घंटे से ज्यादा वर्षा हुई तो नदियां उफान पर थीं। प्रदेश में तो कुछ जगहों को छोड़ कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, पर जब भाखड़ा डैम और पौंग डैम झीलों में पानी की आमद ज्यादा हुई और जलस्तर जब खतरे के निशान से ऊपर गया, तो पानी छोड़ा गया तो इसका नुकसान पंजा, हरियाणा यहां तक दिल्ली में भी देखने को मिला। हिमाचल प्रदेश के लोगों को अब अपने क्रिया-कलापों में बड़े स्तर पर बदलाव लाने की जरूरत है। सरकार को भी अब अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाने होंगे, ताकि विकास के नाम पर पहाड़ों में ज्यादा छेड़छाड़ न हो।

लोगों को अपने घरों की इफाजत खुद करनी होगी। घर बनाते समय ध्यान रखना होगा कि कहीं नदियों नालों के किनारे या ऐसी जगह न बनाएं यहां किसी प्रकार का खतरा हो। साथ में तकनीकी रूप में भी छोटे और मजबूत घर बनाए जाएं। पानी की निकासी का विशेष ध्यान रखा जाए। समय समय पर अपने रिहायशी जगहों का पूरा मुआयना होते रहना चाहिए।

# आपदा में सहयोग सच्ची पूजा, मेरे जन्मदिन पर न लाएं उपहार : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

- आपदा सहायता के लिए प्रधानमंत्री का जताया आभार

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने प्रदेश में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल के इतिहास की सबसे भयंकर आपदा में से एक है और ऐसे कठिन समय में प्रधानमंत्री मोदी स्वयं दिल्ली से धर्मशाला आए, प्रदेशवासियों को स्नेह और सहानुभूति दी तथा 15 सौ करोड़ रुपए की तत्काल सहायता प्रदान की। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की अगली किस्त शीघ्र जारी करने का भी आश्वासन दिया। शांता ने इसके लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे आपदा राहत कोष में यथासंभव योगदान दें। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आज भी लाखों ऐसे सक्षम लोग हैं, जिन्होंने अभी तक राहत कोष में कोई सहयोग नहीं दिया है। यह समय भगवान की सच्ची पूजा का है और आपदा के समय मानव की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने आगामी 12 सितंबर को अपने जन्मदिवस के अवसर पर सभी मित्रों और शुभचिंतकों से किसी भी प्रकार का उपहार न लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार मैं अपना जन्मदिन पूरी सादगी से मना रहा हूं। कोई भी उपहार लेकर न आए मैं कोई उपहार स्वीकार नहीं करूंगा। आप सबका स्नेह और आशीर्वाद ही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है।

**बैठक** 30 सितंबर से 2 अक्तूबर तक होगा दशहरा उत्सव, सभी विभाग मिलकर करेंगे तैयारी : गोमा

# जयसिंहपुर दशहरा उत्सव के सभी प्रबंध समय पर करें पूरे

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**



राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव जयसिंहपुर की तैयारियों को लेकर बैठक करते मंत्री यादविंद्र गोमा।

**जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादविंद्र गोमा ने राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव जयसिंहपुर के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में विशेष रूप में शिरकत की। उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दशहरा उत्सव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। गोमा ने कहा कि दशहरा उत्सव जयसिंहपुर के लोगों का उत्सव है, जिसकी पहचान, महत्व तथा गरिमा को ओर अधिक बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दशहरा उत्सव को सभी की सहभागिता से इसे और बेहतर रूप में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने का कि सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचली लोक कलाकारों तथा स्थानीय कलाकारों को विशेष अधिमान दिया जाएगा। मंत्री ने आयोजन समिति को उत्सव के समय रहते आवश्यक उचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दशहरा समिति को निर्देश दिए कि उत्सव को बेहतर बनाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और उत्सव के आयोजन के लिए विभाग निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें।

एसडीएम एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने मंत्री यादविंद्र गोमा का बैठक में उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि मंत्री के निर्देशों तथा उपस्थित लोगों से प्राप्त सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दशहरा उत्सव 30 सितंबर से 2 अक्तूबर तक जयसिंहपुर के ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जसवंत डढवाल, तहसीलदार अभिषेक भास्कर, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग विजय शर्मा, जल शक्ति सरवन और विद्युत कुलदीप शर्मा, उपमंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### आध्यात्मिकता की राह दिखा रही है ब्रह्माकुमारी संस्था

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने बुधवार को जयसिंहपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जयसिंहपुर इकाई द्वारा 'आधुनिकता में आध्यात्मिकता' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विशेष ध्येय के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और मानवता को सही दिशा देने के लिए निस्वार्थ भाव से पुनीत कार्य कर रही है। ब्रह्माकुमारी संस्था आधुनिकता में आध्यात्मिकता की राह दिखा रही है। वहीं, कार्यक्रम की मुख्यवक्ता प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से आई राजयोगिनी गीता दीदी ने आधुनिकता में आध्यात्मिकता के विषय पर विस्तारपूर्वक विचार साझा की। उन्होंने प्रदेश सरकार और व्यक्तिगत स्तर पर भी इस प्रकार की संस्थाओं के सुचारु संचालन में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जयसिंहपुर केंद्र को 31 हजार देने की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा आधुनिकता के दौर में आध्यात्मिक ज्ञान और विवेक को आत्मसात कर 'स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन' की दिशा में सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान होना भी जरूरी है। इस अवसर पर एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर, ब्रह्माकुमारी संस्था के विभिन्न केंद्रों के प्रभारी वीके प्रेम दीदी, संतोष दीदी, सरोज दीदी, अनु दीदी आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी फाउंडेशन के नेतृत्व में ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा 20 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**प्रदेश** में ओबीसी समुदाय के अधिकारों और उनके संवैधानिक हक की रक्षा को लेकर चौधरी फाउंडेशन ने एक बड़ा कदम उठाया है। चौधरी फाउंडेशन आगामी ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा का नेतृत्व करेगा, जिसका आयोजन 20 सितंबर को किया जाएगा। यह ऐतिहासिक यात्रा कांगड़ा से प्रारंभ होकर धर्मशाला तक पहुंचेगी।

चौधरी फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष रोबिन कौंडल ने बताया कि इस यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और संगठन का हर सदस्य अपने-अपने स्तर पर इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। हमारा उद्देश्य केवल एक यात्रा करना नहीं है, बल्कि ओबीसी समाज के अधिकारों को सुनिश्चित करना और उनकी आवाज को बुलंद करना है। उन्होंने बताया कि चौधरी फाउंडेशन पिछले 4 चार साल से 93वें संवेधानिक संशोधन की मांग उठा रही है तथा इसके लिए वह ओबीसी कल्याण मंडल व क्षत्रिय, घृत, बाहती, चाहंग संगठनों के साथ मुख्यमंत्री से भी मिल चुके है। सरकार की तरफ से उचित कार्रवाई न होने की वजह से उन्होंने ओबीसी कल्याण समिति बनाई है, जिसके लिए सौरभ चौधरी को अध्यक्ष बनाया गया है, जो कि मुख्य रूप से सभी ओबीसी वर्ग के संगठनों को एकजुट कर रहे हैं, ताकि इस लड़ाई को और बड़े तौर पर सरकार के खिलाफ लड़ा जाए। चौधरी फाउंडेशन के उपाध्यक्ष पंकज चौधरी लोगों को घर घर जाकर पोस्टर मुहैया करवा रहे हैं, ओबीसी संघर्ष समिति के साथ चौधरी फाउंडेशन की ब्लॉक इकाइयां गांव-गांव जाकर मीटिंग कर रही हैं, ताकि लोग अपने हकों अधिकारों को लेकर जागरूक हों व अधिक से अधिक लोग इस रैली में भाग लें।

# बीड़ पंचायत प्रधान ने राहत कोष में दिया 3 माह का वेतन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बीड़ पंचायत के प्रधान ने अपना 3 महीने का मानदेय मुख्यमंत्री राहत कोष में देकर एक अनूठी पहल शुरू की है। प्रदेश में आई आपदा के चलते प्रधानमंत्री सहित कई राज्य के मुख्यमंत्री तथा सामाजिक संस्थाएं तो मदद कर ही रही हैं। बैजनाथ उपमंडल के तहत आने वाली बीड़ पंचायत के प्रधान सुरेश ठाकुर ने अपना 3 महीने का मानदेय मुख्यमंत्री राहत कोष में देकर एक नई पहल की है।



सुरेश ठाकुर ने बताया कि उनकी पंचायत के उपप्रधान तथा अन्य वार्ड सदस्यों भी एक एक महीने का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस जनता की बदौलत आज हम जीत कर आए हैं, अगर इस तरह से हम सब मिलकर उस जनता की थोड़ी-थोड़ी मदद करें तो यह प्रदेश पहले की तरह ही खुशहाल प्रदेश बन सकता है। बीड़ पंचायत के इस निर्णय को विधायक किशोरी लाल ने भी खूब सराहा है तथा पंचायत का धन्यवाद किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बिल जल्द जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के तहत आने वाले उन सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं ने अगस्त महीने का बिजली का बिल जमा नहीं करवाया है, वे सभी विद्युत उपमंडल ढलियारा या बिजली बोर्ड की साइट के माध्यम से जमा करवा दें। इसके बाद बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर उनके बिजली के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। नोटिस नहीं दिया जाएगा। यह चेतावनी ही अंतिम होगी। यह जानकारी ई. मनीष कुमार संधू सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल ढलियारा ने दी है।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम आज बैजनाथ में

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 11 सितंबर को बैजनाथ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नागरिक अस्पताल बैजनाथ का दौरा कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लेंगे।

### चड़ी स्कूल की छात्रा का आईजीएमसी में चयन

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चड़ी की छात्रा तमन्ना पुत्री कृपाल सिंह गांव चड़ी का चयन इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज (आईजीएमसी) शिमला में बैचलर ऑफ एनेस्थीसिया व ओटी कोर्स के लिए हुआ है। चड़ी स्कूल की प्रधानाचार्य अरुण बाला पटियाल ने बताया कि यह पूरे विद्यालय के लिए गर्व की बात है। समस्त विद्यालय स्टाफ सहित छात्रा तमन्ना को शुभकामनाएं दीं।

### सुनहेत मेले में 13 को होगा महादंगल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** लखदाता युवा दंगल कमेटी द्वारा आगामी 12 व 13 सितंबर को महादंगल का आयोजन मुख्य बाजार सुनहेत में किया जाएगा। दंगल में प्रदेश ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों के भी नामी-गिरामी पहलवान अपने दमखम दिखाएंगे। मेला कमेटी ने बताया कि इस बार दंगल के सभी मुकाबले रोचक रहने वाले हैं। कमेटी सदस्यों ने कहा कि मेले के खिलाफ अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि मेला स्थगित हो गया है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है 12 व 13 सितंबर को मेले का आयोजन होने जाएगा। इस बार लड़कियों की कुश्ती का आयोजन भी किया जा रहा है।

### राजा का तालाब- गोलवां में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर उपमंडल रैहन के तहत पड़ने वाले कुछ क्षेत्रों में 12 सितंबर को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल रैहन, इंजीनियर रणजीत सिंह ने बताया कि 33 केवी एचटी लाइन फतेहपुर से रैहन और 33/11 केवी उपकेंद्र रैहन के मरम्मत एवं आवश्यक रख-रखाव के कारण रैहन सब स्टेशन के अधीन आने वाले फीडर रैहन, राजा का तालाब, दीनी, छत्र, खेर, गोलवां और आसपास के सभी गांवों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। खराब मौसम या किसी तकनीकी कारण से यदि कार्य पूरा नहीं हो पाता है, तो इसे अगले दिन पूरा किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### पेंशनर्स ने की लंबित मांगें पूरी करने की अपील

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लॉक बैजनाथ इकाई की बैठक बुधवार को बैजनाथ में हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान सुरिंदर धीमान ने की। उन्होंने कहा कि सरकार 2016 से 2021 की अवधि के दौरान पेंशनर्स को मिलने वाले लाभ, डीए एरियर और लंबित डीए किस्तों का भुगतान करने में विफल रही है, जिससे बुजुर्ग पेंशनभोगी गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। संगठन ने हाल ही में जारी रिकवरी अधिसूचना को तुरंत वापस लेने की मांग की। पेंशनर्स का कहना है कि सीमित पेंशन पर जीवनयापन करने वालों से रिकवरी करना अन्यायपूर्ण है। साथ ही उन्होंने चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान को भी आवश्यक बताया। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। बैठक में सलाहकार बमधीर सिंह राणा, सुरेंद्र धीमान, जोगिंदर सिंह, रमेश सिंह सहित तीस से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

# अब 'मेक माई ट्रिप' पोर्टल पर दिखेंगे एचपीटीडीसी के होटल

## निगम के 56 होटल जुड़ेंगे, धर्मशाला में पर्यटन निगम ने किया एग्रीमेंट

- धर्मशाला में आरएस बाली ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



प्रेसवार्ता करते प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली।

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने पर्यटन क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और ऑनलाइन प्लेटफार्म का लाभ उठाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। निगम ने देश की अग्रणी ट्रैवल कंपनी मेक माय ट्रिप के साथ करार किया है। इस करार के बाद निगम के 56 होटल अब मेक माय ट्रिप प्लेटफार्म पर ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध होंगे।

यह बात प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने बुधवार को निगम मुख्यालय धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। बाली ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के पास राज्य के विभिन्न हिस्सों में बेहतरीन होटल मौजूद हैं, जिनमें देश-विदेश से आने वाले पर्यटक ठहरना पसंद करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। मेक माय ट्रिप के साथ जुड़ने से निगम के होटलों को बड़ा बाजार मिलेगा और पर्यटक अपने घर बैठे इन होटलों की बुकिंग कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लगातार मेहनत कर निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने का कार्य किया और उसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष निगम ने 107 करोड़ रुपए की आय अर्जित की। उन्होंने कहा कि मेक माय ट्रिप के साथ किया गया यह समझौता निगम के लिए एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस करार से पर्यटन निगम को न केवल नई ऊंचाइयां मिलेंगी, बल्कि हिमाचल प्रदेश आने वाले पर्यटकों को भी गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध हो सकेंगी। इससे प्रदेश में पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर मेक माय ट्रिप के जोनल प्रभारी आशीष पारेख, पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार तथा महाप्रबंधक अनिल तनेजा भी मौजूद रहे।

# सीएम अब राजनीति की बजाय राहत नीति पर ध्यान दें : जयराम



जयराम ठाकुर ने डॉ. बिंदल के साथ नूरपुर से चंबा के लिए रवाना की राहत सामग्री।

**अनंत ज्ञान। धर्मशाला/नूरपुर**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नूरपुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के साथ प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री को अब राजनीति की बजाय आपदा प्रभावितों की राहत नीति पर ध्यान देना चाहिए। बहुत समय बीत चुका है, लोगों का बहुत नुकसान हुआ है।

प्रदेश के संसाधनों का भी नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार को लोगों को राहत पहुंचाने के लिए काम करने की आवश्यकता है, न कि राजनीतिक बयानबाजी करने की। उन्होंने कहा कि आपदा की वजह से प्रदेश का बड़ा हिस्सा प्रभावित है और ज्यादातर हिस्सों में जो भी सुविधा लोगों को मिल रही हैं, वह अस्थायी हैं। बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी रूप से बहाल की गई है। इसकी वजह से आने वाले समय में लोगों को और कठिनाइयों का सामना करना होगा। आपदा प्रभावित ज्यादातर क्षेत्र सर्दियों के मौसम में हिमाच्छादित रहते हैं, इसलिए वहां पर बर्फ पड़ने के पहले ही सुविधाओं को स्थायी तौर पर बहाल करना होगा। जयराम ने उपराष्ट्रपति पद के एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को प्रचंड विजय की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह जीत एनडीए के विकास और नीतियों की जीत है, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हार्दिक बधाई के पात्र हैं। वहीं, जयराम ने बिंदल के साथ देशभर से भेजी गई राहत सामग्री को नूरपुर से चंबा जिले के आपदा परवल क्षेत्र के लिए रवाना किया।

# पौंग बांध का जलस्तर दिनभर स्थिर खतरे के निशान से 0 .33 फुट ऊपर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**कांगड़ा** जिले के फतेहपुर और इंदौरा के मंडवासियों के लिए पिछले दो दिन से राहत भरी खबर है। कांगड़ा जिला स्थित पौंग बांध में बुधवार को सुबह से शाम तक जलस्तर लगभग स्थिर रहा। सुबह 7 बजे, दोपहर 3 बजे और शाम 5 बजे तक जलस्तर लगातार 1390.33 फुअ दर्ज किया गया। बीबीएमबी ने बांध का आउटफ्लो संतुलित रखा, जिससे दिनभर इनफ्लो और आउटफ्लो लगभग बराबर रहे।

दिनभर इनफ्लो 34,883 क्यूसेक और आउटफ्लो भी 34,883 क्यूसेक रहा। इसमें से 17,127 क्यूसेक पानी टरबाइन से और 17,756 क्यूसेक स्पिलवे से छोड़ा गया। डाउनस्ट्रीम बैराज में बहाव 11,500 क्यूसेक और मंड क्षेत्र में बहने वाली ब्यास नदी में 23,383 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। मौसम सुबह से शाम तक आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहा। ब्यास नदी और पौंग बांध से छोड़े गए पानी ने मंड क्षेत्र और आसपास के गांवों में पहले ही भारी नुकसान किया है। प्रभावित किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मेहनत की कमाई और खेतों की फसलें पानी में बह गई हैं। एसडीएम फतेहपुर, विश्रुत भारती ने कहा कि मंड क्षेत्र में रहने वाले परिवारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस बार भी सड़कों, पुलों, रास्तों, जमीनों, फसलों और लोगों के आशियानों को काफी नुकसान हुआ है। प्रभावित मंडवासियों को हरसंभव राहत और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

## नूरपुर में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की पहल

# विधायक रणवीर निक्का ने किया नलकूप का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



विधायक रणवीर सिंह निक्का ने बुधवार को वार्ड दो में नलकूप का उद्घाटन किया। इससे लोगों को मिलेगी काफी राहत।

**नूरपुर** शहर में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से निपटने के लिए विधायक रणवीर सिंह निक्का ने सराहनीय कदम उठाया है। बुधवार को उन्होंने वार्ड नंबर दो में नलकूप (हैंडपंप) का उद्घाटन किया। इस हैंडपंप के लगने से स्थानीय लोगों को अब जलशक्ति विभाग की नियमित सप्लाई के साथ-साथ वैकल्पिक रूप से पीने के पानी की सुविधा भी उपलब्ध होगी। आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में लोग सीधे इस हैंडपंप से पानी प्राप्त कर सकेंगे।

विधायक रणवीर सिंह निक्का ने कहा कि नूरपुर में आए दिन पेयजल संकट बना रहता है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में पानी की किल्लत के कारण एक युवक की मौत हुई थी, जो बेहद दुखद है। निक्का ने कहा कि यह हैंडपंप उस युवक को श्रद्धांजलि भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में नूरपुर में पानी की समस्या स्थायी रूप से दूर करने के लिए तीन से चार और नलकूप लगाए जाएंगे और इसके लिए बजट उनकी विधायक निधि से उपलब्ध कराया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि परिषद ने पानी की समस्या को देखते हुए विधायक से नलकूप लगाने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि नए नलकूप से लगभग तीन से चार वार्डों को पानी की सप्लाई मिलेगी और अन्य वार्डों के लिए भी इसी तरह की योजना पर काम किया जाएगा। अशोक शर्मा ने पेयजल संकट के चलते युवक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को राहत देने की मांग भी उठाई।

### पीएम मोदी सभी पीड़ितों से अपनेपन के साथ मिले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल में पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे में प्रदान की गई आपदा विशेष राहत पैकेज को कांगड़ा के भाजपा नेताओं ने ऐतिहासिक करार दिया है। धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा, संजय शर्मा व सह मीडिया प्रभारी विश्व चक्षु ने कहा कि हिमाचल आपदाग्रस्त है और राज्य ने अपने बहुत से लोगों को खोया है। हिमाचल की स्थिति को देखते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्य की पीड़ा को समझते हुए 1500 करोड़ की राहत राशि प्रदान की है। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल की बजाय सभी मौजूद पीड़ित लोगों से अपनेपन के साथ मिले हैं और बता गए कि वह वाक्य हिमाचल को दूसरा घर है। प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि पीएम की आपदा की फौरी राहत पीड़ित राज्य व लोगों के लिए संजीवनी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम अभी आंकलन कर रही है, जिसके आधार पर भी पीएम की ओर से आगे मदद की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों की सरकारों के साथ मिलकर आगे बढ़ना है। इसमें पार्टी कोई भी मायने नहीं रखती है।

# आपदा प्रभावितों तक पहुंचाई राहत सामग्री




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्राकृतिक** आपदा को देखते हुए मेरा युवा भारत केंद्र कांगड़ा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलाय भारत सरकार के उप निदेशक ध्रुव डोगरा तथा स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न विकास खंडों में युद्धस्तर पर आपदा सामग्री पहुंचाई जा रही है। इसी कड़ी में देहरा विकास खंड के पंचायत सुरानी और इंदौरा विकास खंड के मंड मियानी, राजगिरा, मनाली, भोगरवां व रियली गांव के परिवार, जिनके घर इस आपदा की भेंट चढ़ गए हैं और उनको घरों से बाहर रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, उनको राहत सामग्री पहुचाई। आपदा की घड़ी में प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, जरूरी दवाइयां एवं पुस्तक पेन आदि युवाओं द्वारा पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में हम लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर समय खड़े हैं।

### रजत जयंती समारोह पर सकोह में पुलिस कर्मियों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** द्वितीय भारत आरक्षित वाहिनी, सकोह ने अपने रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में बहु-विशेषज्ञता चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन सीएमओ कांगड़ा, बीएमओ शाहपुर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा एवं फोर्टिस हॉस्पिटल कांगड़ा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। रक्तदान शिविरका आयोजन डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा की टीम ने कुल 36 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह रक्त आसपास के अस्पतालों में आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने और जीवन बचाने में सहायक होगा। मुख्य अतिथि डॉ. अनुराधा शर्मा ने अपने संबोधन में पुलिस कर्मियों के कठिन परिस्थितियों में निरंतर कार्यरत रहने के दृष्टिगत इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों की आवश्यकता एवं महत्व पर बल दिया।

# लापता 9 वर्षीय बच्चे का शव जंगल से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

## सीयू देहरा कैंपस से 4 सितंबर को हुआ था गायब

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

- पुलिस पूछताछ में आरोपी मजदूर लक्ष्मी ने कबूला अपना जुर्म
- आपसी विवाद के चलते गुस्से में दबा दिया था गला



**देहरा।** कांगड़ा जिले के देहरा में निर्माणाधीन केंद्रीय विश्वविद्यालय के कैंपस से लापता प्रवासी बच्चे का शव जंगल से बरामद हुआ है। सात दिन की लगातार तलाश के बाद पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। आरोपी लक्ष्मी (31 वर्ष) ने कबूल किया कि आपसी विवाद के चलते उसने गुस्से में बच्चे का गला दबाकर हत्या कर दी थी और शव को एचआरटीसी वर्कशॉप के जंगल में फेंक दिया।

एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि घटना 4 सितंबर को बिहार से मजदूरी करने आए व्यक्ति ने बच्चे के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एसडीआरएफ, डॉग स्क्वायड, ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी फुटेज और अटेंडेंस रजिस्टर की जांच कर मामले की तह तक जाने की कोशिश की। डीएसपी डाडासिबा राजकुमार के नेतृत्व में 8 टीमों ने आरोपित लक्ष्मी की सख्ती से पूछताछ की। इसी दौरान लक्ष्मी ने हत्या की पूरी साजिश स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल पर ले जाकर वारदात का रिक्रिएशन कराया। शव को सिविल अस्पताल देहरा भेजकर पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के परिजनों ने शव की पहचान की। सूत्रों की मानें तो पुलिस को इस मामले में बच्चे के परिजनों पर भी शक है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि हत्या के पीछे सिर्फ आपसी रंजिश नहीं, बल्कि कुछ और गंभीर कारण भी हो सकते हैं। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। एसपी मयंक चौधरी ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक घटना है। हम हर पहलू की जांच कर रहे हैं। आमजन से अनुरोध है कि यदि कोई जानकारी हो तो पुलिस से साझा करें।

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं व कार्यकर्ता के पदों को भरने को आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ रणजीत सिंह ने बताया कि बाल विकास परियोजना बैजनाथ के तहत पंचायत माधोनगर के आंगनबाड़ी केंद्र उतराला, सकड़ी पंचायत के सुकारना, गदियाड़ा पंचायत के सुनेहड़ू, धरेड़ पंचायत के लुलानी, चौबीन पंचायत के बच्छल, कुदैल पंचायत के चनियारा-1एवं चनियारा -2, जनेहड़, मैहता बस्ती, मझाड़ा बस्ती, सेहल पंचायत के लोअर सेहल, खड़ानाल पंचायत के महाल पम्बड़ु, नगर परिषद बैजनाथ पपरोला के घिरथेड़ा, कुकैना पंचायत के उप्पर कुकैना, महालपट पंचायत के हारचकोल एवं पलहून, धानग पंचायत के धानग 3 एवं धानग 4, वही पंचायत के वही 3 एवं हारकलोना, नरघोड़ चोबु पंचायत के हार सकड़ी, बंडियां पंचायत के लाहड़, तथा फटाहर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र करनार्थु में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिला आवेदनकर्ता की न्यूनतम आयु 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित की गई है, जबकि शैक्षणिक योग्यता में किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से बाहरवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पारिवारिक वार्षिक आय 50 हजार रुपए से कम होना अनिवार्य है। वहीं, चौबीन पंचायत के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पट्ट-2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार महिला आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित 3 अक्तूबर सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ के कार्यालय में आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ताओं का चयन 14 अक्तूबर को प्रातः 11:30 बजे उपमंडलाधिकारी (ना) बैजनाथ के कार्यालय में साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

# वेदव्यास परिसर में संगणकीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता



10 स्टूडेंट्स का दूसरे राउंड के लिए किया जाएगा चयन।

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

**परागपुर** के निकटवर्ती बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में संगणक (कंप्यूटर) प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें परिसर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

वेदव्यास परिसर के कंप्यूटर विभागाध्यक्ष अमित वालिया ने बताया कि वेदव्यास परिसर के छात्रों में कंप्यूटर (संगणक) प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साह दिखा व छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में कंप्यूटर से संबंधित इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार हुआ है, जिसमें छात्रों के लिए इनाम भी रखा गया है। वहीं, परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने बताया कि दिल्ली स्थित मुख्यालय के निर्देशानुसार उक्त प्रतियोगिता तीन चरणों में होगी। इसका एक चरण (राउंड) पूरा कर लिया गया है। इसमें भाग लेने वाले छात्रों में से 10 का सिलेक्शन दूसरे राउंड के लिए किया जाएगा।

इसके पश्चात दूसरे राउंड में पहले तीन स्थानों पर रहने वाले विजेता छात्रों को क्रमशः 5000, 4000 और 3000 का नकद राशि बतौर पुरस्कार दी जाएगी। इसके बाद दिल्ली में फाइनल राउंड का आयोजन होगा, जिसमें पहले स्थान पर रहने वाले छात्र को 20,000 ,द्वितीय को 15000 और तृतीय स्थान पर रहने वाले को 11000 रुपए की राशि का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। परिसर के कंप्यूटर विभाग अध्यक्ष व इस प्रतियोगिता के परिसर संयोजक अमित वालिया व सह संयोजक अमरचंद ने इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी का धन्यवाद किया है।

# धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का 30 अक्तूबर से होगा आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला**

> हिमालयन क्षेत्रों की फिल्में की जाएंगी प्रदर्शित

**धर्मशाला** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (डीआईएफएफ) का 14वां सीजन इस साल 30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित महोत्सव तिब्बती चिल्ड्रन्स विलेज (टीसीवी), नड्डी, अपर धर्मशाला में संपन्न होगा। फेस्टिवल में इस बार भी विश्वभर के साथ-साथ हिमालयी क्षेत्रों की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखाने वाली फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। आयोजकों ने 14वें संस्करण के लिए आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया है, जिसे आल्फिया हसन और गायत्री शाह ने डिजाइन किया है। पोस्टर के विमोचन के साथ ही फेस्टिवल की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजक रीतू सरीन ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्में, वृत्तचित्र और लघु फिल्मों के एक रोमांचक चयन की प्रक्रिया जारी है, जो दर्शकों को विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोणों से रू-ब-रू कराएंगी। महोत्सव के दौरान फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ-साथ पैनल चर्चाएं, प्रश्नोत्तर सत्र और विख्यात फिल्म निर्माताओं के साथ मास्टरक्लास जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ये सत्र युवा फिल्मकारों और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक प्रेरणास्रोत का कार्य करेंगे। गौरतलब है कि डीआईएफएफ की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई थी और तब से यह महोत्सव न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक अहम पहचान बना चुका है। इस बार के संस्करण से भी स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक दर्शकों को एक विशेष सिनेमा अनुभव मिलने की उम्मीद है।

# मशरूम उत्पादन को लेकर किसानों को किया जागरूक



पालमपुर में किसानों को मशरूम उत्पादन को लेकर जागरूक किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मशरूम** विकास परियोजना पालमपुर में मशरूम दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों को मशरूम उत्पादन को लेकर जागरूक किया गया। इसके साथ ही आय के साथ-साथ रोजगार सृजन तथा उपभोक्ताओं को पोषक तत्वों और औषधीय गुणों के बारे में भी जानकारी दी गई।

मुख्यातिथि बागबानी विभाग के संयुक्त निदेशक कमलशील नेगी ने किसानों को बागवानी विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। नेगी ने कहा कि किसान, मशरूम की खेती से अपनी आय में वृद्धि कर सकते है और एक पौष्टिक आहार भी अपने परिवार को उपलब्ध करवा सकते हैं। खुंब दिवस में बागवानी विभाग की ओर से मशरूम की खाने वाली विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर 100 से अधिक किसानों बागवानी और मशरूम उत्पादकों ने भाग लिया।

### आय का स्रोत हो सकता है मशरूम उत्पादन : डॉ. अलक्ष

**उपनिदेशक** बागवानी कांगड़ा डॉक्टर अलक्ष पठानिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन आय का स्रोत हो सकता है। उन्होंने किसानों को शिटाके, बटन मशरूम और ढींगरी मशरूम जैसे आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण मशरूम उगाने का भी सुझाव दिया। इस अवसर पर विषय वाद विशेषज्ञ जायका प्रोजेक्ट डॉ. सपन ठाकुर ने किसानों को शिताके मशरूम के बारे में किसानों को उसकी उपयोगिता एवं गुणवक्ता के बारे में बताया गया। विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. हितेंद्र पटियाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग की ओर से इस प्रशिक्षण शिवर में किसानों को मशरूम की खेती, उसकी बीमारियों, मार्केटिंग और बैंक के माध्यम से सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### समलोहल में मकान गिरने की कगार पर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत समलोहल गांव निवासी किशोरी लाल पुत्र स्व. बंशी राम का मकान जर्जर हालत में है और किसी भी समय गिर सकता है। मकान की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि परिवार में डर का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने बताया कि हल्का पटवारी द्वारा मौके का निरीक्षण किया जा चुका है और स्थिति की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। साथ ही एसडीएम. घुमारवीं भी स्थल का मुआयना कर चुके हैं। किशोरी लाल का कहना है कि उनका आर्थिक हाल ठीक नहीं है और स्वयं मकान की मरम्मत या पुनर्निर्माण करवा पाना संभव नहीं है। परिवार ने सरकार से पुनर्वास या आर्थिक सहायता की मांग की है ताकि वे सुरक्षित स्थान पर रह सकें। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से पहले पीड़ित परिवार को राहत मिल सके।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने मोदी का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दिए जाने पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देवभूमि हिमाचल प्रदेश का दौरा कर बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी पीड़ा को साझा किया। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख तथा घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया। इसके साथ ही पीएम ने कई अन्य महत्वपूर्ण कदम भी उठाए गए हैं। चंदेल ने कहा कि संकट की इस विकट घड़ी में मोदी सरकार कंधे से कंधा मिलाकर प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। उन्होंने देवभूमि के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### हिमाचल की पीड़ा में साथ खड़े पीएम मोदी : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा की इस कठिन घड़ी में हिमाचल को राहत देकर अपने दूसरे घर के प्रति अपना दायित्व निभाया है। प्रधानमंत्री ने 1500 करोड़ रुपए की राहत देकर आपदा प्रभावित लोगों का दुःख-दर्द बांटा है और हर पीड़ित का हाथ थामकर उन्हें संबल दिया है। गर्ग ने कहा कि बाढ़ से जूझ रहे परिवारों की आंखों के आंसू पोंछने और उन्हें सहारा देने का जो मानवीय उदाहरण प्रधानमंत्री ने प्रस्तुत किया है, वह अनुकरणीय है। इसके अलावा पीड़ितों के लिए अन्य घोषणाएं भी की हैं। गर्ग ने कहा कि 'ऐसे मुश्किल समय में साथ खड़े रहने के लिए प्रधानमंत्री का दिल से आभार। देवभूमि की जनता हमेशा आपके साथ है।

### अडानी फाउंडेशन ने बरमाणा स्कूल को दिए कंप्यूटर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरमाणा को आज गगल सीमेंट एसीसी बरमाणा एवं अडानी फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से 8 कंप्यूटर प्रदान किए गए। विद्यालय परिवार ने अडानी फाउंडेशन के इस योगदान का स्वागत किया और संस्था का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा मंजू शर्मा, प्रधानाचार्या नीलिमा, कंप्यूटर अध्यापिका अंजु शर्मा तथा शिक्षक श्याम लाल ने फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी दक्षता से जोड़ने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

### टिप्पर यूनियन को नजरअंदाज करने पर भड़के प्रधान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर की टिप्पर ऑपरेटर्स यूनियन ने गावर कंपनी पर स्थानीय टिप्पर यूनियन को काम से बाहर रखने का आरोप लगाया है। यूनियन के प्रधान सतदेव ने उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में स्पष्ट किया कि कंपनी ने नौणी से भराड़ीघाट तक का काम शुरू कर दिया है, लेकिन इसमें स्थानीय टिप्पर मालिकों को कोई हिस्सा नहीं दिया गया। प्रधान सतदेव ने कहा, 'हमारे टिप्पर खड़े-खड़े बेकार हो रहे हैं। बैंक की किस्तें चुकाना मुश्किल हो गया है और परिवारों की आजीविका खतरे में है। यह अनदेखी और अन्याय बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' यूनियन ने प्रशासन से कड़ा आग्रह किया है कि गावर कंपनी को तुरंत निर्देश दिए जाएं, ताकि स्थानीय टिप्पर यूनियन को भी काम में शामिल किया जाए और रोजगार सुनिश्चित हो। सतदेव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यूनियन कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी।

## वर्ष 2011 के आंकड़ों पर टिकी बिलासपुर जिले की साक्षरता तस्वीर

# शत-प्रतिशत लक्ष्य अब भी पहुंच से दूर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है और इसी कड़ी में बिलासपुर जिले ने भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। यहां साक्षरता दर 84.59 प्रतिशत है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि वर्ष 2011 की जनगणना के बाद से कोई नए आंकड़े उपलब्ध ही नहीं हैं। यानी आज भी शत-प्रतिशत साक्षरता सिर्फ एक सपना बनी हुई है। बिलासपुर जिले में आंकड़ों के अनुसार जहां पुरुष साक्षरता दर 91.16 प्रतिशत है, वहीं महिलाएं 77.97 प्रतिशत पर हैं। यानी आज भी हर चौथी महिला अशिक्षा की चपेट में है। ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता दर प्रतिशत नहीं है। शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा लगभग 98 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। गांवों में शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता को लेकर चुनौतियां अब भी बरकरार हैं।



ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल कंदरौर बिलासपुर में शिक्षा ग्रहण करते देश के भविष्य।

झंडूता उपमंडल की 65 वर्षीय कमला देवी ने हाल ही में वयस्क शिक्षा शिविर में पहली बार अपना नाम लिखा। वह बोली जिंदगी भर दूसरों से दस्तखत करवाए, पर आज पहली बार अपने नाम से लिख पाई हूं। अब लगता है जैसे आंखों से पर्दा हट गया हो। 'साक्षर भारत मिशन' और डिजिटल साक्षरता अभियान (दिशा) के साथ-साथ प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजी दिशा) के जरिए गांव-गांव में बुनियादी शिक्षा और डिजिटल ट्रेनिंग दी जा रही है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

विशेषज्ञ मानते हैं कि महिला मंडलों और पंचायत स्तर पर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तो बिलासपुर आने वाले वर्षों में राज्य का पहला 100% साक्षर जिला बन सकता है। बिलासपुर ने साक्षरता दर में सराहनीय प्रगति की है, लेकिन लंबा सफर तय करना अभी भी बाकी है। महिला और वयस्क शिक्षा को केंद्र में रखकर चलाए गए ठोस प्रयास ही शत-प्रतिशत साक्षरता के सपने को साकार कर सकते हैं।

- **आंकड़ों के मुताबिक अभी भी 52 हजार लोग निरक्षर**
- **महिला शिक्षा और ग्रामीण इलाके बने सबसे बड़ी चुनौती**

**जिले की साक्षरता तस्वीर (जनगणना 2011 के अनुसार)**

| | |
|---|---|
| कुल आबादी : | 3,81,956 |
| साक्षर व्यक्ति (7+ आयु वर्ग) : | 3,29,576 |
| पुरुष : | 1,55,599 |
| महिलाएं : | 1,32,021 |
| निरक्षर (7+ आयु वर्ग) : | लगभग 52,380 |

## बारिश से बिलासपुर जिले में 168 करोड़ का नुकसान, 7 राहत शिविर स्थापित : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- **बोले-उपमंडल स्तरीय अधिकारी प्रभावित परिवारों को तुरंत पहुंचा रहे सहायता**

हाल ही में हुई भारी बारिश से बिलासपुर जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आपदा से अब तक 168 करोड़ रुपए से अधिक की क्षति दर्ज की गई है। उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मंगलवार को प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि सबसे अधिक नुकसान लोक निर्माण विभाग को हुआ है, जिसकी क्षति लगभग 117 करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं, जल शक्ति विभाग को 32 करोड़ 10 लाख रुपए तथा बिजली बोर्ड को 19 लाख रुपए का नुकसान सहना पड़ा है। इसके अतिरिक्त गोशालाओं, रसोईघर, शौचालयों और अन्य संरचनाओं को मिलाकर लगभग 7 करोड़ 62 लाख रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

जिले में सात राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां फिलहाल 22 परिवारों के 99 लोग रह रहे हैं। सदर क्षेत्र में तीन शिविरों में सात परिवारों के 21 लोग ठहरे हुए हैं। झंडूता क्षेत्र की मरोतन पंचायत में पांच परिवारों के 18 लोग आश्रय लिए हुए हैं। वहीं, श्री नयना देवी जी क्षेत्र के स्वारघाट, नालिया डढवाल और मड़याली पंचायतों में कुल दस परिवारों के 60 लोग ठहरे हुए हैं। इसके अलावा 42 परिवारों के 99 लोगों को किराए के मकानों में शिफ्ट किया गया है। इनमें से 39 परिवार सदर क्षेत्र के, दो परिवार घुमारवीं के और एक परिवार झंडूता का है। इन परिवारों का किराया सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में लोक निर्माण विभाग की नौ सड़कें अभी भी बंद हैं, जिन्हें खोलने के लिए अतिरिक्त मशीनरी लगाई जा रही है। लक्ष्य है कि अधिकांश मार्ग अगले 24 घंटों में बहाल हो जाएं। इसी तरह नौ पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं, जिन्हें बहाल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। अब तक सात लाख रुपए से अधिक की फौरी राहत राशि प्रभावितों को दी जा चुकी है।

सभी उपमंडल स्तरीय अधिकारी लगातार फील्ड में मौजूद हैं और प्रभावित परिवारों को तुरंत सहायता पहुंचा रहे हैं। उपायुक्त ने यह भी बताया कि कई सामाजिक संगठनों और दानदाताओं ने मानवता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान दिया है। उन्होंने अपील की कि जिले के अन्य लोग भी आगे बढ़कर राहत कार्यों में भागीदार बनें। इच्छुक लोग अपने निकटतम उपमंडल अधिकारी या उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से सहयोग कर सकते हैं।

## हीरापाल सिंह ठाकुर को राष्ट्रीय स्तर पर मिली अहम जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- **चार जिलों में संगठन को मजबूत करने का मिला दायित्व**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पवार ने बिलासपुर के सक्रिय कांग्रेसी नेता हीरापाल सिंह ठाकुर को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति के तहत उन्हें हरियाणा के चार जिलों में संगठन को मजबूत करने का दायित्व दिया गया है। इस अवसर पर हीरापाल सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पवार सहित संगठन की समस्त टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अध्यक्ष की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए अग्निपरीक्षा है।



मैं हरियाणा के चारों जिलों में संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ जहां भी संगठन मुझे जिम्मेदारी देगा, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। उन्होंने बताया कि आने वाले दो वर्षों में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए जाएंगे। ठाकुर ने कहा कि संगठन में उन्हीं कार्यकर्ताओं को महत्व मिलेगा, जो कांग्रेस की विचारधारा और सिद्धांतों के प्रति समर्पित हैं। वह डॉ. सुनील पवार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने जानकारी दी कि 13-14 अगस्त को करनाल में आयोजित सर्वोदय संकल्प शिविर में उन्होंने सक्रिय भाग लिया था। वहीं, 13-14 सितंबर को भी करनाल में लगने वाले शिविर में बिलासपुर से डॉ. विजय गुलेरिया (वर्तमान अध्यक्ष, झंडूता राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन) और अरुण ठाकुर (जिला महासचिव) विशेष रूप से भाग ले रहे हैं। पिछले शिविरों में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से भाग ले चुके हैं।

## 2 अक्तूबर से आयोजित होगा घुमारवीं का सीर उत्सव

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं (बिलासपुर)।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि आगामी 2 व 3 अक्तूबर को घुमारवीं का सीर उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान थीम आधारित विभिन्न गतिविधियां उत्सव का मुख्य आकर्षण रहेंगी। राजेश धर्माणी आज खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर घुमारवीं में सीर उत्सव आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



उत्सव को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

राजेश धर्माणी ने कहा कि सीर उत्सव के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य लोक कला, संस्कृति एवं पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन करना है। इस उत्सव के माध्यम से न केवल प्रकृति का संरक्षण करना है, बल्कि लोगों को जोड़ते हुए जीवन में प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूकता का संदेश भी देना है। उन्होंने कहा कि 'नेचर नर्चर' सीर उत्सव के आयोजन का प्रमुख थीम रहेगा। इसके अंतर्गत प्रकृति के संरक्षण को केन्द्रित करते हुए विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह उत्सव अन्य मेलों से भिन्न होना चाहिए, जिसमें न केवल लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक किया जाए, बल्कि पुरातन कला, संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ने का भी प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान युवाओं व बच्चों को नशे से दूर रखने का संदेश देते हुए वॉलीबाल, बास्केटबॉल तथा कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं तो वहीं बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं के लिए भी थीम आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त समाज में मानवता के प्रति बेहतरीन कार्य करने वालों को सम्मानित करने पर भी बल दिया ताकि ऐसे लोग दूसरों के लिए प्रेरणा का कार्य कर सकें।

उन्होंने उत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनी भी लगाने के साथ-साथ प्राकृतिक तौर पर तैयार उत्पादों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने पर भी बल दिया। उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को हेल्थ चेकअप शिविर लगाने तथा आयुष विभाग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने बारे जागरूक करने पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों को अवसर प्रदान करते हुए इसके बेहतर आयोजन करने को भी कहा। साथ ही उत्सव के दौरान लोगों को आपदा राहत कोष में अंशदान को प्रेरित करने के लिए आपदा राहत कोष क्यू आर कोड को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करने को भी कहा। उन्होंने उत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न उप-समितियां गठित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी सरकारी व गैर सदस्यों से सीर उत्सव के सफल आयोजन एवं इसके लक्ष्यों व उद्देश्यों की पूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करने का भी आह्वान किया। इससे पहले बैठक का संचालन करते हुए एसडीएम गौरव चैधरी ने उत्सव के आयोजन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

इस दौरान उत्सव को बेहतर बनाने एवं आम जनमानस को जोड़ते हुए सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों ने कई अहम सुझाव भी दिए। बैठक में एपीएमसी के अध्यक्ष सतपाल, नगर परिषद की अध्यक्षा रीता सहगल, उपाध्यक्ष श्याम शर्मा सहित कई सरकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

## टैलेंट सर्च परीक्षा की लौ कांगड़ा जिले के स्कूलों तक पहुंची



मिनर्वा स्टडी सर्किल धर्मशाला की एक टीम कांगड़ा जिले के विभिन्न स्कूलों का भ्रमण कर स्कूली बच्चों को कर रही जागरूक।

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** मिनर्वा स्टडी सर्किल द्वारा 21 सितंबर को पूरे हिमाचल प्रदेश में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं, 10+1 व 10+2 (साइंस) टैलेंट सर्च परीक्षा की लौ अब जिला कांगड़ा के विभिन्न स्कूलों तक पहुंच गई है।

मिनर्वा स्टडी सर्किल धर्मशाला की एक टीम आजकल जिला कांगड़ा का भ्रमण कर स्कूली बच्चों को इस परीक्षा की स्टीक जानकारी दे रही है और साथ ही परीक्षा के आधार पर कुल 1.5 करोड़ की छात्रवृत्तियां व नकद इनामों के बारे में भी छात्रों व उनके अभिभावकों को अवगत करवा रहा है। इसी कड़ी में यह टीम इस सप्ताह जिला कांगड़ा के अनेक स्कूलों में भ्रमण पर थी, जिसमे पालमपुर, कांगड़ा एवं धर्मशाला के बच्चों में हिम क्वेस्ट टैलेंट सर्च परीक्षा के प्रति भारी उत्साह देखा गया।


मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं व धर्मशाला के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस परीक्षा का पंजीकरण (10वीं, 10+1 व 10+2 (साइंस) का कोई भी विद्यार्थी www.himquest.com पर जाकर एक सरल फार्म भरकर कर सकता है। हिम क्वेस्ट परीक्षा देकर कोई भी गरीब, दूरदराज या फिर किसी भी पृष्ठभूमि का बच्चा आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे JEE, NEE, CUE, NDA इत्यादि की तैयारी बिना कोई फीस दिए मिनर्वा स्टडी सर्किल की किसी भी शाखा से कर सकता है और साथ ही अन्य आकर्षक उपहार जैसे स्कूटी या एक लाख नकद, ऐप्पल मैक बुक, टफ गेमिंग लैपटॉप तथा अन्य भी जीत सकता है।

## श्री शक्ति संस्कृत महाविद्यालय स्नातक परिषद ने मंदिर न्यास का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- **नियुक्तियों में सरकार से शीघ्रता की अपील**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्ति पीठ श्री नयना देवी जी में मंदिर न्यास द्वारा संचालित श्री शक्ति संस्कृत महाविद्यालय के रिक्त पदों पर अतिथि संकाय नियुक्ति प्रक्रिया का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इससे छात्रों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। इस पहल के लिए स्नातक परिषद ने मंदिर न्यास का आभार व्यक्त किया है। परिषद के संयोजक आचार्य मदन शांडिल्य ने कहा कि नियुक्ति पत्र शीघ्र जारी होना आवश्यक है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई निर्बाध रूप से चलती रहे।



डॉ. मनोज शैल

महाविद्यालय के पूर्व स्नातक एवं संस्कृत शिक्षक परिषद के संरक्षक डॉ. मनोज शैल ने कहा कि अतिथि-संकाय की व्यवस्था छात्रों के लिए 'सेतु' का काम करेगी, लेकिन स्थायी समाधान के लिए अब नियमित नियुक्ति प्रक्रिया तुरंत शुरू की जानी चाहिए।

परिषद के सदस्यों आचार्य सुभाष शर्मा, पवन कुमार, सुनील भारद्वाज, धर्मपाल शर्मा, रितेश शर्मा, राजेश शर्मा, राकेश पाठक, ललित शर्मा, राजेंद्र शर्मा, कमल शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा और नरेंद्र शर्मा ने भी सामूहिक रूप से कहा कि अतिथि-संकाय केवल अस्थायी व्यवस्था है, इसलिए छात्रों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए स्थायी नियुक्तियां समयबद्ध तरीके से की जानी चाहिए।

## वीर जवान पवन कुमार को दी भावपूर्ण अंतिम विदाई

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**नयना देवी।** जिला बिलासपुर के टाली जगात खाना पंचायत के वीर जवान पवन कुमार का अंतिम संस्कार गोबिंदसागर झील के किनारे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पवन कुमार, जो बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन में तैनात थे, का देहांत अरुणाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटना में हुआ।



गोबिंदसागर झील के किनारे पवन कुमार का राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार।

यह दुखद खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जवान की पार्थिव देह जैसे ही पैतृक गांव पहुंची, परिजन और ग्रामीण भावुक होकर अंतिम दर्शन के लिए जुट गए। हर आंख नम थी, हर दिल में अपार पीड़ा और देशभक्ति का अद्भुत भाव उमड़ रहा था।

विधायक रणधीर शर्मा, जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान, एसडीएम धर्मपाल, तहसीलदार संजीव प्रभाकर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने परिवार का सहारा बनते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया और जवान को डांडस बांधकर सम्मानित किया।

अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। राजकीय सामान के साथ 'गॉड ऑफ ऑनर' दिया गया और वीर जवान की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार गोबिंदसागर झील के किनारे किया गया। जवान का बेटा अर्णव धीमान ने पिता को मुखाग्नि दी। इस दृश्य ने हर आंखों में आंसू और हर दिल में देशभक्ति की गहरी भावना जगा दी।

पवन कुमार की शहादत सिर्फ उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है। उनका त्याग हमें याद दिलाता है कि देश की रक्षा के लिए किया गया बलिदान हमेशा अमर रहता है।

## आपदा में सहारा बने डीसी, प्रभावित परिवारों के आंसू पोंछने पहुंचे मंडी माणवा



प्रभावितों को राहत सामग्री बांटते उपायुक्त।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारी बारिश से तबाह हुए घर, टूटती दीवारें और बिखरे सामान के बीच खड़े परिवार, ऐसी ही तस्वीर मंगलवार देर शाम बिलासपुर जिले की मंडी माणवा पंचायत में देखने को मिली। इसी क्षण जिला उपायुक्त राहुल कुमार स्वयं वहां पहुंचे और प्रभावित परिवारों के दुख-दर्द को करीब से समझा। श्यामलाल और कमलजीत, जिनके आशियाने बारिश के कहर से क्षतिग्रस्त हो गए थे, उन्हें प्रशासन की ओर से तिरपाल, राशन किट, कंबल और मेडिकल किट जैसी राहत सामग्री सौंपी गई।

इस दौरान एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह और बीडीओ बबीता भी साथ रहीं। उपायुक्त ने परिवारों को भरोसा दिलाते हुए कहा आप अकेले नहीं हैं, प्रशासन हर परिस्थिति में आपके साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने बताया कि मकानों के नुकसान का आकलन पूरा कर लिया गया है और केस सरकार को भेजा जा चुका है। राहत मैनुअल के अनुसार शीघ्र ही आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। परिवारों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा चुका है और तत्काल राहत सामग्री भी मुहैया करवाई गई थी।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि न केवल सदर, बल्कि जिले के सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों की पहचान कर सहायता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़कों की बहाली और पेयजल योजनाओं की मरम्मत युद्ध स्तर पर जारी है।

प्रयास

## संकट की घड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जबरदस्त नेतृत्व

# केंद्र से फौरी राहत लेने में मुख्यमंत्री कामयाब

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में आई भीषण आपदा के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लगातार प्रयास रंग लाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया दौरे के दौरान हिमाचल को 1500 करोड़ का विशेष पैकेज मंजूर किया गया। जानकार मानते हैं कि यह मदद दरअसल मुख्यमंत्री सुक्खू की पहल और लगातार पैरवी का नतीजा है। यदि मुख्यमंत्री केंद्र पर लगातार दबाव न बनाते और जमीनी हालात को मजबूती से न रखते, तो हिमाचल को इतनी बड़ी राशि शायद न मिल पाती।

**इस साल 30 जून को शुरू हुआ था तबाही का दौर :** प्रदेश में तबाही का दौर गत 30 जून से शुरू हुआ था। एक जुलाई को मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जब एक ही रात में 15 बादल फटे। उसी रात कुल्लू और किन्नौर में भी बादल फटने की घटनाएं हुईं, जिनमें 18 लोगों की मौत हो गई। हालात बेहद भयावह थे और पूरे प्रदेश में दहशत का माहौल था। ऐसे में मुख्यमंत्री सुक्खू सबसे पहले मंडी जिले के धर्मपुर के स्याठी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने तबाही का जायजा लिया। मौसम खराब होने के कारण वह जमीनी दौरा आगे नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने तत्काल सराज क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद वे कुल्लू और अन्य प्रभावित इलाकों में गए और राहत कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए। वहीं, शिमला, बिलासपुर, मंडी और कांगड़ा जैसे जिलों में भी मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत दौरे किए। प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और नुकसान की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने बार-बार केंद्र सरकार से विशेष सहायता की मांग की। यही वजह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी प्रदेश की वास्तविकता समझनी पड़ी और अंततः 1500 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा करनी पड़ी।

**सुक्खू सरकार की अब तक की पहल :** अब तक हजारों प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रय और आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। टूटी हुई 600 से अधिक सड़कें युद्ध स्तर पर बहाल की गईं। स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों को फिर से चालू करने की दिशा में तेजी लाई गई। मुख्यमंत्री अक्सर प्रभावित परिवारों से कहते सुने गए कि जब तक आखिरी परिवार को छत और सहारा नहीं मिलता, मेरा कर्तव्य पूरा नहीं होगा।' हर दौरे के दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों के आंसू पोंछे, राहत शिविरों में रातें बिताईं और सड़कें, बिजली-पानी व स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करने के लिए सख्त निर्देश दिए।

### सीएम सुक्खू ने इन क्षेत्रों का लिया जायजा

- **30 जून, 2025 :** हिमाचल प्रदेश में तबाही का दौर शुरू हुआ।
- **1 जुलाई, 2025 :** मंडी जिले में एक ही रात में 15 बादल फटे, वहीं कुल्लू और किन्नौर में भी उसी रात बादल फटने से 18 लोगों की मौत हुई।
- **2 जुलाई, 2025 :** मुख्यमंत्री सुक्खू सबसे पहले मंडी जिले के धर्मपुर के स्याठी गांव पहुंचे और तबाही का जायजा लिया।
- **9 जुलाई, 2025 :** शिमला जिले में सबसे पहले नुकसान का जायजा लिया और राहत शिविरों का दौरा किया।
- **12 जुलाई, 2025 :** मंडी और कुल्लू जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया, जहां सैकड़ों घर बह गए थे।
- **16 जुलाई, 2025 :** बिलासपुर व आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में सड़क बहाली और अस्थायी आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया।
- **20 जुलाई, 2025 :** कांगड़ा जिले में बाढ़ प्रभावित मंड क्षेत्र में परिवारों से मुलाकात की और पीड़ितों को तुरंत सहायता राशि प्रदान करने के आदेश दिए।
- **25 जुलाई, 2025 :** फिर से शिमला व मंडी का हवाई सर्वेक्षण कर केंद्र को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने सराज क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया
- **30 अगस्त, 2025 :** मुख्यमंत्री ने मणिमहेश में हुई व्यापक तबाही का जायजा लेने के लिए भरमौर (चंबा) जाने के लिए उड़ान भरी, लेकिन खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर वहां नहीं उतर पाया। वह चंबा में ही रुके और वहीं आवश्यक बैठकें कीं।
- **7 सितंबर, 2025 :** मुख्यमंत्री ने हमीरपुर जिले के चबूतरा क्षेत्र और आसपास के अन्य प्रभावित इलाकों का दौरा किया, जहां उन्होंने हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया।

## युकां के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब का बिलासपुर जिले में पहुंचने पर भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब का बिलासपुर जिले में पहुंचने पर युवा कांग्रेस द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंडी भराड़ी में पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान जिला प्रधान युवा कांग्रेस अध्यक्ष छतर सिंह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज राणा के अलावा सदर अध्यक्ष धूमन ठाकुर, नवनियुक्त युवा कांग्रेस राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रजनीश मेहता सहित अन्य युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की ओर से अपनी समस्याएं भी रखी गई, वहीं संगठन को लेकर भी चर्चा की गई। इस मौके पर उदयभानु ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में युवा कांग्रेस और कांग्रेस सरकार आपदा प्रभावितों को लेकर बेहतर कार्य कर रही है।

इस मौके पर झंडूता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता विवेक कुमार व सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के साथ विभिन्न मसलों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए और बेहतर कार्य करें। ताकि आपदा प्रभावितों को राहत मिल सके।

### धाली स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक सम्मान समारोह

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** शिक्षा खंड मशोबरा की खूबसूरत वादियों में बसे राजकीय उच्च पाठशाला धाली में बुधवार को एसएमसी द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन एसएमसी प्रधान सदानंद शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के मुख्याध्यापक राकेश शर्मा व एसएमसी स्टाफ द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र के आगे दीप प्रज्वलन करके हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने कई सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। शिक्षकों द्वारा तैयार की गए कार्यक्रमों में नौनिहालों की अदाकारी देखते ही बन रही थी। एसएमसी के पदाधिकारियों द्वारा सभी शिक्षकों और गैर शिक्षकों का सम्मान कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने सभी शिक्षकों को शॉल व टोपी पहनाकर उनका सम्मान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पांगी प्रशासन की पहल से सिद्ध मंदिर मार्ग बहाल

**अनंत ज्ञान, पांगी।** लंबे समय से क्षतिग्रस्त सिद्ध मंदिर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को लेकर लोगों को आ रही परेशानी अब काफी हद तक दूर हो गई है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की मेहनत रंग लाई और किमी 117.800 के समीप क्षतिग्रस्त सड़क को बुधवार को हल्के वाहनों (एलएमवी) की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया। पांगी प्रशासन ने बीआरओ की टीम की सराहना करते हुए कहा कि संगठन कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद दिन-रात जुटकर सड़क बहाली का कार्य कर रहा है। प्रशासन ने टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी। साथ ही, बीआरओ द्वारा महालू नाला तथा धरवास पुल की मरम्मत का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। इन कार्यों के पूर्ण होते ही पांगी घाटी में यातायात व्यवस्था और सुचारु हो जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने भी बीआरओ के प्रयासों की प्रशंसा की है।

### 2 लाख की बीमा राशि का किया भुगतान

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी तिलकराज गांव कलेला ग्राम पंचायत थिमला को 2 लाख रुपए का भुगतान किया गया। तिलकराज अपनी भाई स्वर्गीय रंजीत के नामित थे। रंजीत ने 29 अगस्त, 2020 को बैंक में खाता खोला था और 13 सितंबर 2021 को योजना से जुड़े थे। 9 अगस्त, 2023 को उनकी अचानक बीमारी से मृत्यु हो गई थी। लगभग एक वर्ष बाद बैंक प्रबंधन के सहयोग से भुगतान किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान निशा देवी, सहायक प्रबंधक मोहित डोमरियाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शाखा प्रबंधक मुकेश ने लोगों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने और बैंक की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया।

### 28 में से 17 युवाओं को मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार विनिमय चंबा में एसआईएस इंडिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इंटरव्यू ड्राइव में 28 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 17 युवाओं का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि रोजगार विनिमय समय-समय पर निजी कंपनियों के सहयोग से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि स्थानीय युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें और उन्हें रोजगार की तलाश में बड़े शहरों का रुख न करना पड़े। चयनित अभ्यर्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। इस मौके पर प्लेसमेंट सुपरवाइजर निशांत कुमार ने भी युवाओं से नियमित रूप से ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आह्वान किया।

### शीतला पुल की मरम्मत को प्राथमिकता देने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हालिया भारी बरसात से जिले में व्यापक नुकसान हुआ है, जिसमें शीतला पुल को भारी क्षति पहुंची है। चंबा जनहित संगठन के शादीलाल शर्मा ने कहा कि पुल की खराब हालत से लोगों की आवाजाही बाधित हो रही है, जिससे आमजन को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि आपदा राहत के लिए घोषित 1500 करोड़ रुपये की राशि का न्यायपूर्ण और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने कहा कि पूर्व में स्वीकृत राशि समय पर उपयोग न होने के कारण वापस लौट जाती थी, इस बार ऐसा न हो। उन्होंने मांग की कि शीतला पुल की मरम्मत व मजबूती को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि यह हजारों लोगों की जीवन रेखा है। संगठन ने केंद्र व राज्य सरकार से विशेष राहत पैकेज की भी मांग की।

### पंचायत चुनावों में दिव्यांगों को मिले आरक्षण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति की मासिक बैठक सरकाघाट सेंट्रल पार्क में समिति प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। यह बैठक सामाजिक कार्यकर्ता एवं महासचिव रमेश चंद भारद्वाज को समर्थन देते हुए उनके हड़ताल स्थल पर ही आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमंडल अधिकारी (ना0) सरकाघाट के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया, जिसमें पूछा गया कि आगामी पंचायत चुनावों में दिव्यांगों के लिए कितनी सीटें आरक्षित की गई हैं। महासचिव रमेश चंद भारद्वाज ने मांग की कि चुनाव अधिसूचना में संशोधन कर दिव्यांगों के लिए प्रधान व अन्य पदों पर आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर उपाध्यक्ष बालम राम, संजीव कुमार, भाग सिंह, बालम राम, रोशन लाल, मेहर सिंह, रत्न चंद, उपाध्यक्ष नायब सूबेदार कर्म सिंह परमार, तथा नए सदस्यों में नाइक रमेश कुमार, रोशन लाल व एस आर पराशर इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने का प्रयास

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आईआईटी मंडी ने क्यूपीआर इंस्टीट्यूट इंडिया के सहयोग से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर एक दिवसीय आत्महत्या रोकथाम गेटकीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, संकाय और कर्मचारियों के भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना था। प्रशिक्षण में क्यूपीआर पद्धति के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्महत्या के संकट के चेतावनी संकेत पहचानने, प्रभावी हस्तक्षेप करने और जोखिम में व्यक्ति को पेशेवर देखभाल से जोड़ने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में वार्डन, सहायक वार्डन, डीन कार्यालय और विभिन्न स्कूलों के संकाय व कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, आत्महत्या रोकथाम मैनुअल और भारत-विशिष्ट संसाधनों की सूची प्रदान की गई। निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक लचीलापन छात्रों की शिक्षा में सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल में नशा निवारण समिति गागल, महिला थाना मंडी और पुलिस चौकी गागल की टीम ने संयुक्त रूप से छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने की। इस दौरान महिला थाना मंडी की पुलिस कॉन्स्टेबल जमुना और नीना ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव, उससे बचाव और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक असर के बारे में बताया। जमुना ने हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए छात्रों को साइबरक्राइम, मोबाइल उपयोग में सावधानी और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग से बचने की सलाह दी। पुलिस चौकी गागल के ग्राम अर्जुन ने भी उपयोगी जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. लेख राज ने धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का आग्रह किया।

### पांच दिवसीय नलवाड़ मेला हरड़गलू संपन्न

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत कुन्नू में आयोजित पांच दिवसीय नलवाड़ मेला हरड़गलू का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी व कजौटधार पंचायत के उपप्रधान जय सिंह राणा ने की। मेला ग्राउंड में पहुंचने पर उन्हें मेला कमेटी अध्यक्ष पमिन्द्रा भाटिया ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने स्थानीय देवी-देवताओं को नमन कर नजराना भेंट किया और मेले में आए लोगों को बधाई दी। जय सिंह राणा ने मेला कमेटी की मेहनत की सराहना की और महिला मंडलों, स्कूली बच्चों और खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने मेले को सफल बनाने में पूर्व मेला कमेटी अध्यक्षों और पंचायत प्रधानों के योगदान को भी याद किया। समापन अवसर पर उन्होंने मेला कमेटी को 41 हजार, बॉलीवाल प्रतियोगिता के लिए 11 हजार और महिला मंडलों को 11-11 सौ रुपए भेंट किए। मेले में आगामी वीरवार को लखदाता कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### संतुलित आहार से मिलेगा स्वस्थ जीवन: डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जंगल बेरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें करीब 30 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने की। डॉ. डोगरा ने कहा कि शरीर के लिए स्वास्थ्य का महत्व वैसा ही है जैसे दीपक के लिए तेल। संतुलित आहार, मौसमी व ताजे फल-सब्जियां, सचेत भोजन की आदतें और जंक फूड से परहेज ही स्वस्थ जीवन की कुंजी हैं। उन्होंने बताया कि जैसे पौधों को सही देखभाल से विकसित किया जाता है, वैसे ही बच्चों और युवाओं को पोषण से भरपूर भोजन देकर उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। इस अवसर पर सुपरवाइजर रेखा देवी, एएनएम रुचि और सौरभ ठाकुर ने भी लोगों को जागरूक किया।

### बच्चों व शिक्षकों ने लगाए औषधीय पौधे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वन महोत्सव के उपलक्ष्य में पाठशाला स्पेशल स्कूल हमीरपुर द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नड्डियाना-रड्डियाना के जंगल क्षेत्र में संपन्न हुआ, जहां स्कूल के विशेष बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न औषधीय और छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर हरड़, बहेड़ा, जामुन, नीम और आंवला के पौधे रोपे गए। बच्चों ने बड़े उत्साह से पौधों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल की अध्यक्ष सविता शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण तैयार करने में मदद मिलती है। विशेष बच्चों ने बताया कि पौधे लगाने से हमें आक्सीजन मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी को पौधों की देखभाल करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दिलाया गया।

# कलसूईं-तराला व सरैना मार्ग बहाल

## विधायक नीरज नैय्यर की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रवासियों को मिली राहत



भूस्खलन से बंद कलसूईं से तराला सड़क मार्ग जेसीबी की मदद से खोलते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत देते हुए सदर चम्बा विधायक नीरज नैय्यर ने तुरंत संज्ञान लेकर कलसूईं से तराला और कलसूईं (रेनडोला) से सरैना सड़क मार्ग खोलने का कार्य शुरू करवा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने मंगलवार को ही फोन पर विधायक नीरज नैय्यर से आग्रह किया था कि सड़क मार्ग शीघ्र बहाल किए जाएं, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। विधायक ने जनता की इस समस्या पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को आदेश जारी किए और बुधवार सुबह से ही मशीनरी मौके पर तैनात कर दी गई।

लोगों ने विधायक नीरज नैय्यर की संवेदनशीलता और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ है। स्थानीय जनता ने कहा कि विधायक नीरज नैय्यर हमेशा जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं और तुरंत समाधान करवाते हैं, जिसके लिए हम पूरे क्षेत्र की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हैं।

### आपदा से उभरने में सीएम का दौरा साबित हुआ मील का पत्थर: नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर चंबा जिला में हालिया आपदा से हुए भारी नुकसान की जानकारी दी और त्वरित राहत कार्यों के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आपदा के बीच मुख्यमंत्री का समय पर चंबा पहुंचना और हालात का स्वयं जायजा लेना यहां के लोगों के लिए संजीवनी साबित हुआ। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री की सक्रियता से राहत और पुनर्वास कार्यों को गति मिली है, जिससे प्रभावित परिवारों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा से उबरने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों ने प्रशासनिक तंत्र को मजबूती दी है और कार्यों में पारदर्शिता आई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में चंबा जिला के लिए विशेष पैकेज और योजनाएं लाई जाएंगी, ताकि नुकसान की भरपाई तेजी से हो सके और प्रभावित लोग जल्द से जल्द सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि चंबा की जनता ने कठिन परिस्थितियों में धैर्य और साहस दिखाया है। मुख्यमंत्री का संवेदनशील रुख और त्वरित कदम यहां के लोगों के लिए नई आशा और विश्वास का प्रतीक हैं।

# पीएम मोदी ने राहत पैकेज से आपदा प्रभावितों को दी राहत: शिशु गुप्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के लिए 1,500 करोड़ की त्वरित सहायता राशि की घोषणा की है। यह निर्णय आपदा प्रभावित परिवारों को राहत देने और राज्य के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



प्रधानमंत्री ने 9 सितंबर को हिमाचल प्रदेश का हवाई सर्वेक्षण कर प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और कांगड़ा में समीक्षा बैठक कर केंद्र और राज्य सरकारों की राहत व पुनर्वास गतिविधियों का मूल्यांकन किया। घोषित पैकेज राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त के अग्रिम विमोचन से उपलब्ध कराया जाएगा।

इस राहत पैकेज में मृतकों के परिजनों को 2 लाख और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से क्षतिग्रस्त घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों व स्कूलों की मरम्मत, और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अतिरिक्त मदद शामिल है। पशुपालकों को मिनी किट, बिजली रहित किसानों को विशेष सहायता और जल संचयन संरचनाओं के निर्माण के लिए भी प्रावधान किया गया है। केंद्र ने विभिन्न मंत्रालयों की टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजकर नुकसान का विस्तृत आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

शिशु गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह घोषणा न केवल साहसपूर्ण है, बल्कि समयानुकूल भी है। इससे प्रदेश को तात्कालिक राहत मिलेगी और दीर्घकालिक पुनर्निर्माण योजनाओं में पारिस्थितिक संतुलन व जनकल्याण को प्राथमिकता दी जा सकेगी।

## आपदा पीड़ितों के लिए सुक्खू सरकार की संवेदनशील पहल: दिनेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं वर्तमान में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा पीड़ितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि भारी बरसात से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने कई राहत उपाय लागू किए हैं।

पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान के पुनर्निर्माण हेतु 7 लाख रुपये, आंशिक क्षति पर 1 लाख रुपये, दुकान/ढाबे पर 1 लाख रुपये और घर के सामान के नुकसान पर 70 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। किरायेदारों, गोशाला, तथा खेत-बगीचों की क्षति के लिए भी राहत प्रावधान किए गए हैं। किसानों को फसल, भूमि और पॉलीहाउस की हानि पर वित्तीय मदद दी जाएगी, वहीं पशुपालकों को भी प्रति पशु आर्थिक सहायता दी जाएगी।

डॉ. कुमार ने बताया कि मनरेगा में राहत कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सीमा बढ़ाई गई है, जिससे शीघ्र पुनर्वास संभव हो सके। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और किसान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि राहत योजनाओं को आपदा प्रभावित हर परिवार तक पहुंचाना सभी का सामाजिक दायित्व है।

## सांसद हर्ष महाजन, नेता प्रतिपक्ष जयराम व भाजपा नेताओं ने लिया नुकसान का जायजा

# प्रभावित परिवारों को सहायता का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हाल ही में चंबा जिला में हुई भारी बरसात से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन बुधवार को चंबा पहुंचे। इस दौरान उनके साथ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व विधायक विक्रम जरयाल तथा जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल भी मौजूद रहे।

सभी नेताओं ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों की समस्याओं को नजदीक से सुना। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं और हर संभव सहायता मुहैया करवाई जाएगी। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि बरसात से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र और राज्य सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की जाएगी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत मिले, इसके लिए भाजपा लगातार सरकार और प्रशासन से संपर्क में है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता भी जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं और हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेंगे। नेताओं का यह सामूहिक दौरा प्रभावित लोगों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आया है, जिससे उन्हें भरोसा मिला है कि आपदा की घड़ी में उनकी आवाज बुलंद की जाएगी और मदद हर हाल में पहुंचेगी।




### जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना की आपदा राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बुधवार को नूरपुर से चंबा जिले के आपदा प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री से भरे वाहनों का काफिला हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह राहत सामग्री विशेष रूप से चंबा जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि हालिया प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को समय पर सहयोग मिल सके। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अनेक वरिष्ठ नेता और गणमान्यजन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि चंबा जैसे दुर्गम जिले में प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य मानते हुए दिन-रात मेहनत की है। पार्टी नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह राहत सामग्री करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सहयोग और सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

## पंजीकृत कामगारों की ई-केवाईसी अनिवार्य: श्वेता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड चम्बा द्वारा पंजीकृत कामगारों की ई-केवाईसी (आधार सत्यापन) हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी कामगार अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र में जाकर आधार नंबर को मोबाइल नंबर से लिंक करवाएं ताकि ई-केवाईसी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि जो कामगार ई-केवाईसी नहीं करवाएंगे, वे भविष्य में बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाएंगे। श्रम अधिकारी ने सभी पंजीकृत कामगारों से अपील की कि इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को समय रहते पूरा करें। अधिक जानकारी के लिए जिला श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय, चंबा या दूरभाष नंबर 01899-294050 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जोगिंद्रनगर की जानवी ठाकुर ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, जोगिंद्रनगर की तीसरी कक्षा की छात्रा जानवी ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जानवी ने पंद्रहवीं अखिल भारतीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में एकल नृत्य श्रेणी में शानदार प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।यह प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हुई थी, जिसका संचालन रूट्स टू रूट्स संस्था ने संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया। यह आयोजन डिजिटल शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पन्न हुआ, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया।जानवी ने उत्तर भारत क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए शास्त्रीय एवं लोक नृत्य श्रेणी में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता एवं मार्गदर्शक विनोद गुलेरिया ने बताया कि जानवी को बचपन से ही नृत्य का शौक रहा है और निरंतर अभ्यास के बल पर उसने यह मुकाम हासिल किया है।

# पटड़ीघाट-चंदेश सड़क चार माह से बंद

## ग्रामीण बोले- विभाग की लापरवाही से हो रही पेरशानी, खुद कर रहे बहाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत तीन पंचायतों को आपस में जोड़ने वाली पटड़ीघाट-ज्वाली-गेहरा व चंदेश सड़क पिछले चार महीनों से बड़े वाहनों के लिए बंद पड़ी है। वहीं लगभग एक माह से छोटे वाहन भी इस सड़क पर नहीं निकल पा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस समस्या को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक सड़क बहाल नहीं हो सकी है। स्थानीय ग्रामीणों में दीना नाथ, दीवान चंद, कमलू, पवन कुमार, सोनू, मोनू, गुलजारी शर्मा आदि बताया कि मंगलवार को ज्वाली गांव के पास, जहां वर्ष 2023 में भारी भूस्खलन हुआ था, वहां सड़क से पत्थरों को हटाने और फिसलन भरे हिस्से में बड़े पत्थर डालकर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू करने का प्रयास कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने से न केवल छात्रों और मरीजों को समस्या हो रही है, बल्कि स्थानीय किसानों व व्यापारियों की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। लोगों ने विभाग से मांग की है कि शीघ्र ही सड़क को छोटे व बड़े वाहनों के लिए पूरी तरह बहाल किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।



भूस्खलन से बंद पड़ी सड़क को दुरुस्त करते हुए ग्रामीण।

### जेसीबी व टिप्पर भेजकर खोल दी जाएगी सड़क: भूपेंद्र

इस बारे में कनिष्ठ सहायक अभियंता बलद्वाड़ा भूपेंद्र पाल ने बताया कि जेसीबी व टिप्पर भेज कर सड़क को खोल दिया जाएगा।

## डॉ. सेजल नायक ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर अस्पताल में नई ऊर्जा और उम्मीद लेकर डॉक्टर सेजल नायक ने बतौर चिकित्सक कार्यभार संभाल लिया है। यह उनकी पहली नियुक्ति है। हाल ही में वर्ष 2025 की नीट पीजी परीक्षा में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 1673वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। डॉ. सेजल की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी राजगढ़, जिला सिरमौर से शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने दूसरी से चौथी कक्षा तक की पढ़ाई डीएवी नेरचौक, मंडी में की। पांचवीं से आठवीं तक मिनर्वा पब्लिक स्कूल सलूणी, जिला चंबा और नौवीं से बारहवीं तक डीएवी सीपीएस मंडी से शिक्षा प्राप्त की। इसके उपरांत आईजीएमसी शिमला से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। उनके पिता जेपी नायक लोक निर्माण विभाग डिवीजन जोगिंद्रनगर में अधिशासी अभियंता के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता बिमला भारद्वाज नायक पुलिस विभाग से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने अस्पताल पहुंचकर डॉ. सेजल नायक का मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उन्हें पहली नियुक्ति की बधाई दी। जीवन ठाकुर ने कहा कि जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल में शीघ्र ही सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को अब दूर-दराज के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना**
विकास खंड पंचरुखी, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

आज की पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदया द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना) में विभिन्न विकास कार्य हेतु इंटरलोक टाइल पेवर सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जानी हैः-

1. Interlock paver tile 40mm
2. Interlock paver tile 60mm
3. Interlock paver tile 80mm

**नियम व शर्तेः-**

❖ इच्छुक विक्रेता/फर्म के पास GST नंबर होना अनिवार्य है।
❖ कोटेशन में मूल मूल्य व GST दर (GST राशि) अलग से दर्शाना आवश्यक है।
❖ सभी बिलों में GST अलग से इंदराज किया जाना अनिवार्य है।
❖ टाइल की गुणवत्ता सही ना होने पर निविदा पंचायत द्वारा रद्द की जा सकती है।
❖ सभी कोटेशन दिनांक 19.09.2025 शाम 5.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना) में पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं बंद लिफाफे में जमा करवाएं। कोटेशन दिनांक 20.09.2025 को सुबह 11.00 बजे पंचायत कार्यालय में समस्त पंचायत सदस्यों के समक्ष खोली जाएंगी।

**प्रधान /सचिव**
**ग्राम पंचायत, भरवाना विकास खंड**
**पंचरूखी तह. पालमुपर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत धानग**
विकास खंड व तह. बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

**Gram Panchayat Dhanag, Kharanal, Bhattu, and Kandral** invite sealed quotations for the supply of the following items:

❖ Power Weeder (7 HP)
❖ Tailoring/Sewing Machine
❖ Spray Pumps
❖ Chaff Cutter
❖ Carpentry Equipment
❖ Agriculture Mini Kit (5 items min.)

***Important Information***

**Quotation Deadline:** All quotations must be from **Kangra District only and** Closer to Baijnath and submitted to their **respective Panchayat Offices by 3:00 PM on September 16, 2025** and Opened thereafter in front of Panchayat Representative.

❖ **Quotation Format:** The specific format for the quotation can be obtained from the Panchayat Office, Dhanag.
❖ **Final Decision:** The final selection will be made by the Panchayat committee, led by the Pradhan.

**प्रधान ग्राम पंचायत**

# तीसरे दिन पहुंचा विधायक चंद्रशेखर का आमरण अनशन, शुगर लेवल हुआ कम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



### मुख्यमंत्री सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री ने जाना हाल

जालंधर-मंडी निर्माणाधीन नेशनल हाईवे को लेकर धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर का आमरण अनशन तीसरे दिन में प्रवेश कर गया है। विधायक का आरोप है कि लापरवाह अधिकारियों और निर्माण कंपनी की वजह से उनके विधानसभा क्षेत्र की हजारों जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने साफ कहा कि जब तक एनएचएआई के अधिकारियों और ठेकेदारों को नहीं बदला जाएगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

चंद्रशेखर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनके क्षेत्र में 43 किलोमीटर सड़क का निर्माण लंबे समय से अधर में लटका है। विकास के नाम पर विनाश हो रहा है और अब तक 26 सरकारी कार्यालय, पांच स्कूल, 33 केवी बिजली लाइनें, कई घर, गौशालाएं, जमीनें और फसलें तबाह हो चुकी हैं। बिजली, पानी और परिवहन सेवाएं ठप हैं, जिससे आम जनता, स्कूलों के बच्चों और सरकारी कर्मचारियों को भारी मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता की पीड़ा को देखते हुए उन्होंने अनशन का रास्ता चुना है, ताकि गैर-कानूनी आंदोलन की स्थिति न बने। मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री ने विधायक का हालचाल जाना है, जबकि डॉक्टरों की टीम लगातार उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। खबर लिखे जाने तक उनका शुगर लेवल गिर गया था, जिस पर डॉक्टरों ने चिंता जताई है। प्रशासन भी हालात पर नजर बनाए हुए है। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा और डीसीपी संजीव गौतम ने दौरा किया। राष्ट्रीय राजमार्ग मौर्थ के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि स्लाइडिंग जैसी कुछ समस्याएं जरूर हैं, लेकिन मशीनरी तैनात है और समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधायक से संवाद के लिए बैठक कराने की पहल प्रशासन से की गई है। चंद्रशेखर ने उम्मीद जताई कि सांसद अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी उनकी बात जरूर सुनेंगे।

## सामाजिक कार्यकर्ता की 'आंखें खोलो सरकार' भूख हड़ताल का तीसरे दिन में प्रवेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एनएच निर्माण संबंधित समस्याओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज द्वारा जारी 'आंखें खोलो सरकार' सांकेतिक हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर गई। इस दौरान प्रशासन व सड़क परिवहन मंत्रालय की तरफ से कोई अधिकारी हड़ताल स्थल पर नहीं आया। हड़ताल स्थल पर समर्थन देने पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता राम लाल शर्मा ने बताया कि एनएच का निर्माण उनके घर से होकर नहीं हो रहा है, लेकिन वो एनएच की गुणवत्ता से संतुष्ट नहीं है और इसलिए वो समर्थन में उतरे हैं, जबकि अमर सिंह, मदन लाल इत्यादि ने भारद्वाज की उस मांग का समर्थन किया हैं, जिसमें उन्होंने विधानसभा धर्मपुर और सरकाघाट तथा संसदीय क्षेत्र मंडी व हमीरपुर के नेताओं व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को नितिन गडकरी के कार्यालय या घर के बाहर सिर्फ एक घंटे बैठने का सुझाव रखा हैं। उनके समर्थन में जगदीश नरयाल, सुरेश कुमार, एमके भारद्वाज, एनसी भारद्वाज, रणजीत सिंह, हरिदास प्रजापति तथा हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के सभी कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी मासिक बैठक भी यहीं की।

स्त्री और पुरुष जन्म से ही स्वतंत्र हैं, इसलिए दोनों को सभी अधिकार समान रूप से भोगने का अवसर प्रदान होना चाहिए। -ज्योतिबा फुले

## संपादकीय

# लोकतंत्र बनाम भीड़तंत्र

दुनिया का कोई भी देश लोकतंत्र की राह पर आगे बढ़ते हुए हिंसा को वैध नहीं ठहरा सकता। संवाद, सहमति और शांति के साथ मतभेदों का समाधान ही लोकतंत्र है, लेकिन वर्तमान में नेपाल और फ्रांस की परिस्थितियां यही संकेत देती हैं कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास बढ़ रहा है और जनता का गुस्सा हिंसा का रूप ले रहा है। यह स्थिति न केवल स्थानीय, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय है। नेपाल में जिस तरह में हिंसा का दौर चल रहा है उसने लोकतंत्र की मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है।

विरोध और असहमति का अधिकार हर नागरिक का है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि कोई भी समूह भीड़ के सहारे सत्ता पलटने की कोशिश करे। लोकतंत्र में तख्तापलट का भी एक तरीका होता है- संवैधानिक प्रक्रिया, सदन में अविश्वास प्रस्ताव, चुनाव या शांतिपूर्ण आंदोलन, लेकिन नेपाल में हिंसा की जो तस्वीरें सामने आईं, वे बेहद शर्मनाक हैं। मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं, हुक्मरानों को मौत के घाट उतारने की कोशिशें और भीड़तंत्र का हावी होना-किसी भी देश के लिए बड़ा खतरा होता है। नेपाल के हालात इस ओर इशारा करते हैं कि राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता संघर्ष ने आम जनता को निराश कर दिया है। जब जनता को भरोसा नहीं रहता कि राजनीतिक दल उनकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, तो निराशा अक्सर उग्र रूप ले लेती है, लेकिन फिर भी हिंसा किसी भी सूरत में समाधान नहीं हो सकती।

दूसरी ओर, यूरोप के मजबूत लोकतंत्रों में गिने जाने वाले फ्रांस में भी सड़कों पर असंतोष की आग दिख रही है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की नीतियों के खिलाफ 1 लाख से अधिक लोग सड़कों पर उतर आए हैं। यह विरोध लेफ्ट पार्टियों के आह्वान पर शुरू हुआ और इसे ब्लॉक एवरीथिंग नाम दिया गया। फ्रांस की जनता का बड़ा वर्ग मानता है कि मैक्रों की नीतियां गरीबों और मध्यम वर्ग के हितों की अनदेखी कर अमीर वर्ग को लाभ पहुंचाने वाली हैं। सरकार ने बजट कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं, लेकिन इन सुधारों का बोझ श्रमिक वर्ग और आम जनता पर बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि मध्यम वर्ग, जो किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होता है, आज सबसे ज्यादा आक्रोशित दिखाई दे रहा है।

गौर करने वाली बात यह भी है कि पिछले दो साल में फ्रांस में पांच प्रधानमंत्रियों का बदलना वहां की राजनीतिक अस्थिरता का प्रमाण है। हाल ही में फ्रांस्वा बायरू के इस्तीफे और सेबास्टियन लेकोर्नू की नियुक्ति ने एक बार फिर इस अस्थिरता को उजागर किया है। ऐसे माहौल में जनता का गुस्सा स्वाभाविक है। नेपाल और फ्रांस-दोनों देशों की घटनाएं इस ओर इशारा करती हैं कि लोकतंत्र और भीड़तंत्र के बीच की रेखा कितनी बार धुंधली हो जाती है। लोकतंत्र तभी सफल होता है जब जनता को विश्वास हो कि उनकी आवाज सुनी जाएगी। अगर सरकारें जनता की समस्याओं की अनदेखी करें, तो असंतोष बढ़ता है, लेकिन जब जनता असंतोष को हिंसा के जरिए व्यक्त करती है, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें कमजोर होती हैं।

नेपाल का उदाहरण बताता है कि राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता संघर्ष कैसे लोकतंत्र को असुरक्षित बना सकता है। वहीं, फ्रांस की स्थिति यह दर्शाती है कि अगर सरकार आर्थिक सुधारों के नाम पर आम जनता की जरूरतों की अनदेखी करे, तो जनता सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटती। आज की वैश्विक दुनिया में किसी एक देश की अस्थिरता का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है। नेपाल दक्षिण एशिया का संवेदनशील देश है, जहां अस्थिरता भारत और चीन दोनों के लिए चिंता का कारण बन सकती है। वहीं, फ्रांस यूरोपियन यूनियन का अहम स्तंभ है और वहां अस्थिरता का असर पूरे यूरोप पर पड़ेगा।

इन हालात से सबक यह है कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकारों को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील होना पड़ेगा। लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि जनता के साथ संवाद कायम रखना भी होता है। नेपाल में राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि हिंसा का रास्ता न केवल देश की छवि को खराब करता है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव को भी हिला देता है। सत्ता संघर्ष को संवैधानिक दायरे में हल करना ही सबसे बेहतर विकल्प है। वहीं, फ्रांस सरकार को चाहिए कि वह जनता के आक्रोश को समझे और नीतियों में संतुलन बनाए। आर्थिक सुधार जरूरी हैं, लेकिन उनके बोझ का बंटवारा न्यायपूर्ण तरीके से होना चाहिए।

नेपाल और फ्रांस- दोनों जगहों पर जनता का गुस्सा और असंतोष लोकतंत्र की असल परीक्षा है। लोकतंत्र तभी टिकेगा जब जनता को विश्वास होगा कि उनकी आवाज सुनी जा रही है। हिंसा और अराजकता केवल अंधकार की ओर ले जाती है। उम्मीद यही की जानी चाहिए कि नेपाल और फ्रांस दोनों ही देशों की सरकारें और राजनीतिक दल संवेदनशीलता के साथ संवाद का रास्ता अपनाएंगे और स्थायी शांति की दिशा में कदम बढ़ाएंगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री

**श्रेया** सरन भटनागर एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो मुख्यत: तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम करती हैं। हालांकि सरन एक नर्तकी बनने की ख्वाहिश रखती थीं, लेकिन उन्होंने अभिनेत्री का रूप धारण कर लिया और तेलुगु फिल्म इष्टम (2001) से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उन्हें अपनी पहली व्यावसायिक सफलता संतोषम (2002) से मिली । सरन इसके बाद हिंदी और तमिल फिल्मों के साथ-साथ नेनुन्नानु और छत्रपति जैसी कई सफल तेलुगु फिल्मों में नजर आईं । तुझे मेरी कसम से हिंदी में शुरुआत करने के बाद, उन्होंने आवारापन में अपनी भूमिका के लिए आलोचकों की प्रशंसा प्राप्त की। श्रेया सरन भटनागर का जन्म एक कायस्थ परिवार में हुआ था, उनके माता-पिता पुष्पेंद्र सरन भटनागर और नीरजा सरन भटनागर हैं। उनके पिता भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में काम करते थे और उनकी मां दिल्ली पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली में रसायन विज्ञान की शिक्षिका थीं। सरन ने अपनी स्कूली शिक्षा दोनों स्कूलों से पूरी की जहां उनकी मां ने पढ़ाया था। उनका एक बड़ा भाई अभिरूप है जो मुंबई में रहता है। सरन की मातृभाषा हिंदी है। ■



श्रेया सरन भटनागर
**जन्म** :11 सितंबर 1982



कविता

## द्वार हृदय के खोल

शिव सान्याल, मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*पावन मन से ही सदा, राम राम नित बोल।*
*आएंगे श्री राम जी, द्वार हृदय के खोल।*
*द्वार हृदय के खोल, पुकारो सच्चे मन से।*
*करिए उत्तम काम, सदा ही अपने तन से।*
*रहिए गुरु के संग, पकड़ कर रखिए दामन।*
*सुथरी सोच विचार, करे मन अपना पावन।*
*छोड़ लूट करना ठगी, मीठा मुख से बोल।*
*बहुत हुआ अब तो मनुज, द्वार हृदय के खोल।*
*काम क्रोध में खो गया, जीवन यह अनमोल।*
*भज ले हरि का नाम रे, द्वार मुख के खोल।*
*कपटी माया दोगली, देख गया मन डोल।*
*मेरा मेरी छोड़ दे, द्वार हृदय के खोल।*
*धन दौलत की चाह में, रहा जिंदगी रोल।*
*जाता कब कुछ साथ है, द्वार हृदय के खोल।*
*द्वार हृदय के खोल के, करले सुथरे काम।*
*अंत समय यह काम का, बोल राम ही राम।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मोहन भागवत का जीवन राष्ट्रसेवा और विचारनिष्ठा की मिसाल




आज 11 सितंबर है। यह दिन इतिहास में कई महत्वपूर्ण घटनाओं और स्मृतियों का साक्षी है। 1893 में इसी दिन स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्व धर्म महासभा को संबोधित करते हुए 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से ओतप्रोत विश्व बंधुत्व का संदेश दिया था। वहीं, 2001 में इसी दिन अमेरिका में 9/11 के रूप में इतिहास के सबसे भयावह आतंकी हमलों में से एक हुआ, जिसने मानवता और विश्व शांति को गहरा आघात पहुंचाया। इन दोनों स्मृतियों के बीच आज का दिन एक और कारण से विशेष है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक, मोहन भागवत का 75वां जन्मदिवस है-एक ऐसा व्यक्तित्व जिन्होंने विश्व बंधुत्व, समरसता और राष्ट्रीय एकता को जीवन का उद्देश्य बनाया।



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

यह भी एक सुखद संयोग है कि जिस वर्ष मोहन भागवत 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, उसी वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। एक ओर संघ की सौ वर्ष की संगठित तपस्या और दूसरी ओर मोहन भागवत जैसे दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता की प्रेरणा-यह समय राष्ट्र के लिए नई ऊर्जा और नवसंकल्प का अवसर बनकर आया है। मोहन भागवत जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और मां भारती से उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं। मोहन भागवत का जीवन राष्ट्रसेवा और विचारनिष्ठा की मिसाल है। राष्ट्रसेवा के संस्कार उन्हें विरासत में मिले। उनके पिता, स्व. मधुकरराव भागवत, संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे। मैंने स्वयं मधुकरराव जी के साथ निकटता से काम किया है और अपनी पुस्तक 'ज्योतिपुंज' में उनके योगदान का उल्लेख किया है। वकालत के साथ-साथ उन्होंने जीवनभर राष्ट्र निर्माण के कार्य में स्वयं को समर्पित रखा। उन्होंने अपने पुत्र मोहनराव को भी इन्हीं मूल्यों और आदर्शों के साथ तैयार किया। एक पारसमणि ने जैसे दूसरी पारसमणि को गढ़ दिया। मोहन भागवत 1970 के दशक के मध्य में संघ के प्रचारक बने।

यह वह समय था जब देश आपातकाल की परिस्थिति से गुजर रहा था। उस चुनौतीपूर्ण समय में उन्होंने महाराष्ट्र के विदर्भ जैसे क्षेत्रों में संघ कार्य को जीवित और गतिशील बनाए रखा। आपातकाल विरोधी आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई और विचार की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य किया। इसके बाद उन्होंने बिहार और अन्य राज्यों में भी काम किया, जहां उन्होंने समाज के पिछड़े वर्गों के बीच रहकर संगठन का कार्य विस्तार किया। 1990 के दशक में वे अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख बनाए गए और फिर 2000 में सरकार्यवाह का दायित्व संभाला। 2009 में जब वे सरसंघचालक बने, तो उन्होंने संगठन को नई दृष्टि और दिशा दी। उन्होंने परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए संघ कार्य को समयानुकूल परिवर्तन के साथ आगे बढ़ाया। उनके कार्यकाल में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जैसे गणवेश परिवर्तन, संघ शिक्षा वर्गों की पुनर्रचना और संघ में संवाद एवं टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रयोग को स्वीकारना। कोरोना महामारी के समय मोहन के मार्गदर्शन में संघ स्वयंसेवकों ने अभूतपूर्व सेवा कार्य किए। उन्होंने स्वयंसेवकों को सुरक्षित रहते हुए समाजसेवा के कार्यों में जुटने के लिए प्रेरित किया। देशभर में मेडिकल कैंप, राशन वितरण, रक्तदान और तकनीकी माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाए गए। कई स्वयंसेवकों ने इस सेवा कार्य में अपने प्राण तक न्योछावर किए, पर मोहन जी की प्रेरणा से किसी का हौसला नहीं टूटा। मोहन भागवत का व्यक्तित्व गंभीर, मृदुभाषी और संवेदनशील है।

अनंत ज्ञान

वे सुनना जानते हैं, संवाद में विश्वास रखते हैं और हर वर्ग, विशेषकर युवाओं से गहरा जुड़ाव रखते हैं। वे निरंतर स्वयंसेवकों से मिलते हैं, मार्गदर्शन करते हैं और विचार विनिमय में संकोच नहीं करते। यही कारण है कि संघ कार्य आज युवाओं में अधिक प्रासंगिक और प्रेरक बन पाया है। वे आधुनिकता के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले नेता हैं, जिन्होंने परंपरा को नई सोच के साथ जोड़ा। उनका एक विशिष्ट योगदान 'पंच परिवर्तन' के रूप में सामने आया है- स्वबोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण। ये पांच सूत्र उन्होंने संगठन और समाज को आत्मावलोकन और नव निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रस्तुत किए हैं। इनके माध्यम से वे यह संदेश देते हैं कि राष्ट्र निर्माण केवल नारे से नहीं, आचरण और व्यवहार से होता है। मोहन भागवत जी का जीवन सिर्फ एक संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक नैतिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतिनिधित्व है।

सरसंघचालक का पद संघ के भीतर केवल नेतृत्व नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास, आदर्श और त्याग की पराकाष्ठा का प्रतीक माना जाता है। मोहन जी ने इस विश्वास को न केवल निभाया है, बल्कि उसे नई ऊंचाइयां दी हैं। वे केवल संगठन के भीतर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विमर्श में भी एक महत्वपूर्ण और सम्मानित आवाज बने हैं। संघ की 100 वर्ष की इस यात्रा में यह कालखंड मोहन भागवत के नेतृत्व में सबसे अधिक परिवर्तन, संवाद और सामाजिक विस्तार का रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों को केवल शाखा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि समाज के हर वर्ग, हर समस्या और हर जरूरत से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने संघ को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अधिक जागरूक, सक्रिय और संवेदनशील बनाया है।

आज जब संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और यह दिन गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती और विजयादशमी के शुभ अवसर के साथ आ रहा है, तब यह हमें सोचने का अवसर देता है कि भारत को सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोहन भागवत जैसे नेतृत्वकर्ताओं की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। मैं मां भारती से प्रार्थना करता हूं कि वे मोहन भागवत जी को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें, ताकि वे अपने विचारों और कार्यों से देश को और आगे ले जाने की प्रेरणा देते रहें। उनके 75वें जन्मदिवस के इस विशेष अवसर पर मैं उन्हें सादर नमन करता हूं और समस्त स्वयंसेवकों की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# धार्मिकता के नाम पर मानव ढोंग और मृत संवेदनाएं

हमारा भारत वर्ष कृषि प्रधान होने के साथ-साथ 'धर्म प्रधान' देश भी माना जाता है। यहां सुबह चार बजे से ही विभिन्न धर्मों के लोग अपने-अपने आराध्य को खुश करने के 'मिशन' में अपने अपने तरीके से जुट जाते हैं।



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

धर्मस्थलों में लगे लाउडस्पीकर ब्रह्म मुहूर्त में ही देशवासियों को अपने-अपने आराध्य व अपने देवालयों की ओर आकर्षित करने लगते हैं। इसके अलावा भी देशभर में निकलने वाले विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूस, शोभा यात्राएं, सत्संग में होने वाले संतों के प्रवचन, धर्म जागरण के नाम पर चलने वाले अनेक अतिवादी मिशन, कांवड़ जैसी यात्राएं महाकुंभ जैसे विश्व स्तरीय आयोजन हमारे धर्म प्रधान देश के लोग बेहद धार्मिक, संवेदनशील और मानवता की कद्र करने वाले लोग होंगे। रोजाना जगह-जगह लगने वाले लंगर, देश भर में संचालित हो रही अनेकानेक जनसेवी संस्थाएं भी इसी बात का एहसास दिलाती हैं, परंतु इसी 'धर्म प्रधान देश' से जहां मानवता की मिसाल पेश करने वाले अनेकानेक किस्से सुनाई देते हैं, वहीं कुछ घटनाएं ऐसी भी सामने आती हैं जिन्हें सुनकर ऐसा लगता है गोया इसी भारतीय समाज के ही कुछ लोगों की संवेदनाएं बिलकुल ही मुर्दा हो चुकी हैं। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया।



समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली-गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे। अब इन्हीं बच्चों पर अपने मृत पिता के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी थी। उसका कोई भी रिश्तेदार या पड़ोसी अंतिम संस्कार करने के लिए सामने नहीं आया। बच्चों की दादी आई भी तो रो पीट कर वापस चली गई। बच्चे अंतिम संस्कार करने या उसके लिए सहायता करने की भीख समाज से मांगते रहे। यहां तक कि तीन दिन तक लाश घर में सड़ती रही।

अनंत ज्ञान

जरा सोचिए कि क्या गुजर रही होगी उन मासूम बच्चों पर जब वे अपने बाप की रेहड़ी पर ही अपने बाप की सड़ी हुई लाश रखकर लोगों से अंतिम संस्कार हेतु पैसे मांगते फिर रहे होंगे? जब यह बच्चे ठेले पर लाश लेकर श्मशानघाट पहुंचे तो बताया गया कि वहां जलाने हेतु लकड़ी नहीं है और फिर जब यह बेगुनाह मासूम अपने बाप के शव को लेकर कब्रिस्तान पहुंचे तो कब्रिस्तान वालों ने यह कहकर लाश को दफ्न करने से मना कर दिया कि यह शव हिंदू का है ।

आखिरकार बच्चे लाश को ठेले पर रखकर सड़क पर खड़े होकर रोने बिलखने लगे। कोई दुर्गंध से अपनी नाक बंद कर गुज़र जाता तो कोई उन बदनसीब बच्चों की फोटो खींचता या वीडीओ बनाता, परंतु मदद करने के लिए 'धर्म जागृत समाज ' का कोई भी व्यक्ति सामने न आता। क्या इस तरह की घटनाएं इस बात का सुबूत नहीं कि हमारे धर्म प्रधान देश में होने वाले इस तरह के हादसों के बाद केवल किसी इंसान की ही मौत नहीं होती, बल्कि यह मानवता की मौत भी है। इससे यह भी पता चलता है कि धार्मिकता का ढोंग करने वाले ऐसे लोगों की संवेदनाएं पूरे तरह मृत हो चुकी हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**औद्योगिक** विकास किसी भी देश की आर्थिक तरक्की के लिए आवश्यक है, लेकिन यदि यह बिना पर्यावरणीय संतुलन का ध्यान रखे किया जाए, तो यह विकास विनाश का कारण बन सकता है। आधुनिक उद्योगों से निकलने वाले रासायनिक कचरे, गैसों और अपशिष्ट पदार्थों से जल, वायु और भूमि प्रदूषित हो रही है। इस प्रदूषण का सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य, वन्य जीवन और कृषि पर पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहां फैक्ट्रियों का कचरा बिना उपचार के जलस्रोतों में डाला जा रहा है, वहां के लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सरकार और संबंधित विभागों को चाहिए कि वे प्रदूषण नियंत्रण नियमों का सख्ती से पालन कराएं और उद्योगों को पर्यावरण मित्र तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करें, ताकि विकास के साथ प्रकृति और जीवन की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। **रितिक नाग, धर्मशाला**

# दक्षिण बनाम दक्षिण की 'जंग' में सीपी राधाकृष्णन की जीत

दक्षिण बनाम दक्षिण की जंग में सीपी राधाकृष्णन की जीत हुई है। भारत के उपराष्ट्रपति का पद न केवल संवैधानिक गरिमा का प्रतीक है, बल्कि संसद के उच्च सदन, राज्यसभा का सभापति होने के नाते यह देश की विधायी प्रक्रिया में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रपति के बाद यह देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है, जिस पर ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति अपेक्षित है जो संविधान की गरिमा बनाए रखने, राजनीतिक संतुलन बनाए रखने और संसद चलाने का दायित्व निभा सके। 21 जुलाई 2025 को तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के बाद यह पद रिक्त हो गया था। इसके बाद एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया।



प्रो. रतन नेगी
कुल्लू (हि.प्र.)

राधाकृष्णन तमिलनाडु की एक प्रमुख ओबीसी जाति गौंडर से आते हैं, उनकी आरएसएस पृष्ठभूमि रही है और वे भाजपा में वरिष्ठ नेता भी हैं। वे दो बार लोकसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। दूसरी ओर, विपक्ष ने तेलंगाना से संबंध रखने वाले और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने उन्हें 'स्वच्छ छवि वाला, गैर-राजनीतिक चेहरा' बताया और इस चुनाव को संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के तौर पर पेश किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 66 के तहत, उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों-लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्यों द्वारा किया जाता है।

यह चुनाव गुप्त मतदान और एकल संक्रमणीय मत प्रणाली के तहत होता है, जिससे निष्पक्षता सुनिश्चित होती है और इस चुनाव में व्हिप जारी नहीं किया जाता है। यह चुनाव 9 सितंबर 2025 को हुआ था, जिसमें कुल 781 सांसदों में से 767 ने मतदान किया, जिससे 98.2% मतदान हुआ। इनमें से 15 मत अवैध घोषित किए गए और 752 मत वैध पाए गए। इस चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को 452 और इंडिया अलायंस के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 300 मत मिले। इस प्रकार राधाकृष्णन 152 मतों के भारी अंतर से विजयी हुए। विपक्ष का दावा था कि उसे इस चुनाव में कुल 315 वोट मिलेंगे, लेकिन यह आंकड़ा 300 पर ही रुक गया। इस चुनाव में 13 सांसद अनुपस्थित रहे, जिनमें 4 भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस), 7 बीजू जनता दल (बीजेडी), 1 शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) और 1 निर्दलीय सांसद शामिल थे।



अनंत ज्ञान

एनडीए ने पहले ही जीत का दावा कर दिया था, क्योंकि उसे 427 सांसदों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन राधाकृष्णन को मिले 452 वोटों से संकेत मिलता है कि कम से कम 25 वोट विपक्ष से 'क्रॉस-वोटिंग' के जरिए आए थे। हालांकि, विपक्ष ने दावा किया कि उसके सभी सांसद एकजुट रहे और मतदान में भाग लिया।

इस चुनाव की एक और खास बात यह थी कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से थे, इसलिए मीडिया और विश्लेषकों ने इसे 'दक्षिण बनाम दक्षिण' राजनीतिक मुकाबला कहा। तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य अभी भी भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं, जहां पार्टी की जड़ें उत्तर भारत जितनी गहरी नहीं हैं। ऐसे में भाजपा ने तमिलनाडु से ओबीसी पृष्ठभूमि वाले एक अनुभवी नेता को उपराष्ट्रपति बनाकर बड़ा राजनीतिक संकेत दिया है। सीपी राधाकृष्णन ओबीसी समुदाय से आते हैं और तमिलनाडु में ओबीसी आबादी लगभग 50% है। विपक्ष लगातार ओबीसी आरक्षण, जाति जनगणना और अधिकारों का मुद्दा उठा रहा है।

ऐसे समय में भाजपा द्वारा किसी ओबीसी नेता को इतने बड़े पद पर नियुक्त करना एक कड़ी राजनीतिक प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा की यह रणनीति न केवल ओबीसी वोट बैंक को आकर्षित करने की है, बल्कि दक्षिण भारत में अपनी राजनीतिक जमीन बनाने की भी कोशिश है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दक्षिण भारत में राधाकृष्णन को बड़ा चेहरा बनाकर भाजपा वहां अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत कर पाती है। साथ ही, ओबीसी मतदाता भाजपा की ओर झुकाव दिखाते हैं या नहीं। फिलहाल, इस चुनाव ने यह साफ कर दिया है कि दक्षिण भारत अब भारतीय राजनीति का अगला रणक्षेत्र बनता जा रहा है और सभी प्रमुख राजनीतिक दल यहां अपने-अपने समीकरण और रणनीति बनाने में जुटे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अफगानिस्तान में त्रासदी:वनदायिनी पर जीवन का संकट

अफगानिस्तान की मौजूदा स्थिति महिलाओं के लिए 21वीं सदी की सबसे भीषण त्रासदी बन चुकी है। जिन माताओं ने पुरुषों को जन्म दिया, आज वही जीवनदायिनी महिलाएं अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के समय भी उन्हें धार्मिक नियमों के नाम पर राहत से वंचित रखा जा रहा है। शरिया कानून की गलत व्याख्या के कारण 'स्किन टू स्किन' संपर्क वर्जित है, जिस वजह से पुरुष राहतकर्मी मलबे में दबी महिलाओं को छूने तक से डरते रहे। 31 अगस्त 2025 को आए 6.0 तीव्रता के भूकंप ने केवल इमारतें नहीं गिराईं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी चकनाचूर कर दिया।



डॉ. निवेदिता शर्मा
मप्र बाल आयोग की सदस्य

शुरुआती 36 घंटों तक महिलाओं को राहत नहीं मिल सकी, क्योंकि पुरुष बचावकर्मी उन्हें छूने से कतराते रहे। यह त्रासदी इसलिए और भयावह हो गई, क्योंकि महिलाओं की मदद करने के बजाय उन्हें कपड़ों से खींचा गया या मरने के लिए छोड़ दिया गया। यह दृश्य अफगान समाज में महिलाओं की स्थिति की भयावहता को उजागर करता है, जहां उन्हें सिर्फ एक 'स्त्री' मानकर मानवता से नीचे रखा जाता है। इतिहास गवाह है कि अफगान महिलाओं की स्थिति हमेशा अस्थिर रही है।



1970 के दशक में कुछ प्रगति हुई थी, 2001 में अमेरिका की उपस्थिति ने थोड़ी राहत दी, लेकिन 2021 में तालिबान की वापसी ने एक बार फिर महिलाओं को अंधकार में धकेल दिया। इस बार, भूकंप जैसी आपदा के समय महिलाओं की उपेक्षा केवल सामाजिक या धार्मिक नियमों के पालन का नहीं, बल्कि शासन की क्रूर मानसिकता का परिणाम है। एक पीड़िता 'आयशा' के अनुसार, महिलाओं को राहत शिविरों में एक कोने में छोड़ दिया गया और भुला दिया गया।

अनंत ज्ञान

बचावकर्मी भी डर के कारण मदद नहीं कर सके। इस पूरे परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भूमिका भी निराशाजनक रही। संयुक्त राष्ट्र महिला (UN Women) जैसी संस्थाओं ने भले चेतावनी दी हो, लेकिन व्यवहारिक दबाव डालने में वे विफल रहीं। इस्लामी देशों का संगठन (OIC) और मुस्लिम राष्ट्र भी मौन रहे, जिससे तालिबान को खुली छूट मिल गई। वास्तव में, महिलाओं को राहत कार्यों से बाहर रखना केवल वर्तमान नहीं, भविष्य को भी अंधकारमय बना रहा है। जब महिला डॉक्टर और शिक्षिका नहीं होंगी, तो स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था कैसे चलेगी? यह एक प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा हयह स्थिति इस्लाम या शरिया के नाम पर न्यायोचित नहीं ठहराई जा सकती।

यह न केवल अफगान महिलाओं की, बल्कि पूरी मानवता की असफलता है। यह केवल तालिबान की नीतियों की वजह से नहीं, बल्कि वैश्विक उदासीनता के कारण भी है। अब समय है कि पूरी दुनिया एकजुट होकर अफगानिस्तान की महिलाओं के लिए आवाज उठाए। सिर्फ निंदा नहीं, ठोस कूटनीतिक और मानवीय हस्तक्षेप आवश्यक है। महिलाओं को जीवन, सम्मान और सुरक्षा मिले—यह न केवल एक देश की, बल्कि वैश्विक नैतिक जिम्मेदारी है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रभावितों को बांटी 75 रिलीफ किटें

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आपदा प्रभावित परिवारों के लिए राहत कार्य लगातार जारी है। इसी कड़ी में एनजीओ डूअर्स ने एसबीआई कार्ड के सौजन्य से जोगिंद्रनगर उपमंडल के प्रभावित परिवारों को 75 रिलीफ किटें वितरित कीं। प्रशासन द्वारा इस अवसर पर सभी प्रभावित परिवारों को मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर में बुलाया गया, जहां राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम मनीष चौधरी और तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। एनजीओ डूअर्स की ओर से दुर्गा बहादुर ने बताया गया कि प्रत्येक राहत किट में प्रभावित परिवारों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दो गद्दे, एक जोड़ी जूते, एक सोलर लाइट और एक किचन सेट शामिल किया गया है। इस दौरान एनजीओ डूअर्स की प्रभारी अनुराधा व उनकी टीम भी मौजूद रही।

### चौक-महादेव मार्ग पर लगाएं गति अवरोधक

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के चौक-महादेव संपर्क मार्ग पर गति अवरोधक लगाने की मांग जोर पकड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से घनी आबादी वाला महादेव क्षेत्र जुड़ा है, जहां आंगनबाड़ी, प्राइमरी स्कूल, आयुर्वेदिक औषधालय, वेटरनरी केंद्र, पटवार खाना और सहकारी डिपो जैसे कई संस्थान स्थित हैं। साथ ही छोटे उद्यमियों का भी कारोबार यहां सक्रिय है, जिस कारण वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार से दौड़ते दोपहिया और अन्य वाहन विद्यार्थियों व आम नागरिकों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। स्थानीय बुद्धिजीवियों ने लोक निर्माण विभाग और उपायुक्त मंडी से आग्रह किया है कि सुरक्षा को देखते हुए मार्ग पर उचित स्थानों पर मजबूत गति अवरोधक लगाए जाएं ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### वित्तीय सहायता का सदुपयोग करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने बाढ़ की आपदा से बुरी तरह प्रभावित प्रदेश वासियों के लिए प्रधानमंत्री की 1500 करोड़ की वित्तीय सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने हिमाचलियों को परिवार की तरह मानते हैं। उन्होंने हिमाचल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जिस प्रकार हवाई सर्वेक्षण किया तथा पीड़ितों को ढांढस बंधाया, वह उनकी संवेदनशीलता तथा हिमाचल वासियों के प्रति प्रेम, विश्वास और स्नेह को दर्शाता है। वह निश्चित ही इस आपदा से उबरने की दिशा में कारगर होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयास आम लोगों की पीड़ा कम करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि केंद्र सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता का सदुपयोग करते हुए जमीनी धरातल पर स्थिति सामान्य हो इसके लिए शीघ्रता से प्रयास किए जाएं। अजय ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर कहा कि पैसे का रोना ना रोकर, प्रदेश हित के लिए कार्य करें।

### बच्चों को नशा मुक्ति व पोषण पर दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** खकरियाना स्कूल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के 10 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेष रूप से छात्राओं सहित बच्चों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने की। उन्होंने बच्चों को भविष्य के प्रति सजग रहने, सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। डॉ. पुष्प लता ने एनीमिया और माहवारी प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी, जबकि रजनीश शर्मा ने संतुलित आहार, पोषण तथा पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बाल विकास परियोजना अधिकारी रिवालसर वंदना शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों से अपने पोषण पर विशेष ध्यान देने और शिविर से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारने का आह्वान किया।

### 2 लाख की बीमा राशि का किया भुगतान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** ग्राम पंजायत तनेहड़ के अंतर्गत सक्रेण के निवासी भाग मल पुत्र बेली राम की मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी राज कुमारी को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा मढी द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रूपय की सहायता राशी प्रदान की गई। मृतक भागमल ने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक मठी में प्रधानमन्त्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र बीस स्थाय की वार्षिक बीमा करवाया था। उनकी मृत्यु 28 जुलाई को गिरने की वजह से हुई थी। इस मौके पर प्रबंधक रूपेन्द्र सिंह, सहायक प्रबंधक अमन कौशल एवं अन्य स्टाफ व मृत्य के रिश्तेदार मौजूद थे। सहायक प्रबंधक अमन कौशल ने सभी खाताधारकों से अपील की है कि वह सभी अपने खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा जरूर करवाएं।

### जिप मंडी की त्रैमासिक बैठक अब 19 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद मंडी की त्रैमासिक बैठक अब 19 सितंबर को प्रातः 11 बजे जिला परिषद सम्मेलन कक्ष, भ्यूली में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा करेंगे। जिला परिषद मंडी के सचिव अंचित डोगरा ने बताया कि यह बैठक पूर्व निर्धारित तिथि 12 सितंबर को होनी थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों से स्थगित की गई है। अब यह बैठक 19 सितंबर को आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिले की विभिन्न विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों, पंचायतों में चल रही गतिविधियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े आवश्यक मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, मनरेगा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी एजेंडे में शामिल है।

### विशेष ग्राम सभा की बैठकें 20 से 26 तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मंडी की सभी ग्राम पंचायतों में 20 से 26 सितम्बर तक विशेष ग्राम सभा बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में आगामी पंचायत चुनावों के लिए तैयार की जा रही मसौदा मतदाता सूची के पूर्वावलोकन से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मसौदा मतदाता सूची ग्राम सभाओं के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी ताकि ग्रामीण स्तर पर इसकी जांच की जा सके और आवश्यकतानुसार सुधार किए जा सकें। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ये बैठकें महत्वपूर्ण हैं, जिससे सही और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार हो सके।उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 20 से 26 सितंबर के बीच किसी एक दिन सुबह 11 बजे विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान मतदाता सूची से जुड़े अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### टीजीटी आर्ट्स पदोन्नति के लिए की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सीएंडवी अध्यापकों मनोहर लाल, हुक्म चंद, सुरेश कुमार, संजीव कुमार, हेमंत कुमार, अजय शर्मा ने बताया कि पिछले दो सालों से सीएंडवी अध्यापकों से टीजीटी आर्ट्स पदोन्नति नहीं हो पाई है, जिस कारण सीएंडवी अध्यापकों में भारी रोष है। कई बार पदोन्नति के लिए दस्तावेज मांगे गए, लेकिन जब पैनल बनाने का समय आता था, तो पुनः पदोन्नति के लिए दस्तावेजों की तिथि को बार बार आगे बढ़ा दिया जाता था, इस बार पदोन्नति के लिए दस्तावेज भेजने की अंतिम तिथि 5 सितंबर थी। उपरोक्त अध्यापकों ने सरकार एवं विभाग से सीएंडवी अध्यापकों से टीजीटी आर्ट्स पदोन्नति के लिए अतिशीघ्र टेट पास पात्र अध्यापकों का पैनल बनाने व पदोन्नति सूची जारी करने की मांग की है, ताकि वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे अध्यापकों को राहत मिल सके।

### एचआईवी जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार सरकाघाट के अजय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोन में एचआईवी/एड्स, यौन रोगों, हेपेटाइटिस बी व सी तथा क्षय रोग (टीबी) जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्य लता पठानिया ने की। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में नागरिक चिकित्सालय सरकाघाट के आईसीटीसी परामर्शदाता सोनू कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उपरोक्त बीमारियों की जानकारी, उनके लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में सरल और प्रभावशाली ढंग से अवगत करवाया। सोनू ने बताया कि राज्य एड्स नियंत्रण समिति, शिमला द्वारा दिनांक 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गांवों और निजी शिक्षण संस्थानों में छात्रों को इन रोगों के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक हाकम चंद पठानिया ने भी अपने विचार साझा करते हुए छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस जागरूकता शिविर में विद्यालय के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और इस तरह के आयोजन को अत्यंत लाभकारी बताया।

# कीरतपुर-मनाली फोरलेन का दवाड़ा फ्लाईओवर क्षतिग्रस्त, एक पिल्लर टूटा

बालक राम, अनंत ज्ञान


कीरतपुर-मनाली फोरलेन के दवाड़ा फलाईओवर के नीचे का पिल्लर क्षतिग्रस्त।

**पंडोह।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित दवाड़ा फ्लाईओवर एक बार फिर आम लोगों और वाहनों के लिए खतरा बन गया है। बुधवार दोपहर फ्लाईओवर का एक पिल्लर पूरी तरह से टूट गया, जिससे फ्लाईओवर का कुछ हिस्सा और गाडर नीचे बैठ गया है। पूरा फ्लाईओवर का करंडु बन गया है। मौका पर हालात बहुत नाजुक बने हुए हैं। पुलिस ने स्थित को भांपते हुए बुधवार दोपहर लगभग 3 बजे मंडी-कुल्लू मार्ग पर ट्रैफिक पूरी तरह से रोक दिया है।

इस मौके पर एनएचएआई की टीमें मौजूद है और स्थिति का गंभीरता से मूल्यांकन किया जा रहा है। अधिकारियों ने फ्लाईओवर की स्थिति को अत्यधिक असुरक्षित बताया है। फिलहाल 2 घंटे बाद ट्रैफिक को पुलिस की निगरानी में एक एक करके निकाला भी जा रहा है। मगर यह बहुत रिस्की है। देर रात 9 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक इस सड़क मार्ग वाहनों की आवाजाही बंद रखने के आदेश दिए है। ताकि किसी भी हादसे को रोका जा सकें। बता दें कि पिछले तीन महीने से फ्लाईओवर के ऊपर से वाहनों व लोगों का चलना पूरी तरह से बंद। इसके नीचे से पुराने एनएच से ही ट्रैफिक व्यवस्था चल रही थी।

जानकारी के अनुसार, लगभग तीन महीने पहले ही दवाड़ा फ्लाईओवर के ऊपर से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई थी, जब वहां बड़ी चट्टानें गिरने और फ्लाईओवर में दरारें आने लगी थीं। बरसात में ये दरारें और ज्यादा बढ़ गई है। अब जब फ्लाईओवर का एक पिलर पूरी तरह टूट चुका है, तो उसके ठीक नीचे से गुजरने वाला हाईवे भी खतरे की जद में आ गया है। इसका मतलब है कि यह इलाका अब दोनों स्तरों पर असुरक्षित हो गया है। और आगे किसी भी तरह की आवाजाही यहां से कराना जानलेवा साबित हो सकता है। फ्लाईओवर गिरने का बना हुआ है खतरा। फ्लाईओवर के नीचे का ढांचा कमजोर पड़ चुका है, जिससे इसका कुछ हिस्सा नीचे धंस चुका है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो पूरा फ्लाईओवर गिर सकता है, जिससे बड़े सड़क हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

जब इस बारे एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर वरुण चारी ने कहा कि फ्लाईओवर को नुकसान पहुंचा है, अधिकारियों ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया है। जहां पर पिल्लर टूटा है उस जगह नीचे से फ्लाईओवर का जल्द स्पॉट दी जाएगी, ताकि फ्लाईओवर और नीचे न बैठे और यातायात सुचारु रहे।

## सुंदरनगर पुलिस ने 379 ग्राम चरस व 30 हजार नकदी सहित दो युवक पकड़े

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर



कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पुंघ में नाकाबंदी के दौरान पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने चरस माफिया के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 379 ग्राम चरस और 30 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल

हंसराज की अगवाई में हेड कांस्टेबल यशवंत, एचएएसआई देवू और कांस्टेबल सतीश कुमार पुंघ में नाकाबंदी पर मौजूद थे। इस दौरान मंडी की ओर से आ रही कार नंबर सीएच-01सीजेड-5663 को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान ड्राइवर की साथ वाली सीट के नीचे से 379 ग्राम चरस और 30 हजार रुपए नगद बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

आरोपियों की पहचान रमन प्रीत सिंह (26) पुत्र चरणजीत सिंह, निवासी मकान नंबर 512, गली नंबर 14/15, निरंकारी भवन रोड, अबोहर, फाजिल्का, पंजाब और प्रतीक राजपाल पुत्र रमेश राजपाल, निवासी मकान नंबर 144/बी, वेब एस्टर सोसाइटी, मोहाली, एसएएस नगर, पंजाब के तौर पर हुई है। जानकारी देते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## बालीचौकी में डेढ़ सप्ताह बाद भी नहीं हुई बिजली बहाल

अनंत ज्ञान, बालीचौकी

- प्रशासनिक लापरवाही से आम लोग बेहाल
- तकनीकी कारणों से अब तक ठप रही आपूर्ति

जिला प्रशासन द्वारा बालीचौकी में बिजली बहाली के तमाम दावे हवा हवाई साबित हुए हैं। उपमंडल मुख्यालय में बिजली विभाग लगभग डेढ़ सप्ताह बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं कर पाया है। आलम यह है कि लोगों के न कागजी काम हो पा रहे हैं और न ही पैसों का लेनदेन हो पा रहा है।

पूर्व जिला परिषद सदस्य संत राम ने बताया कि जिला प्रशासन ने बालीचौकी में बिजली बहाली को लेकर प्रेस बयान जारी तो कर दिया, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी 12 दिनों के बाद उपमंडल मुख्यालय में बिजली बहाल नहीं हो पाई है, जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बैंक और डाकघर से अपनी जरूरतों के लिए पैसे तक नहीं निकाल पा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नौजवान सभा के नेता महेंद्र राणा ने भी सरकारी दावों की पोल खोलते हुए आरोप लगाया है कि बालीचौकी उपमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में तो लोगों को महीने दिन से बिजली की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों के हाल बेहाल है और अभी भी कई गांवों में राशन की आपूर्ति नहीं की जा पा रही है।

बिजली बहाली को लेकर सहायक अभियंता विद्युत विशाल कुमार ने बताया कि मंगलवार को कुछेक क्षेत्रों में बिजली बहाल की गई है, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से उपमंडल मुख्यालय में बिजली बहाल नहीं हो पा रही है, उम्मीद है कि बुधवार देर शाम तक बालीचौकी उपमंडल मुख्यालय में बिजली बहाल कर दी जाएगी।

## सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 18 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** रोजगार कार्यालय पधर में कार्यरत सुनील कुमार ने बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर केवल पुरुष के 100 पदों को भरने के लिए बेरोजगार युवाओं के लिए साक्षात्कार 18 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे उप-रोजगार कार्यालय पधर में लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए निर्धारित योग्यता दसवीं और आयु 19 से 40 वर्ष, लंबाई 168 सेमी व वजन 55 से 95 किलो होना चाहिए। आवेदक शारीरिक रूप से भी योग्य होना चहिए। चयनित आवेदकों को निर्धारित वेतन के अलावा पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी इंश्योरेंस, पेंशन आदि अन्य लाभ भी दिए जाएंगे। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ व रोजगार पहचान पत्र सहित साक्षात्कार के लिए कार्यालय में आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदकों को यात्रा भत्ता व अन्य लाभ देय नहीं होगा और कंपनी के नियम अनुसार चयनित आवेदकों को एक महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## स्वाभिमान मुक्ति दिवस में चमन राही को विशेष सम्मान

### पूर्व मंत्री डॉ. राजेंद्र को हिमाचल में होने वाले सम्मेलन में आने का दिया आमंत्रण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

दिल्ली में हाल ही में आयोजित स्वाभिमान मुक्ति दिवस कार्यक्रम में अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही को विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान पाने वाले हिमाचल प्रदेश के वह पहले व्यक्ति बने हैं, जिससे प्रदेश के दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों में विशेष हर्ष और गौरव की लहर है।

सम्मान प्राप्ति के उपरांत चमन राही ने दिल्ली में पूर्व मंत्री डॉ. राजेंद्र पाल गौतम से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने उन्हें हिमाचल प्रदेश में सेंट्रल जोन स्तर पर प्रस्तावित दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के सम्मेलन के आयोजन के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा और इन समुदायों के अधिकारों की आवाज को सशक्त रूप देगा।


चमन राही को सम्मानित करते हुए बंजारा समुदाय एवं नाथ सपेरा समुदाय।

#### राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों से हुई विशेष चर्चा

**चमन** राही ने इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल प्रमुख नेताओं से भी सम्मेलन को लेकर विचार-विमर्श किया। इनमें एसपी सिंह लबाना, राष्ट्रीय कोर्डिनेटर, डीएनटी टास्क फोर्स, एससी विभाग, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सुरेंद्र सिंह लबाना सामाजिक कार्यकर्ता हरियाणा, अशोक बरतिया सामाजिक कार्यकर्ता, राजेश राठौड़ समाजसेवी व एडवोकेट सतीश सांशी शामिल थे। सभी नेताओं ने हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केंद्र

**समारोह** में बंजारा समुदाय एवं नाथ सपेरा समुदाय द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। इन समुदायों ने चमन राही के आमंत्रण पर हिमाचल में आयोजित होने वाले सम्मेलन में भाग लेने की सहमति दी और उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। चमन राही ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल ऐतिहासिक विरासत की स्मृति है, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक सार्थक पहल भी है। चमन राही द्वारा प्रस्तावित सम्मेलन हिमाचल प्रदेश में दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा।

## बेदखली को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी किसान सभाः कुशाल


बैठक में हिमाचल किसान सभा के जिला अध्यक्ष कुशाल भारद्वाज, प्रभारी भूपेंद्र सिंह सहित कई मौजूद।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा लैंड सीलिंग एक्ट में हिमाचल सरकार द्वारा वर्ष 2000 में किसानों के कब्जे वाली भूमि उनके नाम नियमित करने के लिए कानून में जोड़ी गई धारा 163(ए) को निरस्त करने का फैसला 5 अगस्त को सुनाया गया है और सभी कब्जे हटाने के लिए 28 फरवरी 2026 की डेट तय कर दी है, जिससे किसानों में दहशत फैल गई है।

हिमाचल किसान सभा हाई कोर्ट के इस किसान व आम गरीब विरोधी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने जा रही है, जिसके लिए गोपालपुर व धर्मपुर से भी सहायता राशि एकत्रित की जा रही है। कोर्ट के फैसले से उत्पन्न हुई इस परिस्थिति पर चर्चा करने व अगली योजना तैयार करने के लिए एक बैठक सरकाघाट में पूर्व जिला पार्षद एवं किसान सभा के प्रभारी भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल किसान सभा के जिला अध्यक्ष कुशाल भारद्वाज विशेष तौर पर शामिल हुए। उन्होंने बताया की किसान सभा प्रदेश में सभी को पांच बीघा जमीन देने की मांग उठा रही है और उनके कब्ज़े वाली भूमि उनके नाम करने की भी बात लंबे अरसे कह रही है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि किसान सभा किसी भी किसान का घर गिराने का विरोध करेगी और यदि कहीं जोर जबर्दस्ती की जाएगी तो सभा प्रभावितों व जनता के सहयोग से ऐसा नहीं होने देगी और उसका एकजुट विरोध किया जाएगा।

इस अवसर पर हिमाचल किसान सभा की गोपालपुर कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें देव ब्राडता के दिलीप सिंह को प्रधान दिनेश काकू को सचिव व मॉन सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा संजीव कुमार, संतोष कुमार, अमर सिंह राणा, हेम राज, नरेश कुमार, वीरभद्र सिंह, एडवोकेट दिनेश ठाकुर, अमर सिंह, अच्छर सिंह और अमृत लाल को कमेटी सदस्य चुना गया।

## मोदी ने आपदा प्रभावितों को दी बड़ी राहतः दलीप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश को आपदा से उबारने के लिए 1500 करोड़ रुपए के फौरी राहत पैकेज की घोषणा कर प्रदेशवासियों को बड़ी राहत दी है। प्रधानमंत्री ने आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुःख भी साझा किया। विधायक ने कहा कि केंद्र हिमाचल प्रदेश को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, कृषि, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए निरंतर सहायता प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल में आपदा में जान गंवाने वाले प्रत्येक परिवार को 2-2 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए 50 हजार से 1 लाख रुपए की मदद की घोषणा की। यह उनके हिमाचल के प्रति गहरे भावनात्मक जुड़ाव और संवेदनशीलता को दर्शाता है। विधायक दलीप ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र लगातार प्रदेश को आर्थिक सहायता और विशेष पैकेज दे रहा है, इसके बावजूद प्रदेश सरकार केंद्र की आलोचना करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार इन फंड्स का सही उपयोग करने में विफल रही है। राहत और पुनर्वास कार्यों के बजाय यह धनराशि वेतन और गैर-जरूरी खर्चों में खर्च की जा रही है।



## कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर का रंगोत्सव व कला उत्सव में दबदबा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

- रंगोली प्रतियोगिता में अन्वी व पूर्वी ने मारी बाजी

पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में बुधवार को जोनल स्तरीय रंगोत्सव एवं कला उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन में ब्लॉक दरंग-1, दरंग-2, चौंतड़ा-1 और चौंतड़ा-2 के विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

प्रतियोगिता में कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर कई विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पारंपरिक कहानी वाचन में कन्या पाठशाला की प्रिया और अक्षिता प्रथम रहीं, जबकि ग्रुप डांस में तान्या एंड पार्टी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सोलो डांस जूनियर वर्ग में भी दृष्टि ने सबको पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 2D पेंटिंग सोलो में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सूयन की काव्या ठाकुर प्रथम रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में गवर्नमेंट मिडिल स्कूल टिकरी मुशायरा की अन्वी और पूर्वी ने पहला स्थान पाया। सोलो सॉन्ग सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झटिंगरी की दीक्षा राठौड़ ने अपनी कला का जलवा दिखाया। वोकल म्यूजिक ग्रुप सॉन्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पधर की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल जोगिंद्रनगर के छात्र अव्वल रहे। थिएटर में माउंट मौर्य स्कूल झलवान ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं विजुअल आर्ट्स में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी के आर्यन ने अपनी कला से सबका मन मोह लिया और प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने सभी विजयी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यार्थी अब जिला स्तरीय रंगोत्सव एवं कला उत्सव में विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## दिल्ली की एनजीओ ने बालीचौकी में प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री


बालीचौकी में आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री बांटते हुए।

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** बालीचौकी में इस बार की बरसात ने सेंकड़ों लोगों को कभी न भूलने वाले ज़ख्म दिए हैं। आपदा के इस दुखदाई दौर के दौरान क्षेत्र में कुछ स्वयंसेवी संगठनों ने आपदा पीड़ितों के ज़ख्मों पर राहत का मरहम लगाना भी शुरू किया है।

इस कड़ी में दिल्ली से संचालित एक एनजीओ ने बालीचौकी में आपदा पीड़ितों को राहत सामग्री का आबंटन किया। नेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर सोशल इम्पावरमेंट नामक संस्था ने बालीचौकी में लगभग 100 प्रभावित लोगों को राशन एवं अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण किया। संस्था के ट्रस्टी अमनदीप सिंह वालिया के निर्देशन में संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस सामग्री का वितरण रिलीफ ड्राईव 2025 के तहत किया गया है। उन्होंने कहा कि संस्था इससे पूर्व कई अन्य आपदा पीड़ितों की भी सहायतार्थ कार्य कर चुकी है। इस अवसर पर प्रभावित लोगों ने संस्था के इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

**टूर्नामेंट** माता त्रिपुरी भैरवा मेला स्योग में 20 टीमों के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में पंडोह टीम बनी विजेता

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** माता त्रिपुरी भैरवा मेला स्योग पंडोह के अंतर्गत आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में इस बार वॉलीबाल ने सबसे ज़्यादा रोमांच बटोरा। कुल 20 टीमों की भागीदारी वाले इस टूर्नामेंट में पंडोह की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में मंडी के समाजसेवी नवल किशोर ने शिरकत की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं और युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। फाइनल मैच में पंडोह और तांदी की टीमों के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली।

पहला राउंड पंडोह ने 4 अंकों से अपने नाम किया। दूसरे राउंड में भी पंडोह ने 3 अंकों की बढ़त से जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट फाइनल अपने नाम किया। फाइनल मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया और हर पॉइंट पर तालियों की गूंज सुनाई देती रही। मैच के आयोजक पंकज महंत ने मुख्य अतिथि नवल किशोर को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल युवाओं को मंच मिलता है, बल्कि टीम भावना और खेल भावना को भी बल मिलता है। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अभी खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद भी दिया। पंडोह की जीत ने इलाके के खेल प्रेमियों को गर्व का मौका दिया और यह दिखाया कि स्थानीय स्तर पर भी प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं।

### पंडोह मेले में दिखा संस्कृति और उत्साह का संगम



अनंत ज्ञान, पंडोह

पंडोह मेले मैदान बुधवार को संस्कृति और उत्साह से भर गया। डीजे की धुन पर युवतियों, स्कूली बच्चियों और महिला मंडल की महिलाओं ने हिमाचली संस्कृति, प्यार और सद्भाव का सुंदर प्रदर्शन किया। यहां तक कि ग्राम पंचायत पंडोह की प्रधान और मेला कमेटी अध्यक्ष बीना महंत भी महानाटी में शामिल होने से खुद को रोक न सकीं। 47 वर्षों के इतिहास में माता त्रिपुर भैरवा मेले में ऐसा जोश और जुनून पहले कभी नहीं देखा गया। महिलाओं की रस्साकशी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बुधवार के मेले की खास पहचान बनीं। उधर, व्यापारियों का कारोबार रफ्तार पकड़ने लगा और खिलाड़ी खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीतने लगे। मेला आयोजन समिति ने देवताओं के लिए अलग स्थान तैयार कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अभी महा दंगल और रात्रि सांस्कृतिक संध्या जैसे आकर्षण बाकी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मंधाना की बेटी सलूणी अस्पताल में देगी सेवाएं



अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना जिला के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में मंदली पंचायत के मंधाना गांव की डॉक्टर आकांक्षा चंबा जिला में बतौर चिकित्सक सेवाएं देंगी। आकांक्षा के पिता पवन कुमार ने बताया कि उनकी बेटी का चयन सिविल सेवा चयन आयोग के तहत हुआ है। वे सलूणी सिविल अस्पताल में सेवाएं देंगी।

### द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी होने लगा मालामाल

अनंत ज्ञान, गगरेट। सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा आमदन के सिलसिले में अब मालामाल होने लगा है। इस बार यहां हुई चढ़ावे की गणना में न सिर्फ लाखों रुपए की चढ़त प्राप्त हुई है, बल्कि विदेशी मुद्रा भी भोलेनाथ के चरणों में समर्पित हुई है। मंदिर में हो रहे लगातार सुधार व पारदर्शी प्रणाली मंदिर की आय बढ़ने में मुख्य कारक सिद्ध हुई है। खास बात यह है कि मंदिर में लगातार निर्माण कार्य चल रहे हैं, लेकिन इनमें चढ़ावे की राशि के एक पैसे का भी इस्तेमाल नहीं हो रहा है। यही वजह है कि मंदिर का खजाना लगातार बढ़ रहा है। इस बार की गई गणना में मंदिर को चढ़ावे के रूप में 13 लाख 19 हजार 984 रुपए प्राप्त हुए हैं, जबकि विदेशी मुद्रा के रूप में पचास रशियन रूबल, कैनेडियन डॉलर पांच और बीस यूरो भी प्राप्त हुए हैं। मंदिर उपायुक्त एवं एसडीएम सौमिल गौतम ने इसकी पुष्टि की है।

### गगरेट अपर पंचायत में बछड़े को ले गया तेंदुआ

अनंत ज्ञान, गगरेट। उपमंडल गगरेट की गगरेट अपर पंचायत में तेंदुए की दहशत ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। हालात यह हैं कि तेंदुआ मां चिंतपूर्णी गोशाला के समीप बंधे एक बछड़े को उठा ले गया। मां चिंतपूर्णी गोशाला के सेवक सुनील कुमार ने बताया कि जब से गोशाला का संचालन शुरू हुआ है, तब से यह पहला मौका है कि तेंदुए ने यहां बेसहारा गोवंश पर हमला किया हो। मंगलवार को गोशाला का एक बछड़ा घास चरते हुए गोशाला से बाहर चला गया। इसके बाद अचानक गायब हो गया। गोशाला के सेवक बछड़े को ढूंढते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बुधवार को जब फिर से बछड़े की खोज शुरू हुई तो बछड़ा मरी हुई अवस्था में गोशाला से कुछ दूरी पर मिला। बछड़े को बुरी तरह से चबा डाला गया था। अहम बात यह है कि गोशाला रोड पर देर सायं और सुबह कई लोग सैर करने निकलते हैं। यही नहीं बल्कि गोशाला के आसपास कई लोगों ने पशु पाल रखे हैं। इस घटना के बाद उनमें भी दहशत है। पंचायत उपप्रधान आशीष शर्मा ने कहा कि इस बाबत वन विभाग के कर्मियों से पिंजरा लगाने की बात की जाएगी।

### बंगाणा के दिनेश व्यापार संगठन के सदस्य मनोनीत

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी और व्यापारी नेता दिनेश खत्री को राज्य सरकार ने व्यापारी संगठन एवं कराधान विभाग का सदस्य मनोनीत किया है। उनके इस मनोनयन से समर्थकों और क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है। लोगों का मानना है कि दिनेश खत्री की नियुक्ति से व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा और व्यापारी वर्ग को सरकार के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का अवसर मिलेगा। मनोनयन के उपरांत दिनेश खत्री ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विशेषकर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सरकार और विधायक ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उनकी समस्याओं का निवारण करना ही उनका पहला उद्देश्य रहेगा। दिनेश खत्री ने आश्वासन दिया कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के व्यापारियों से अपील की कि वे अपने सुझाव और समस्याएं निसंकोच उनके सामने रखें।

### मोदी सरकार का राहत पैकेज उमीद की नई किरण : बलराम

अनंत ज्ञान, बंगाणा। जिला भाजपा के उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि संकट की घड़ी में उनकी सरकार हमेशा जनता के साथ खड़ी रहती है। हाल ही में आई भीषण आपदा से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 1500 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की घोषणा की है। यह पैकेज आपदा प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ प्रदेश के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में भी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जब प्रदेश की कांग्रेस सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और केवल खोखले भाषणों से काम चलाती रही, तब प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बढ़कर हिमाचल की जनता का हाथ थामा। यह स्पष्ट करता है कि केंद्र की भाजपा सरकार जनता को राहत पहुंचाने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है, जबकि कांग्रेस सरकार केवल राजनीतिक बयानबाजी में उलझी रही। उन्होंने कहा कि समय पर राहत सामग्री न पहुंचना, पुनर्वास की ठोस योजना का अभाव और प्रशासनिक लापरवाही के कारण लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भरोसा दिलाया कि हिमाचल की जनता अकेली नहीं है, बल्कि पूरा देश और केंद्र सरकार उनके साथ खड़ा है।

### मेरिट सूची में थानाकलां स्कूल के छात्र ने बढ़ाया मान



विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी। उपमंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के मेधावी छात्र अंशुल दड़ोच ने दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा (मार्च 2025) में 700 में से 691 अंक प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल कर विद्यालय, क्षेत्र और माता-पिता का नाम रोशन किया है। दसवीं के घोषित परिणाम के शुरुआत में अंशुल को 682 अंक प्राप्त हुए थे, लेकिन स्वयं की मेहनत पर विश्वास और परिणाम में शंका होने के चलते उसने प्रधानाचार्य संजीव पराशर से बातचीत कर पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। पुनर्मूल्यांकन के बाद उसके 9 अंक बढ़े और संशोधित परिणाम में उसने 691 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में छठा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिसर में हर्ष की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने अंशुल को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद और बधाई दी तथा इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। ग्राम बरल निवासी अंशुल दड़ोच के पिता जागीर सिंह स्वयं भी शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं और माता गृहिणी हैं। अंशुल ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। अंशुल का सपना है कि वह भविष्य में इंजीनियर बनकर देश की सेवा कर कुछ नया करने की इच्छा व्यक्त की।

## ठठ्ल गांव में एक कारखाने के आसपास के जलस्रोत उगल रहे विषैला पानी

# औद्योगिक विकास या विनाश की राह

अनंत ज्ञान टीम, गगरेट/अंब

कर्करोग होने के अगर वैज्ञानिक आधार को मानें तो जल, वायु व जमीन के अंदर बढ़ रहा प्रदूषण ही इसका मुख्य कारक है। पंजाब के भटिंडा में जिस प्रकार अत्याधुनिक रासायनिकों के इस्तेमाल के साथ कारखानों से निकलने वाले विषैले पदार्थों ने समूचे भटिंडा को कैंसर बेल्ट के रूप में कुख्यात किया, उसका सबक भी शायद ही किसी ने लिया है। उपमंडल अंब के ठठ्ल गांव में एक कारखाने के आसपास के जलस्रोत विषैला पानी उगल रहे हैं, लोग भयभीत हैं लेकिन अभी तक संबंधित महकमे की नींद नहीं टूटी है।

ऐसा भी नहीं कि यह समस्या पहली बार पनपी। वर्ष 2021 में जब यह समस्या उजागर हुई तो मामला प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में आने के साथ ग्राम पंचायत के संज्ञान में भी आया। उस समय फैक्टरी प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच लिखित समझौता हुआ और एक पांच सदस्यीय कमेटी का भी गठन हुआ। खैर उस समय मामला शांत हो गया। अब एक बार फिर से जब फैक्टरी के आसपास के बोरवेल झागयुक्त पानी छोड़ रहे हैं तो लोगों में आक्रोश पनप रहा है। जाहिर है कि किसी भी उद्योग से फैक्टरी का कोई भी दूषित पानी बिना ट्रीट किए न तो खुले में छोड़ा जा सकता है और न ही उसे जमीन के अंदर डाला जा सकता है।

अब जब बोरवेल झागयुक्त पानी छोड़ने लगे तो किसानों ने इन बोरवेल से पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए जल शक्ति विभाग की अंब स्थित वाटर टेस्टिंग लैब के साथ चंडीगढ़ भी जांच के लिए भेजे। बताया जा रहा है कि दोनों जगह पानी के सैंपल फेल हो गए। पानी के ऐसे तत्व पाए गए जो स्वस्थ इंसान के लिए घातक हैं। ठठ्ल गांव के राजेश कुमार कहते हैं कि औद्योगिक विकास भी क्षेत्र के विकास के लिए बेहद जरूरी है लेकिन औद्योगिक विकास का यह मतलब नहीं कि यह विनाश की ईबारत लिखे।



स्थानीय बोरवेलों से झाग युक्त विषैला पानी निकलने से ग्रामीणों में चिंता और आक्रोश।

गांव का जल, जमीन और वायु अगर दूषित होंगे तो निश्चित तौर पर इसका प्रभाव गांववासियों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। इसी गांव के संजीव कुमार कहते हैं कि प्रदेश सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित कर रही है लेकिन अगर जमीन के अंदर ही जल दूषित हो रहा है और यही जल फसलों की सिंचाई के लिए प्रयोग होगा तो हम अनाज नहीं बल्कि जहर उगाएंगे, जो मानव शरीर पर दुष्प्रभाव ही डालेगा।

जाहिर है कि कहीं न कहीं प्रदूषण नियंत्रण विभाग भी इसके लिए जिम्मेदार है। अगर समय-समय पर उद्योगों में स्थापित प्रदूषण नियंत्रण यंत्रों की जांच हो तो औद्योगिक विकास के साथ-साथ आम जनजीवन भी सुगम होगा, अन्यथा कहीं ऐसा न हो जिला ऊना हिमाचल प्रदेश का भटिंडा न बन जाए।

### जांच के लिए भेजे जाएंगे सैंपल : प्रवीण

प्रदूषण नियंत्रण विभाग के सहायक पर्यावरण अभियंता प्रवीण कुमार का कहना है कि जिन बोरवेल से झागयुक्त पानी आ रहा है, उनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे। पंचायत प्रधान ज्योति अमन का कहना है कि पहले भी यह मामला पंचायत में आया था, जिस पर दोनों पक्षों में समझौता हुआ था। अब फिर एक शिकायत पत्र आया है।

उधर, फैक्टरी प्रबंधक का कहना है कि फैक्टरी से जीरो डिस्चार्ज है, फिर भी कल किसानों के साथ बैठक रखी है। समस्या का समाधान किया जाएगा।

## डीसी ने सामर्थ्य योजना के तहत पंजावर में स्थापित पुस्तकालय का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना के डीसी जतिन लाल ने हरोली ब्लॉक की पंजावर पंचायत में सामर्थ्य योजना के तहत स्थापित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, पुस्तकों और छात्रों के लिए सुविधाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि ऐसी पहलें ग्राम स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों में अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुस्तकालय को और अधिक समृद्ध और उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएं ताकि यह स्थान छात्रों और स्थानीय निवासियों दोनों के लिए ज्ञानवर्धक केंद्र के रूप में विकसित हो सके। इसके उपरांत उपायुक्त जतिन लाल ने इंदिरा स्टेडियम ऊना का दौरा कर सामर्थ्य योजना के अंतर्गत जारी खेल अवसंरचना के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्टेडियम में नवनिर्मित बास्केटबाल कोर्ट का निरीक्षण किया और खिलाड़ियों के लिए प्रदान की जा रही प्रशिक्षण एवं बुनियादी सुविधाओं की भी समीक्षा की।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों के लिए एक सक्षम और समर्थ वातावरण तैयार किया जाए, जिससे वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए बेहतर तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा, दोनों क्षेत्रों में मजबूत आधारभूत ढांचे से ही युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक अवसर उपलब्ध होंगे।



पुस्तकालय का निरीक्षण करते ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल।

## सरकार फसलों के हुए नुकसान का दे मुआवजा

अनंत ज्ञान, ऊना। लगातार हो रही बारिश से लोग अब भगवान से रहम करने की गुहार लगा रहे हैं। इसके चलते बाजारों में ग्राहकों की संख्या नाममात्र रह गई है। वहीं, मक्की की फसल को काफी नुकसान हुआ है। पंचायत खरयालता एवं पंचायत डीहर के किसान कुलतार चंद वडोआ, राजीव कुमार, अंजली देवी, मक्खन सिंह, हाकम चंद, रिंकू, सुखदेव, वीओ तिलक राज शर्मा खैरियां, पवन शर्मा लालशाह, शंकर दास, विनोद शर्मा, शिव कुमार चडोली, ओंकार दास चम्बोआ, सतपाल शर्मा, राकेश कुमार, अजय पाल आदि ने बताया कि खेतों को जोतने, खादों, बीजों का कीटनाशक दवाइयां को खरीदने तथा मेहनत करने के बावजूद बारिश के कारण उन्हें काफी नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं, शास्त्री ओंकार दास गांव चंबोआ ने बताया कि उनकी सभी फसलें तबाह हो गई हैं और कई किसानों की कई कनाल जमीन दरक गई है। उन्होंने सरकार से वर्षा के कारण उनकी फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा देने का आग्रह किया है।

## किसानों की समृद्धि का नया अध्याय लिख रही एचपी शिवा परियोजना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

हिमाचल सरकार की 1292 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी एचपी शिवा परियोजना प्रदेश के किसानों-बागवानों की जिंदगी में समृद्धि का नया अध्याय लिख रही है। एशियन विकास बैंक के सहयोग से क्रियान्वित इस योजना के तहत ऊना जिले ने इसे जमीन पर उतारने में एक शानदार नजीर पेश की है। आधुनिक तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण, वैज्ञानिक मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग के समन्वय ने किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए द्वार भी खोले हैं।

**जिले में विस्तार की व्यापक तैयारी :** शुरुआती चरण में ऊना जिले के बंगाणा विकास खंड में लागू की गई यह योजना अब पूरे जिले में विस्तार के लिए तैयार है। बागवानी विभाग ऊना के उपनिदेशक डॉ. केके भारद्वाज बताते हैं कि आने वाले वर्षों में जिले में लगभग 224 हेक्टेयर भूमि को एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत लाने का लक्ष्य है। वह बताते हैं कि योजना के तहत बीते तीन वर्षों में बंगाणा क्षेत्र में 11 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनी स्थल विकसित किए गए हैं, जिनमें लगभग 2 करोड़ की लागत से 11 हेक्टेयर भूमि पर अमरूद, अनार और माल्टा जैसे फलदार पौधों का रोपण किया गया है। किसानों को पौधों की देखभाल, कीट नियंत्रण और उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण देकर बगीचों की उत्पादकता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



जिले में 224 हेक्टेयर भूमि लाई जाएगी योजना के अंतर्गत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल।

**इस साल 55 हजार पौधरोपण :** डॉ. भारद्वाज बताते हैं कि वर्ष 2024-25 में बंगाणा विकास खंड के अंतर्गत 15 हेक्टेयर भूमि पर 17 हजार उच्च गुणवत्ता वाले अमरूद के पौधे लगाए गए हैं। वहीं, वर्ष 2025-26 में 50 हेक्टेयर भूमि पर अमरूद, मौसमी और माल्टा 55 हजार पौधे लगाने का काम किया जा रहा है।

**बंगाणा में रिकॉर्ड पौधरोपण :** वहीं, बागवानी विकास अधिकारी बंगाणा, वीरेंद्र कुमार बताते हैं कि ब्लॉक में इस साल जुलाई और अगस्त में 9 समूहों ने 40 हेक्टेयर भूमि पर 45,953 अमरूद और माल्टा के पौधों का रोपण किया है। इस अभियान से 386 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। विभाग पौधरोपण के साथ तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध करवाकर किसानों को बागवानी को लाभकारी और टिकाऊ व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

**क्या कहते हैं डीसी :** जिलाधीश ऊना जतिन लाल का कहना है मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार जिले में एचपी शिवा परियोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। बागवानी विभाग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को पौधरोपण से लेकर सिंचाई और मार्केटिंग तक हर स्तर पर पूरी सहायता मिल सके। हमारा प्रयास है कि इस योजना के माध्यम से न केवल किसानों की आय बढ़े, बल्कि युवाओं को बागवानी क्षेत्र में रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर बनें।

### सिंचाई सुविधाओं के सशक्त नेटवर्क के विकास पर बल

बागवानी उपनिदेशक ने बताया कि परियोजना के तहत किसानों को शत-प्रतिशत सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जल शक्ति विभाग के सहयोग से 15 करोड़ रुपए की 7 सिंचाई योजनाओं पर कार्य जारी है। इसमें उठाऊ पेयजल योजनाएं, पुरानी सिंचाई प्रणालियों का जीर्णोद्धार और चैक डैम जैसी सुविधाएं शामिल हैं, साथ ही इस परियोजना में फलदार पौधे लगाने के लिए क्लस्टर की भूमि का विकास, उच्च गुणवत्ता के फलदार पौधे, कंपोजिट फेंसिंग, ड्रिप इरीगेशन का कार्य इत्यादि भी परियोजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है।

### पूरे प्रदेश में व्यापक असर, 15 हजार परिवार होंगे लाभान्वित

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर दिसंबर 2024 को बिलासपुर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में एचपी शिवा परियोजना का विधिवत शुभारंभ किया था। इसके जरिए छोटे व सीमांत किसानों को प्राथमिकता देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है। राज्य स्तर पर इस परियोजना के तहत साल 2028 तक 1292 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रदेशभर में कुल 28 विकास खंडों की लगभग 6,000 हेक्टेयर भूमि को बागवानी के दायरे में लाने का लक्ष्य है। बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, सोलन और ऊना जिले के 15,000 से अधिक परिवारों को इस परियोजना से लाभ मिलेगा।

## केंद्र के आर्थिक पैकेज का पारदर्शी वितरण हो सुनिश्चित : वीरेंद्र कंवर

अनंत ज्ञान, ऊना

भारी बरसात और प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी राहत की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राज्य के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इसी दौरान उन्होंने हिमाचल को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए 1500 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज का ऐलान किया। प्रधानमंत्री की इस घोषणा पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने समस्त प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि केंद्र से प्राप्त इस राहत पैकेज का पारदर्शी और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित किया जाए। कंवर ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है कि सहायता सीधे पीड़ितों और गरीब परिवारों तक पहुंचे, ताकि कोई भी जरूरतमंद इस मुश्किल घड़ी में राहत से वंचित न रह जाए। यह राहत पैकेज प्रधानमंत्री की हिमाचल के प्रति संवेदनशीलता और गहरी आत्मीयता का प्रमाण है। अब प्रदेश सरकार को चाहिए कि इस सहयोग का उपयोग करके आपदा पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान करे और उनके जीवन को पुनः पटरी पर लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा हिमाचल को अपने घर जैसा मानते हैं और यहां के लोगों से उनका आत्मीय जुड़ाव है। इससे पहले भी विभिन्न आपदाओं के समय केंद्र सरकार ने हिमाचल को हरसंभव मदद की थी।

## विधायक विवेक आपदाग्रस्त पीड़ित परिवारों की कर रहे भरपूर मदद

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र इन दिनों भीषण आपदा की मार झेल रहा है। लगातार बारिश, भूस्खलन और मकानों के ध्वस्त होने से सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं। ऐसे कठिन समय में विधायक विवेक शर्मा ने न केवल विभागीय अधिकारियों को सक्रिय कर राहत कार्यों की गति तेज करवाई, बल्कि स्वयं कुटलैहड़ की हर पंचायत और हर पीड़ित परिवार तक पहुंचे। कहीं उन्होंने राहत राशि उपलब्ध करवाई, कहीं राशन किट वितरित की, तो कहीं पीड़ित परिवारों को अस्थायी छत देने के लिए तिरपाल मुहैया कराई।



कुटलैहड़ विस क्षेत्र की हर पंचायत में जाकर पीड़ित परिवारों को दी हर संभव मदद।

उनकी इस सक्रियता और संवेदनशीलता ने प्रभावित परिवारों के आंसू पोंछने का काम किया है। जनता के बीच यह चर्चा आम है कि जिस ईमानदारी से कुटलैहड़ की जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनकर शिमला भेजा था, उसी ईमानदारी से विवेक शर्मा अब अपनी जिम्मेदारियों पर खरे उतर रहे हैं। आपदा प्रबंधन की बैठकों में विधायक विवेक शर्मा ने अधिकारियों को साफ शब्दों में निर्देश दिए कि किसी भी पीड़ित परिवार की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी अधिकारी-कर्मचारी ने अपनी जिम्मेदारी में कोताही बरती तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके सख्त लेकिन जनहितकारी रवैये ने प्रशासन को भी अधिक जिम्मेदारी से राहत कार्यों में जुटने के लिए प्रेरित किया है। विवेक शर्मा केवल सरकारी स्तर तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने कई गरीब और असहाय परिवारों की मदद अपनी निजी आय से भी की। यह पहल दर्शाती है कि वे केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि जनता के सच्चे सेवक हैं। उनके इस मानवीय प्रयास ने कुटलैहड़ के लोगों को यह भरोसा दिलाया कि उनका विधायक हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ा है।

कुटलैहड़ में आपदा से प्रभावित परिवारों के बीच उनकी निरंतर मौजूदगी और संवेदनशीलता ने उन्हें जनता की आवाज बना दिया है। लोग कह रहे हैं कि विवेक शर्मा ने न केवल जांच और परख में खुद को खरा साबित किया है, बल्कि एक भरोसेमंद नेता की छवि भी बनाई है। आज जब राजनीति को लेकर जनता के मन में संदेह और अविश्वास की भावना बढ़ती जा रही है, ऐसे में विधायक विवेक शर्मा जन प्रतिनिधि उम्मीद की किरण हैं। उन्होंने यह साबित किया है कि राजनीति केवल सत्ता तक पहुंचने का माध्यम नहीं बल्कि जनसेवा का सबसे बड़ा रास्ता है।

कुटलैहड़ की जनता इस बात पर गर्व महसूस कर रही है कि उनके पास ऐसा विधायक है जो हर संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहता है। आपदा की इस कठिन घड़ी में विधायक विवेक शर्मा की सक्रियता और सेवाभाव ने एक नया संदेश दिया है कि नेता वही है जो संकट में जनता के काम आए। उनकी यही पहचान उन्हें जनता के दिलों में बसाने लगी है।

**आयोजन** महावीर स्पोर्ट्स क्लब मुबारिकपुर ने किया दूसरे वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ, राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर रहे मुख्यातिथि

# 'खेलो इंडिया' से युवाओं को जोड़ना है आयोजन का मुख्य उद्देश्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

खेलों के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि और ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से महावीर स्पोर्ट्स क्लब मुबारकपुर ने लगातार दूसरे वर्ष वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया है। इस प्रतियोगिता में इस बार कुल 23 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों और खिलाड़ियों की परेड के साथ हुआ। इस मौके पर खिलाड़ियों ने उत्साह से भरे नारों और शानदार खेल प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। टूर्नामेंट के मैदान पर युवाओं का जोश साफ झलक रहा था। महावीर स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना और उन्हें नशे जैसी कुरीतियों से दूर करना है।



वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर खिलाड़ियों के साथ, टूर्नामेंट में 23 टीमें भाग ले रही हैं।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि वीरेंद्र कंवर ने खिलाड़ियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल ही युवाओं का भविष्य बदलने की ताकत रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के खेलों को नई दिशा और पहचान देने के लिए 'खेलो इंडिया' जैसे विजन की शुरुआत की है।

आज 'खेलो इंडिया' युवा खेले, देश जीते' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है, जिसके माध्यम से गांव-गांव और कस्बे-कस्बे तक खेल की नई ऊर्जा पहुंच रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत वर्ष 2036 में पहली बार ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने जा रहा है। यह ऐतिहासिक अवसर होगा, जो देश के खेल इतिहास को नया आयाम देगा।

कंवर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि वे मेहनत और लगन से खेल को अपनाएं तो भविष्य में ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह युवाओं को नशे से दूर रखने का भी सशक्त माध्यम हैं।

उन्होंने कहा कि आज समाज नशे जैसी बड़ी चुनौती से जूझ रहा है, और ऐसे में खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। यदि युवा खेलों में अपना समय और ऊर्जा लगाएंगे, तो वे गलत रास्तों से बच सकेंगे और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में 23 टीमों को कई ग्रुप में बांटा गया है और नॉकआउट प्रणाली के आधार पर मैच खेले जा रहे हैं। फाइनल मुकाबला आगामी दिनों में खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम को आकर्षक ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का किया बेहतरीन प्रदर्शन

इस टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर मैच में खिलाड़ियों का जुनून देखने लायक था। मैदान के चारों ओर दर्शकों की तालियों और नारों से वातावरण गूंज उठा। खिलाड़ियों ने भी वादा किया कि वे पूरी ईमानदारी और खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। महावीर स्पोर्ट्स क्लब मुबारकपुर के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन मंच और अवसर की कमी के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाते। क्लब ने यह संकल्प लिया है कि हर वर्ष इस टूर्नामेंट को बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा और अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ा जाएगा।

## सिद्धपीठ माता कामाख्या देवी मंदिर में भव्य नवरात्र महोत्सव की तैयारी

हीना पठानिया, अनंत ज्ञान

बढ़ूही (ऊना)। उपमंडल अंब के तहत पोलियां पुरोहिता पंचायत स्थित प्राचीन सिद्धपीठ माता कामाख्या देवी मंदिर में इस बार नवरात्रों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी की विशेष बैठक में मां कामाख्या स्टोन क्रशर और सेवादल के सहयोग से कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रमानुसार 22 सितंबर सुबह 10 बजे मंदिर परिसर से मंगल कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो नलोह, मैडी, नेहरियां, लाहड़, ज्वार, कलोहा व पंगलू से होती हुई पुनः मंदिर परिसर लौटेगी। इसी दिन भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

23 सितंबर को परम श्रद्धेय गुरु अतुल कृष्ण जी महाराज के पावन सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। कथा प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारे) की व्यवस्था रहेगी। प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे कन्या पूजन और रात 7 से 10 बजे तक माता रानी के भजन-कीर्तन का आयोजन भी होगा। नवरात्र महोत्सव का विशेष आकर्षण 28 सितंबर को रहेगा, जब प्रसिद्ध भजन गायक सुदर्शन सरगम द्वारा माता रानी की भव्य चौकी सजाई जाएगी। स्थानीय निवासी व मंदिर कमेटी सदस्य सुनील ठाकुर ने बताया श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर कमेटी ने आसपास के क्षेत्रों से आने-जाने हेतु निःशुल्क वाहन सेवा उपलब्ध कराने की भी घोषणा की है।

पोलियां पुरोहिता स्थित यह मंदिर एक प्राचीन सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां मां की विशेष कृपा बनी रहती है और भक्त सच्चे मन से जो भी मन्नत मांगते हैं, वह पूर्ण होती है। मंदिर में नवरात्रों के दौरान दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं और माता रानी के दरबार में आस्था अर्पित करते हैं। यह स्थान क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र माना जाता है। मंदिर कमेटी ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि वे परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य धार्मिक अनुष्ठान का लाभ उठाएं।

# कुल्लू-मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग फिर बना लाइफलाइन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

एक बार फिर से कुल्लू-मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग मनाली देश के लिए लाइफ लाइन बन गई है। वर्ष 1988, 1992, 1995, 2018 और अब 2025 की बाढ़ के बाद कुल्लू-मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग एक बार फिर से मनाली और लेह को जोड़ रहा है, लेकिन दुख इस बात का है कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार इस मार्ग की महत्ता नहीं समझ पा रहे हैं।

इसपर यातायात कई गुना बढ़ गया है। लेफ्ट बैंक में आने वाले सभी गांव से यह मार्ग गुजरता है और इन गांव के लोग सड़क में ही अपने वाहनों को खड़ा करते हैं। इससे अक्सर बाढ़ की स्थिति बन रहती है। जब भी बाढ़ आई है, तो मनाली-कुल्लू अक्सर ब्यास नदी की बाढ़ की चपेट में आ जाता है और मनाली सहित लेह-लद्दाख भी देश के अन्य भागों से कट जाता है। उस समय यही लेफ्ट बैंक मार्ग ही मनाली व लेह लद्दाख को देश के अन्य भागों से जोड़े रखता है और इस बार भी इसी मार्ग से मनाली जुड़ा हुआ है और लेह लद्दाख तक पहुंचा जा रहा है। लेफ्ट बैंक मार्ग पर भारी यातायात है रात-दिन वहां चल रहे हैं। इससे लेफ्ट बैंक में रहने वाले लोगों को यातायात जाम और अन्य कार्य करने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी और इस मार्ग में रहने वाले लोगों के द्वारा अपने वाहन सड़कों में ही खड़े रखने से यातायात की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। लेफ्ट बैंक निवासी रोशन ठाकुर, रमेश ठाकुर, सोहन ठाकुर का कहना है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार को समझना चाहिए कि इसी मार्ग द्वारा अनेक बार आई बाढ़ में मनाली व लेह लद्दाख को जोड़े रहा है। दोनों सरकारों को चाहिए कि इसी मार्ग को डबल लेन किया जाए, यह न केवल मनाली-लेह लद्दाख के लिए हर बिकट स्थिति में लाइफ लाइन का काम करती है और इसी मार्ग का रखरखाव भी निरंतर होना चाहिए। केंद्र द्वारा इस मार्ग को विशेष बजट दिया जाना चाहिए।



जगतसुख के पास सड़क पर बेतरतीब खड़े किए वाहनों के चालान काटते हुए पुलिस जवान।

## समय रहते डबल लेन किया जाए: भुवनेश्वर गौड़

मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार और केंद्र सरकार को पत्र लिखकर मांग की है यह मार्ग हर बार बाढ़ के समय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जहां मनाली को अपर बैली को जोड़े रखता है। वहीं पर लेह लद्दाख को रसद पहुंचने में भी अहम रोल निभाता है। इस मार्ग के रखरखाव के लिए विशेष बजट हर वर्ष दिया जाना चाहिए और समय रहते इसे डबल लेन किया जाए, जो कि इस क्षेत्र के लोगों की मांग है।

## सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों पर कसा शिकंजा

**वामतट** मार्ग में सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। नेशनल हाइवे अवरुद्ध होने के कारण सारा बोझ वामतट मार्ग पर पड़ रहा है। इस मार्ग पर ग्रामीण क्षेत्र में लोग वाहन सड़क किनारे खड़े कर रहे हैं। वाहन खड़े होने से वामतट मार्ग में भारी ट्रैफिक जाम लग रहा है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने जगतसुख में सड़क के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों के मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किए। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम लग रहा था। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे अनधिकृत रूप से वाहन खड़ा न करें, अन्यथा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब से बाढ़ आई है। इसी मार्ग से वाहनों का आना-जाना है तथा भेड़पालक गद्दी और पशुपालक, गुज्जर अब पहाड़ों से अपने पशुओं को लेकर आ रहे हैं। इससे रात-दिन यह मार्ग व्यस्त है और स्थानीय लोगों द्वारा वाहनों को सड़क पर खड़ा कर रखा है। इसके चलते घंटों जाम लग रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा न करें।

# निरमंड कस्बे का मुख्य मार्ग डेढ़ सप्ताह से बंद, छात्रों की बढ़ी मुश्किलें

**अनंत ज्ञान, आनी।** पीडब्ल्यूडी के निरमंड उपमंडल के अंतर्गत आने वाले रेता मोड़ से निरमंड निचले बाजार तक का सड़क मार्ग पिछले करीब डेढ़ सप्ताह से बंद पड़ा है। भूस्खलन के चलते सड़क पर आए कीचड़ व मलबे के कारण यह मार्ग अवरुद्ध है।

निरमंड कॉलेज सहित 4 अन्य स्कूलों को जाने वाले इस मार्ग को पीडब्ल्यूडी विभाग ने अभी 5 दिनों बाद खोलने का मन बनाया है, ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सताने लगी है क्योंकि इस मार्ग से होकर डिग्री कॉलेज निरमंड, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्राथमिक स्कूल, स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर सहित कई शिक्षण संस्थानों में बच्चे पढ़ने आते हैं। मार्ग बंद होने से छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल पैदल आना-जाना तक बंद हो गया है और उन्हें मजबूरन ऑनलाइन क्लासों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, बड़े बच्चों को भी स्कूल पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के बारे में लोक निर्माण विभाग व प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी है। उनका कहना है कि विभाग की इस नजरअंदाजी का असर सबसे ज्यादा छात्रों व आम जनता पर पड़ रहा है, जो रोजमर्रा की आवाजाही के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। वहीं, पीडब्ल्यूडी निरमंड उपमंडल के सहायक अभियंता राकेश ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल सेब बहुल क्षेत्रों की सड़कों को खोलने पर ही प्राथमिकता दी जा रही है। निरमंड कस्बे की रेता मोड़ से निचले बाजार तक जाने वाली सड़क को विभाग ने अगले पांच दिनों के बाद खोलने का निर्णय लिया है।

# निरमंड में लोनिवि के 34 करोड़ बर्बाद कर गई बरसात, 76 सड़कें अब भी बंद

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी विधानसभा क्षेत्र में इस साल की बरसात ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल में अकेले 34 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान दर्ज किया गया है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि मंडल की 119 सड़कों में से 76 सड़कें अभी भी पूरी तरह से बंद पड़ी हुई हैं।

प्रदेश में मानसून के शुरुआती दिनों में हालात सामान्य रहे, लेकिन अंतिम चरण में बारिश ने विकराल रूप धारण कर लिया। पहाड़ों से भारी मलबा गिरने और जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें पूरी तरह तबाह हो गईं। कई जगह डंगे ढह गए, तो कहीं सड़कों का नामोनिशान तक मिट गया। नतीजतन ग्रामीण परिवहन व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बीते कई दिनों से बस सेवाएं ठप पड़ी हुई हैं। लोगों को टैक्सियों का महंगा किराया चुकाकर या फिर पैदल ही सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। हजारों पेटियां सेब या तो तोड़ी ही नहीं जा सके हैं या फिर पेटियां व क्रेटों में भरकर गांवों में ही पड़े सड़ रहे हैं। खासकर लढागी, बुछैर, डीम, गाड, निरमंड बागीपुल, जाओं, चायल और जुआगी जैसे क्षेत्रों में बागवानों की हालत बेहद खराब है। एचपीएमसी की सैकड़ों बोरियां सड़कों के किनारे बेकार पड़ी हैं। खाद्यान्न आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। कई दुर्गम इलाकों में लोगों को राशन तक की किल्लत झेलनी पड़ी। हालांकि, प्रशासन ने विशेष प्रयासों से इस समस्या को काफी हद तक दूर किया है। वहीं, कई सरकारी बसें अब भी गांवों में फंसी हुई हैं, जिससे आम जनता को और दिक्कतें हो रही हैं। पीडब्ल्यूडी निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर आनंद शर्मा ने बताया कि इस बरसात में मंडल की कुल 119 सड़कों में से 108 बंद हो गई थीं। विभाग ने अब तक 32 सड़कों को बहाल कर लिया है, जबकि 76 सड़कें अभी भी बंद हैं। उन्होंने कहा कि सड़क बहाली के लिए मशीनरी युद्धस्तर पर लगाई गई है और विभाग प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से सभी सड़कों को जल्द खोलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 155 क्विंटल राशन किया एयरड्रॉप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आपदा राहत के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र तक वायु सेना के द्वारा राशन एयर ड्रॉप करने के बाद अब पीडीएस वितरण प्रणाली के अंतर्गत 120 उचित मूल्य की दुकानों के लिए जिले भर में स्थित नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम से आवश्यक राशन की आपूर्ति भेज दी गई है।

यह जानकारी देते हुए डीसी तोरुल एस रवीश ने बताया कि आपदा के कारण जहां जिले के अधिकतर गांव सड़क सुविधा से कट चुके हैं तथा सड़कों को बहाल करने का कार्य चल रहा है। जिले में आवश्यक राशन व खाद्य सामग्री की आपूर्ति के लिए अभियान तेज किया गया है। डीसी ने कहा कि जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के कुल सात गोदाम हैं, जिसके साथ विभिन्न क्षेत्रों कि 457 उचित मूल्य की दुकानें संबद्ध हैं। इन दुकानों के माध्यम से ही प्रत्येक परिवार को उचित मूल्य पर राशन की आपूर्ति सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित करवाई जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि इन गोदामों में कुल्लू गोदाम से 36 दुकानों, भुंतर गोदाम के अंतर्गत 21 दुकानों, पतलीकूहल गोदाम से संबंध 17 दुकानों, बंजार से संबंध छह दुकानों तथा धामन स्थित गोदाम से 6 दुकानों के लिए खाद्यान्न सामग्री की आपूर्ति कर दी गई है। इसके साथ ही आनी स्थित गोदाम से 12 उचित मूल्य की दुकानों तथा निरमंड से 22 उचित मूल्य की दुकानों को भी आपूर्ति भेजी जा चुकी है। इस प्रकार से जिले की 120 उचित मूल्य की दुकानों तक खाद्य सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके माध्यम से यह राशन लोगों को वितरित किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि जिन दुकानों तक सड़कें व रास्ते क्षतिग्रस्त होने के कारण खाद्य



सामग्री की आपूर्ति नहीं हुई है, वहां के लिए जल्द ही ढुलाई करके खाद्य सामग्री की आपूर्ति जल्द सुनिश्चित की जा रही है। डीसी ने जानकारी दी कि जहां-जहां भी राशन की तुरंत आवश्यकता है, वहां पर राशन का इंतजाम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है तथा जिले में प्रचुर मात्रा में राशन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत के लिए उपमंडल स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष संबंधित उपमंडल के उपमंडल अधिकारी हैं। इस कमेटी के माध्यम से राशन सहित अन्य राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। डीसी ने जानकारी दी कि उपमंडल अधिकारी बंजार द्वारा आज फगवाना तथा चकुरठा गांव में राशन डिपो के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को राशन का वितरण करवाया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र को राशन की आपूर्ति करने के अभियान की निगरानी डीसी द्वारा प्रतिदिन स्वयं की जा रही है तथा यह कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

# शौरी ने पीड़ितों से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार उपमंडल की ग्राम पंचायत न्यूल के डौला गांव में भारी भूस्खलन से प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने बुधवार को स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर पीड़ितों से संवाद किया और उनकी व्यथा को साझा किया। विधायक ने प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सुना तथा उन्हें प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया। शौरी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल बनाए हुए हैं व प्रभावी राहत कार्यों के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने आवश्यक राहत सामग्री, चिकित्सा सहायता व सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से संयम व आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील की। विधायक ने यह भी बताया कि क्षेत्र की मुख्य शोघी सुजैहनी सड़क कई स्थानों पर बंद है।

# एक साथ उठी एक परिवार के पांच लोगों की चिताएं

## शमारनी हादसा: बेटे ने दी अपने परिवार को मुखाग्नि, गांव सहित पूरे क्षेत्र में छाया मातम

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** निरमंड खंड की घाटू पंचायत के शमारनी गांव को बारिश व भूस्खलन कभी न भरने वाला जख्म दे गया है। इस हादसे से पूरे गांव सहित पूरा क्षेत्र शोक में डूबा हुआ है।

हादसे के दूसरे दिन बुधवार को गांव के नजदीक शरमानी खड्डु के किनारे एक ही परिवार के पांच सदस्यों की चिताएं एक साथ जल उठीं। यह दृश्य देख हर सभी की आंखें नम हो गईं। घायल पिता शिव राम के बेटे श्याम लाल ने अपने परिवार की चिताओं को मुखाग्नि दी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम छाया हुआ है। मंगलवार की सुबह पहाड़ से अचानक आए भारी मलबे ने गांव में तबाही मचा दी थी। इस आपदा में शिव राम और उसके भाई धर्मदास के परिवार पर सबसे बड़ा कहर टूटा। हादसे में जहां शिव राम, उसका भाई धर्मदास



निरमंड खंड की घाटू पंचायत के शमारनी गांव के एक परिवार के पांच लोगों की चिताएं।

और धर्मदास की पत्नी किसी तरह बच गए, वहीं शिव राम की पत्नी, बेटा, बहू, पोता और पोती मलबे में दबकर काल के ग्रास बन गए। अस्पताल से छुट्टी लेकर शिव राम ने स्वयं अपनों की अंतिम यात्रा में भाग लिया और बेटे के साथ खड़ा होकर विदाई दी। ग्राम पंचायत घाटू के प्रधान भोगा राम ने बताया कि हादसे में घर खो चुके शिव राम और धर्मदास को फिलहाल पंचायत घर में शिफ्ट किया गया है। वहीं, मोती राम, कर्म दास और एक अन्य ग्रामीण के मकानों को भी संभावित खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। शरमानी खड्डु का कलकल बहता पानी अब इस काले अध्याय का मौन गवाह है। 10 सितंबर का दिन गांववासियों की स्मृति में हमेशा उस त्रासदी के रूप में दर्ज रहेगा, जब एक ही गांव ने एक साथ पांच चिताओं की लपटों में अपने लोगों को खो दिया।

आपको बता दें कि मंगलवार को पेश आए इस हादसे में ब्रेस्ती देवी पत्नी शिव राम, आयु 50 वर्ष, चुनी लाल पुत्र शिव राम, आयु 32 वर्ष, अंजू देवी पत्नी चुनी लाल आयु 25 वर्ष, भूपेश पुत्र चुनी लाल, आयु 5 वर्ष एवं कुमारी जागृति, पुत्री चुनी लाल, आयु 8 वर्ष की मृत्यु हो गई। वहीं, शिव राम पुत्र स्व. केसी राम आयु 52 वर्ष, धर्म दास पुत्र स्व. केसी राम आयु 48 वर्ष व कला देवी पत्नी धर्म दास आयु 45 वर्ष घायल हुए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल के अभिभावक: अखिलेश कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के दौरे के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा त्वरित राहत के लिए 1500 करोड रुपए की राहत राशि दी गई है।

हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने ढालपुर में पत्रकार वार्ता में कहा कि ऐसे में प्रदेश सरकार भी जल्द से जल्द प्रभावित परिवारों को राहत दे, ताकि उन्हें आगामी समय में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा हिमाचल में अधिकारियों के साथ बैठक की गई और बाढ़ प्रभावित इलाकों का भी हवाई दौरा किया गया। इसके अलावा उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ भी मुलाकात की। ऐसे में त्वरित राहत देने के लिए हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करती है। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि पीएम हमेशा हिमाचल की जनता के साथ अभिभावक की तरह खड़े हुए हैं और उन्होंने प्रदेश सरकार को भी आश्वासन दिया है कि जल्द ही उन्हें अतिरिक्त मदद भी जारी की जाएगी। प्रदेश सरकार के द्वारा जो भी नुकसान की रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। इस आधार पर सभी परिवारों की मदद की जाएगी। अखिलेश कपूर ने बताया कि आपदा में जान गंवाने वालों के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और घायलों को 50,000 की सहायता प्रदान करने की बात कही है और केंद्र की इस मदद से प्रभावित परिवारों को बढ़ी राहत मिलेगी। आपदा में जिन लोगों के घर नष्ट हुए हैं, उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को पक्के मकान मिलेंगे और किसानों के लिए विशेष सहायता भी प्रदान दी जाएगी। इसमें अग्रिम किसान सम्मान निधि की किस्त भी शामिल है।

# लाहौल-स्पीति में एंटी-ड्रग अवेयरनेस अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति के आदेशानुसार जिले में एंटी-ड्रग अवेयरनेस अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक करना और नशामुक्त समाज की ओर प्रेरित करना है। नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार व समाज की खुशहाली भी नष्ट करता है। जिला पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। एसपी लाहौल-स्पीति शिवानी मेहला ने बताया कि यह अभियान समस्त लाहौल-स्पीति जिले में चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से कहा कि सब मिलकर नशे को न कहें और स्वस्थ, सुरक्षित व उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

# सेब व सब्जी को मंडियों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: सुंदर ठाकुर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों तक सहायता पहुंचाना और किसानों-बागवानों के उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की हर समस्या जिनमें अवरुद्ध सड़क बहाली सहित बिजली, पानी, राशन व उनके रहने और खाने-पीने की हर व्यवस्था के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अवरुद्ध सभी सड़कों पर युद्धस्तर पर बहाली कार्य जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को मणिकर्ण सड़क मार्ग को बुधवार को भुंतर तक जोड़ दिया गया है। इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा से इस सड़क को भी अलग-अलग स्थानों पर भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ था, लेकिन अब बहाली का कार्य पूरा होने से मणिकर्ण क्षेत्र के किसानों व बागवानों का सेब व सब्जियां मंडियों तक पहुंचने लगी



हैं। साथ ही पर्यटक वाहन भी इस मार्ग से गुजर पा रहे हैं। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देशों पर जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और पुलिस लगातार दिन-रात कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बागवानों व स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे संयम बनाए रखें और जिला प्रशासन का सहयोग करते हुए यातायात एडवाइजरी का पालन करें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के डुंखरा के पेट्रोल पंप पर ईंधन की आपूर्ति कर दी गई है, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो।

# कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग जाम

## कुल्लू से मनाली पहुंचने में लगे 12 घंटे, लोगों को झेलनी पड़ी दिक्कत

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली-लेह मार्ग बहाल होने के बाद फंसे ट्रक व अन्य वाहन एक साथ कुल्लू की ओर रवाना होने से कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग पर भयंकर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बीते दिन दोपहर से इस मार्ग पर जगह-जगह जाम लग रहा था।

मंगलवार रात को भी इस मार्ग पर रातभर वाहन जाम में फंसे रहे। लोग रातभर भूखे-प्यासे गाड़ियों में रहे। आलम यह था कि शाम पांच बजे कुल्लू से मनाली के लिए निकले लोग जाम में ऐसे फंसे कि बुधवार सुबह चार बजे मनाली पहुंचे। वहीं, बुधवार को भी ट्रेफिक जाम रहा। हालांकि, जगह-जगह पुलिस के जवान मोर्चा संभाले हुए थे, लेकिन एक साथ दो सौ से ज्यादा ट्रकों के छोड़ने से हालत बेकाबू हुए। सनद रहे कि 26 अगस्त को बाढ़ से लाहौल घाटी में 200 से अधिक ट्रक व छोटे वाहन फंस गए थे। ओल्ड मनाली सड़क खुलने के बाद अधिकतर छोटे वाहन निकल गए। मनाली के समाहन में मनाली-लेह मार्ग खुलते ही फंसे हुए वाहनों को कुल्लू की ओर भेजा गया। एक साथ सभी वाहन छोड़ने से तंग सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। जगतसुख, नग्गर व रायसन पुल पर सबसे अधिक गंभीर स्थिति रही। इसके अलावा रात के समय भेड़ पालकों के अपने मवेशियों को लेकर निकलने से भी वाहन घंटों जाम में फंस गए। हालात यह बने कि रात को लोग भूखे गाड़ियों में रहने को विवश हुए। सुनील ने बताया कि वह अपने कार्य से कुल्लू गए थे। शाम को छह बजे मनाली के लिए



निकले। रायसन पुल से जगतसुख तक ऐसा जाम लगा कि वह रातभर जाम में फंसे रहे और बुधवार सुबह लगभग चार बजे मनाली पहुंचे। कमलेश ने बताया कि वामतट मार्ग जगह-जगह तंग है। एक साथ इतने सारे ट्रक छोड़ने से जाम लग गया। जगतसुख के समीप एक ट्रक सड़क किनारे नाली में धंसने से भी स्थिति खराब हुई। पुलिस ने वाहन एक साथ छोड़ दिए। इससे यह हालत बन गए। वहीं, डीएसपी मनाली केडी शर्मा बताया कि यातायात नियंत्रण के लिए जगह-जगह पुलिस जवान तैनात किए हैं। तंग जगह वहानों को बारी-बारी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में कई लोग सड़क किनारे अपनी गाड़ियों को खड़ी कर रहे हैं। इससे जाम की स्थिति पैदा हो रही है।

**राहत** बीआरओ के जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना नामुमकिन को किया मुमकिन

# मनाली-लेह सड़क मार्ग दो सप्ताह में बहाल कर रचा इतिहास

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** भारी बारिश व बाढ़ के कारण जगह-जगह से पूरी तरह से टूट चुके मनाली-लेह सड़क मार्ग को मात्र दो सप्ताह में बहाल कर बीआरओ ने एक बार फिर कर दिखाया कि बीआरओ है, तो सब मुमकिन है इसलिए कहते हैं कि नामुमकिन शब्द सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की डिक्शनरी में नहीं है। नामुमकिन को मुमकिन कैसे बनाना है, वो बीआरओ को भली-भांति पता है।

26 अगस्त को मनाली की ब्यास नदी में आई भयंकर बाढ़ ने जिस तरह से तबाही मचाई और मनाली-लेह मार्ग को नुकसान पहुंचाया वह कल्पना से परे था। सड़क की हालत इतनी खराब हो गई थी कि लोग कहने लगे कि अब तो नए सिरे से ही सड़क बनानी पड़ेगी। कई जगह तो सड़क का नामोनिशान तक मिट गया था। सोशल मीडिया में यहां तक कहा गया कि बशिष्ट व समाहन में क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि असंभव भी है, लेकिन सीमा सड़क संगठन के



मनाली-लेह सड़क मार्ग की बहाली में जुटी बीआरओ की मशीनरी 26 अगस्त को ब्यास नदी में आई भयंकर बाढ़ ने मचाई थी तबाही।

अधिकारियों ने ठान लिया कि सड़क वही बनेगी चाहे कुछ भी करनी पड़े। संगठन के जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर दिन-रात एक कर नामुमकिन को मुमकिन बनाकर नया इतिहास लिख दिया। एक तरफ सौ मीटर गहरी खाई और नीचे ब्यास नदी की बहती जलधारा, ऊपर पहाड़ से गिरते पत्थरों का सिलसिला इसके बीच संगठन की बड़ी-बड़ी मशीनों ने अपना काम शुरू किया और दो सप्ताह के भीतर सड़क ठीक कर यातायात बहाल कर ही दम लिया। बहाली कार्य के प्रति समर्पण व जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए बीआरओ के चीफ इंजीनियर खुद मौके पर पहुंचे।

उन्होंने संगठन के जवानों के साथ-साथ सीमा सड़क संगठन के कमांडर कर्नल गोरब की पीठ थपथपाई और मनाली-लेह मार्ग बहाली के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। स्थानीय निवासी किशन लाल, प्रेम लाल, सुरेश कुमार और अमर सिंह ने बीआरओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब किसानों का सेब, मटर और गोभी मंडियों तक पहुंच सकेगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ से सड़कों को जहां भारी नुकसान हुआ और सड़कें अवरुद्ध होने से किसानों व बागवानों को भारी नुकसान हुआ है। मनाली के बशिष्ट व समाहन में यातायात बहाल होते ही 25 अगस्त से बाहंग व सोलांग में फंसे सैकड़ों वाहन अपने गंतव्य की तरफ रवाना हो गए हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों का योगदान भी सराहनीय रहा। युवा मंडलों व महिला संगठनों ने फंसे हुए चालकों के लिए खाने-पीने का इंतजाम किया, जो सराहनीय है।

# प्रभावित क्षेत्रों में राहत व आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर समितियां गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी, तोरुल एस रवीश ने कहा कि हाल ही में हुई भारी और लगातार बारिश के कारण जिले में व्यापक नुकसान हुआ है। राष्ट्रीय व राज्य उच्च मार्गों सहित कई संपर्क मार्ग भूस्खलन से बाधित हो गए हैं और कई सड़कें पूरी तरह बह जाने से दूरदराज के क्षेत्रों में राशन की कमी की स्थिति पैदा हो गई है। डीसी ने बताया कि प्रभावित आबादी तक समय पर राशन और आवश्यक वस्तुएं पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नेटवर्क और पहुंच संबंधी दिक्कतों के चलते प्रशासन हर प्रभावित क्षेत्र तक तुरंत नहीं पहुंच पा रहा। ऐसे में प्रशासन ने सभी उपमंडलों के लिए विशेष समितियों का गठन किया है, ताकि राहत व आपूर्ति कार्यों की समयबद्ध और प्रभावी निगरानी हो सके। इन समितियों की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी (नागरिक) करेंगे, जबकि खंड विकास अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता तथा खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के निरीक्षक सदस्य होंगे। समिति की जिम्मेदारी होगी कि पंचायत स्तर से राशन संकट संबंधी जानकारी एकत्रित करने, प्रतिदिन जिला खाद्य व नागरिक आपूर्ति नियंत्रक के साथ साझा करें। प्रभावित सड़कों व संपर्क मार्गों की जल्द बहाली सुनिश्चित करें और जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक मार्गों से राशन आपूर्ति करवाने की होगी। इसके अतिरिक्त जिला आपदा संचालन केंद्र में प्राप्त सभी आपात कॉल भी समिति के साथ तुरंत साझा किए जाएंगे, ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। डीसी ने कहा कि समितियां प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगी और राहत कार्यों की प्रगति का आकलन करेंगी।

# प्रभावित परिवारों तक समयबद्ध राहत राशि पहुंचाना करें सुनिश्चित : किरण भड़ाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिले में हाल ही में हुई वर्षा, बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को जल्द राहत पहुंचाने के लिए डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीसी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जीवन, संपत्ति, फसलों व पशुधन को हुए नुकसान का त्वरित आकलन किया जाए तथा उपलब्ध एसडीआरएफ निधि से प्रभावित परिवारों तक समयबद्ध राहत राशि पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि विस्तृत राहत प्रकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार कर आरएमएस पोर्टल पर अपलोड किए जाएं और मान्य राहत राशियों का वितरण गृह मंत्रालय भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाए। उन्होंने आम जनता से जिनका भी इस आपदा में किसी प्रकार का नुकसान हुआ है, उनसे ऑनलाइन माध्यम से लोक मित्र केंद्र से आपदा सहायता राशि के लिए आवेदन करने का आग्रह किया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान वर्षा, बाढ़ व भूस्खलन से हुए नुकसानों के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष राहत पैकेज अधिसूचित किया गया है। इस पैकेज के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को निम्नलिखित सहायता उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकान के लिए अधिकतम सात लाख तक की सहायता आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए एक लाख, दुकान/ढाबा क्षति पर एक लाख, किरायेदार की वस्तुओं की क्षति पर 50 हजार तथा मकान मालिक की वस्तुओं की क्षति पर 70 हजार, गोशाला क्षति (70 फीसदी से अधिक) पर 50 हजार, पॉलीहाउस क्षति पर 25 हजार, कृषि भूमि क्षति पर 10 हजार प्रति बीघा व फसल क्षति पर 4 हजार रुपए प्रति बीघा, बड़े पशुओं की मृत्यु पर 55 हजार प्रति पशु तथा छोटे पशुओं की मृत्यु पर 9 हजार प्रति जानवर सहायता राशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि अन्य प्रावधानों में कपड़े, बर्तन व घरेलू सामान की क्षति पर केंद्र सरकार से 2,500 रुपए तथा राज्य सरकार से अधिकतम 15 हजार रुपए तक राहत, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पक्के मकानों के लिए 12,500 रुपए तथा कच्चे मकानों के लिए 10 हजार रुपए, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व घराटों की क्षति पर अधिकतम 10 हजार रुपए, दुकानों की क्षति की स्थिति में किराये की दुकानों के मामले में अधिकतम 25 हजार तक राहत। मकान से जुड़े पशु शेड्स की क्षति पर केंद्र सरकार की ओर से 3 हजार रुपए तथा राज्य सरकार की ओर से अधिकतम 10 हजार रुपए प्रति शेड सहायता का प्रावधान है।

## न्यूज ब्रीफ

### 70 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 15 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज एसआईएस लिमिटिड आरटीए हमीरपुर में सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 15 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय अर्की में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं व विशिष्ट शारीरिक मापदंड ऊंचाई 168 सेमी, वजन 52 से 95 किलोग्राम तक तथा आयु 19-40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य व इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रेजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जगदीश ने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों सहित उपरोजगार कार्यालय अर्की में 15 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### शहीद राजेश को शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सराहां।** उपमंडल सराहां के मानगढ़ के शहीद राजेश कुमार को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद के परिजनों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में भूतपूर्व सैनिक एकता मंच के सदस्य भी मंच के प्रधान लाल चंद की अध्यक्षता में कार्यक्रम में शरीक हुए और शहीद राजेश कुमार द्वारा भारतीय सेना में रह कर उनके द्वारा दिए गए अमूल्य बलिदान को याद किया व उनकी माता को सम्मानित किया। शहीद राजेश कुमार ग्रेनेडियर रेजिमेंट से संबंध रखते थे।

### राजस्व खातों को आधार से लिंक करने को लगेंगे शिविर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जिले के सभी भू-मालिकों से अपील की है कि वे अपनी ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथियों पर आयोजित शिविरों में पहुंचकर अपने राजस्व खातों को आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से लिंक कराएं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, राजस्व न्यायालय मामलों और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभ के लिए अनिवार्य है। जिले की सभी तहसीलों और उपतहसीलों में 9 से 26 सितंबर तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ददाहू, हरिपुरधार, कमरऊ, माजरा, नारग, नोहरा, पच्छाद, पझौता, पांवटा साहिब, राजगढ़, रेणुका जी और शिलाई ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में यह शिविर लगेंगे।

### सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने सीपी राधाकृष्णन को भारत का 15वां उपराष्ट्रपति चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इस जीत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत बताया। गुप्ता ने कहा कि संघ विचारधारा से जुड़े व्यक्ति का उपराष्ट्रपति बनना पूरे संघ परिवार व दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल, भाजपा के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि सीपी राधाकृष्णन एक महान समाज सेवक हैं और उनके नेतृत्व में लोकतंत्र और मजबूत होगा। गुप्ता ने कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में संसद में कई नई और ऐतिहासिक बातें लिखी जाएंगी।

### छात्रों को स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मारकंडेश्वर नर्सिंग कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन उत्साह, रचनात्मकता और शैक्षणिक सक्रियता के साथ किया गया। इसमें जीएनएम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रवि चंद शर्मा, रजिस्ट्रार अजय सिंगल, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनप्रीत सिंह नंदा, उपप्राचार्य डॉ. जेएस संधू और नैक-समन्वयक डॉ. जय गोपाल वोहरा ने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सिंग कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हरप्रीत कौर के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। इसमें उन्होंने पोषण सप्ताह की महत्ता, उद्देश्य तथा स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस वर्ष विश्व पोषण सप्ताह का विषय बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें निर्धारित किया गया। इस पर आधारित गतिविधियों के अंतर्गत छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पौष्टिक, स्वादिष्ट और संतुलित व्यंजन तैयार किए, पंजीरी के लड्डू, नींबू का रस आदि। यह संपूर्ण अध्ययन कॉलेज की आहार विशेषज्ञ पल्लवी बंसल की विशेषज्ञ देखरेख और नर्सिंग संकाय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### धान खरीद के लिए धौलाकुआं व पांवटा केंद्र निर्धारित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले सिरमौर शमशेर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सिरमौर जिले में धान की खरीद के लिए धान खरीद केंद्र धौलाकुआं तथा कृषि उपज विपणन समिति पांवटा साहिब का चयन किया गया है। इन स्थानों पर 3 अक्तूबर से सरकार द्वारा जारी न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,389 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की (ग्रेड-ए) खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि धान खरीद के लिए पंजीकृत पोर्टल https://hpappp.hp.gov.in 8 सितंबर से खुल चुका है। पंजीकृत पोर्टल पर किसान अपनी सुविधा अनुसार धान की फसल को बेचने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे सरकार द्वारा धान खरीद के संदर्भ में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएं व अपनी धान की फसल को जिले के चयनित धान खरीद केंद्रों को ही उपलब्ध करवाएं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा घटनाओं का सामना न करना पड़े।

### आपदा राहत कोष में भेंट किया 1.71 लाख का चेक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल को गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन की ओर आपदा राहत कोष में 1.71 लाख रुपए का चेक भेंट किया गया। इस राशि में स्कूल के बच्चों ने भी अपना सहयोग दिया है। डॉ. शांडिल ने गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का आपदा राहत कोष में योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों द्वारा सहयोग देने पर विशेष रूप से उनका भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि स्कूल का यह प्रयास अन्य को भी इस दिशा में प्रेरित करेगा। इस अवसर पर नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा, डीसी सोलन मनमोहन शर्मा व गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन की प्रधानाचार्य डॉ. लखविंदर कौर अरोड़ा, अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सोलन में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 11 सितंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 11 को प्रातः 10 से सायं 4 बजे कालाघाट, कोटला पंजोला, दौलांजी, मंझोली, क्यार, सन्होल, नंदल, नौणी बाजार, धारों की धार, धर्जा, अंबड कोठी, बदलेच, नौणी विश्वविद्यालय, जोहड़ी, थुरन, ओच्छघाट, जटोली, कोठों एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### महिलाओं को कानूनों के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महिला व बाल विकास विभाग सोलन की ओर से सोलन की ग्राम पंचायत डांगरी में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जन शिक्षण संस्थान के निदेशक हरमिंदर वर्मा ने की। उन्होंने जन शिक्षण संस्थान द्वारा किशोरियों व महिलाओं के कौशल विकास के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन शिक्षण संस्थान सोलन द्वारा सहायक ड्रेस मेकर, दर्जी, ब्यूटी केयर सहायक आदि कोर्स निशुल्क करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार जन शिक्षण संस्थान सोलन से संपर्क कर सकते हैं। जिला मिशन समन्वयक सोलन रेनू शर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 व अन्य महिला कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। जन शिक्षण संस्थान सोलन की कार्यक्रम समन्वयक दीपिका शर्मा ने भी इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के तहत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में उपस्थित महिलाओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### शिलाई के जोड़ीदार भाइयों के पिता का निधन

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** जिला सिरमौर शिलाई क्षेत्र से संबंधित एक लड़की से शादी करने वाले दो जोड़ीदार भाइयों के पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। दोनों भाइयों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी शेयर की है। सिरमौरी जोड़ीदार भाई नाम से फेसबुक पर भाइयों ने अपने पिता के निधन की जानकारी शेयर की और एक भावुक संदेश लिखा। दोनों भाइयों ने लिखा- पापा आपके जाने के बाद जिंदगी वैसी नहीं रही जैसी पहले थी। आप मेरे लिए सिर्फ पिता नहीं थे, बल्कि मेरी ताकत, मेरा सहारा और मेरी दुनिया थे। आज भी जब मुश्किलें आती हैं, तो आपकी यादों से हिम्मत जुटाता हूं। आपके बिना घर सूना लगता है और दिल अधूरा, आपने हमें सिखाया कि कैसे सच्चाई और ईमानदारी से जीवन जीना है।

# सरकारी अस्पतालों को देना होगा डायलिसिस खर्च

## सोलन अस्पताल को डायलिसिस करवाने की एवज में कंपनी को चुकाने पड़ेंगे 84 हजार

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** सरकारी अस्पतालों में हिम केयर योजना के तहत रोगियों को मिलने वाले मुफ्त चिकित्सा सुविधा बंद होने के बाद अब किडनी के रोगियों की भी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

नेशनल हेल्थ मिशन की तरफ से अस्पताल प्रबंधन को आई नई गाइड लाइन के मुताबिक अब हंस फाउंडेशन की तरफ से किडनी के रोगियों के मुफ्त में किए जा रहे डायलिसिस का खर्च अब 1800 से 2000 हजार रुपए का भुगतान जरूरी किया गया है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन को यह राशि आरकेएस के फंड से चुकानी होगी। यदि अस्पताल प्रशासन इस राशि को चुकाने की स्थिति में नहीं है, तो रोगियों को मुफ्त में डायलिसिस करवाना मुश्किल होगा। हो सकता है कि रोगियों को स्वयं ही इस लागत को वहन करना पड़े। दरअसल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हंस फाउंडेशन की तरफ से प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा प्रदान की है। इसके लिए प्रदेश सरकार की तरफ से फाउंडेशन को पैसा दिया जाता है, लेकिन फाउंडेशन को धनराशि न मिलने के चलते, अब हेल्थ मिशन ने क्षेत्रीय अस्पतालों पर यह जिम्मेदारी डाली है। इसके चलते अस्पताल प्रबंधन के सामने अब बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। साथ ही मुफ्त में एनालिसिस का लाभ न मिलने पर रोगियों की भी मुश्किल बढ़ सकती है।



सोलन अस्पताल का डायलिसिस यूनिट। (फाइल फोटो)

> क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राकेश पंवर का कहना है कि नई गाइडलाइन के मुताबिक अब डायलिसिस पर आने वाले खर्च को रोगी कल्याण समिति को वहन करना पड़ेगा। समिति के पास इतना पैसा नहीं है कि वह इसका वहन कर सके। अतिरिक्त फंडिंग न होने पर डायलिसिस का खर्च उठाना मुश्किल होगा।

### सोलन अस्पताल में हर महीने 42 डायलिसिस

क्षेत्रीय हॉस्पिटल सोलन की बात करें, तो अस्पताल में हंस फाउंडेशन की तरफ से हर महीने 42 डायलिसिस होते हैं। यदि रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) को इस पर आने वाली लागत का वहन करना पड़े तो प्रति डायलिसिस 2000 खर्च करने होंगे। यानी आरकेएस को हर महीने 84 000 महीना हंस फाउंडेशन को देना होगा, जो कि समिति देने की स्थिति में नहीं है। तर्क दिया जा रहा है कि आरकेएस के पास कोई अतिरिक्त फंड नहीं है, जो फंड जमा होता है आरकेएस के तहत रखे कर्मचारियों के वेतन में खर्च हो जाता है। बता दें कि हिम केयर कार्ड योजना के तहत मिलने वाली मुफ्त उपचार सुविधा के लिए संबंधित कंपनी को बिलों का भुगतान न की जाने से अस्पताल में अब रोगियों को मुफ्त उपचार नहीं मिल पा रहा है। इससे सबसे अधिक नुकसान मुफ्त में होने वाले ऑपरेशन के रोगियों को हो रहा है। ऐसे में इस वर्ग को ऑपरेशन करवाने के लिए बाजार से 30,000 तक का सामान खरीदना पड़ रहा है।

# जेसीसी बैंक निदेशक पद चुनाव में भाजपा की लक्ष्मी व विजय की जीत




बैंक के निदेशक पद पर जीत के बाद लक्ष्मी ठाकुर अपने समर्थकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन/कंडाघाट**

जोगिंद्रा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के सोलन, कंडाघाट, अर्की और दून जॉन के निदेशक पद चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की। भाजपा ने चार और कांग्रेस ने दो सीट पर जीत दर्ज की।

भाजपा ने सोलन, धर्मपुर, दून और कंडाघाट में एकतरफा जीत हासिल की, जबकि अर्की और नालागढ़ में कांग्रेस निदेशक पद जीतने में कामयाब हुई। अर्की से रोशन वर्मा ने जीत दर्ज की। कंडाघाट से विजय ठाकुर विजयी रहे। दून जोन से संजीव कौशल निर्विरोध चुने गए। सोलन जोन से भाजपा की लक्ष्मी ठाकुर ने कांग्रेस के मोहन मेहता को पराजित कर 40-29 के अंतर से जीत दर्ज की। लक्ष्मी की जीत के बाद भाजपा ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस निदेशक मंडल का चुनाव को-ऑपरेटिव सोसायटियों के प्रतिनिधि करते हैं। कंडाघाट जॉन निदेशक पद के लिए कुल 50 मत थे। इसमें सभी ने मताधिकार का प्रयोग किया और सौ फीसदी मतदान हुआ। इन मतों में सीधा मुकाबला भाजपा समर्थित विजय ठाकुर और कांग्रेस समर्थित राजेश ठाकुर के बीच हुआ। इसमें विजय ठाकुर को 39 और राजेश ठाकुर को 11 मत मिले। विजय ठाकुर साल 2010 से लगातार इस पद पर जीत दर्ज कर रहे हैं।

# पीएम ने समझा हिमाचल का दर्द, आपदा राहत को दिए 1500 करोड़ रुपए: विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन/ राजगढ़**

> केंद्र की जारी राहत राशि को सही व पारदर्शिता से प्रभावित लोगों तक पहुंचाएं

हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल प्रदेश की आपदा राहत के लिए 1500 करोड़ रुपए की राहत राशि प्रदान करने के लिए आभार जताया है। विनय गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हिमाचल के आपदाग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करके यहां की तबाही को स्वयं अपनी आंखों से देखा और प्रदेश के बाढ़ प्रभावित लोगों के दर्द को दिल से उतारकर तुरंत 1500 करोड़ रुपए की राहत राशि देने का ऐलान किया।



उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता ने उदारवादी रवैया अपनाकर प्रदेश के लोगों का दुख-दर्द बांटने का काम ही नहीं किया, बल्कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए गरीब लोगों के उजड़े आशियाने को दोबारा से बसाने का प्रयास किया है। विनय गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया कि केंद्र द्वारा जारी कि राहत राशि को सही और पारदर्शिता से प्रभावित लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि वास्तविक तौर पर उन लोगों की सहायता हो सके, जिन लोगों के घर बार तबाह हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उदारवादी राहत राशि का सदुपयोग प्रभावित लोगों को मेरिट के आधार पर किया जाए और कहा कि इसकी बंदरबांट कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि नरेंद्र मोदी की इसी उदारवादी सोच के कारण आज विश्व भर में उनकी अलग पहचान है। विनय गुप्ता ने हरियाणा व उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों का भी प्रदेश के आपदाग्रस्त लोगों की सहायता के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए की राहत राशि देने के लिए भी आभार जताया।

# गाड़ी से 48 बोतलें देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना अर्की की टीम थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक इटिओस गाड़ी। इसमें एक व्यक्ति सवार है। वह गाड़ी में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब ले जा रहा है। इस सूचना पर उक्त पुलिस टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी करके उक्त गाड़ी को चैक किया गया, तो चैकिंग के दौरान उक्त गाड़ी से 4 पेटियां (कुल 48 बोतलें) शराब देसी मार्का हिम संतरा बरामद की गई। इस बारे में गाड़ी का चालक उक्त शराब के बारे में कोई भी वैध लाइसेंस/परमिट आदि पुलिस के समक्ष पेश न कर सका। इस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त गाड़ी को जब्त करके पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया तथा आरोपी चालक/व्यक्ति राम प्रकाश पुत्र दिला राम निवासी गांव चडेरा डाकखाना बलेरा तहसील अर्की जिला सोलन बीएनएसएस के प्रावधान की धारा 35(3) के तहत पाबंद किया गया। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## भोजिया डेंटल कॉलेज में वन पीस इंप्लांट्स कार्यक्रम का आयोजन

# डॉ. राजेश ने लाइव सर्जरी का किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

भोजिया डेंटल कॉलेज व हॉस्पिटल भूड बद्दी में प्रोस्थोडॉन्टिक्स तथा ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग ने इंडियन प्रोस्थोडॉन्टिक्स सोसायटी चंडीगढ़ के साथ मिलकर एकदिवसीय सीडीई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय वन पीस इंप्लांट्स रहा।




भोजिया डेंटल कॉलेज व अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश शर्मा ने लाइव सर्जरी का प्रदर्शन किया, जिसे सभी प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष प्रसारण (लाइव टेली-कास्ट) के माध्यम से दिखाया गया। वहीं, डॉ. समर तेजा ने वन पीस इंप्लांट्स पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विक्रम भोजिया, सवीद भोजिया, भोजिया डेंटल कॉलेज की डीन एकेडमिक्स डॉ. गीता कालरा, डायरेक्टर ऑफ स्टडीज डॉ. मंजीत तथा कॉलेज के प्राचार्य व आईपीएस चंडीगढ़ शाखा के अध्यक्ष डॉ. तरुण कालरा उपस्थित रहे। डॉ. तरुण कालरा ने अतिथियों व वक्ताओं का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में डॉ. विमल कालिया (पूर्व प्राचार्य, रयत बहारा डेंटल कॉलेज, मोहाली) तथा डॉ. अनु गिरिधर (हेड ऑफ डिपार्टमेंट, प्रोस्थोडॉन्टिक्स, नेशनल डेंटल कॉलेज, डेराबस्सी) मौजूद रहे। भोजिया डेंटल कॉलेज व हॉस्पिटल के सेक्रेटरी विक्रम भोजिया एंड डायरेक्टर सविध भोजिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार भी जताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल हुए और नवीनतम तकनीक से परिचित हुए।

# चायल-डूबलू सड़क चौड़ी करने से लोगों की करोड़ की संपत्ति क्षतिग्रस्त

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** चायल घाटी की चायल डूबलू सड़क को चौड़ा करने से वन संपदा फनेवटी लोगों के मकान और जमीनें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसकी सरकार व विभाग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

इस सड़क को करीब छह महीने पहले चौड़ा करने का काम शुरू किया गया। सड़क की कटिंग सीधी की गई। इससे भूस्खलन हुआ। दर्जनों पेड़ गिरकर वन संपदा को नुकसान हुआ। फनेवटी में नरेश कुमार का चार मंजिला मकान खतरे में आ गया। इस मकान को खाली करवा दिया है। इसी के साथ बाबूराम और लक्ष्मी सिंह की करीब 10 बीघा जमीन, लक्ष्मी सिंह की गोशाला, वर्षा शालिका, पैदल रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए। भूस्खलन के कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा



चायल घाटी की चायल-डूबलू सड़क चौड़ी करने का कार्य।

और बावड़ी के रास्ते बंद हैं। लोगों का कहना है कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कटिंग के दौरान कहा था कि 90 डिग्री पर सीधी कटिंग न करें और घरों और जमीन की सुरक्षा के लिए डंगे लगाए जाएं। इसकी कोई परवाह नहीं की गई। इसका नतीजा आज उन्हें करोड़ों की संपत्ति क्षति करके चुकाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज विभाग व सरकार इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं। आज सड़क की ऐसी स्थिति के कारण प्रभावित परिवारों के अतिरिक्त पांच पंचायतों के करीब 60 गांव व उपगांव भी प्रभावित हो रहे हैं। इन सभी के लिए विभाग, प्रशासन और सरकार गंभीर नहीं है।

# पटाखा फैक्टरी बंद, कर्मियों को नहीं मिला दो महीने का वेतन

**संजय राजन, अनंत ज्ञान**

**सराहां।** जिला सिरमौर के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में डिलमन स्थित पटाखा फैक्टरी के कर्मचारियों ने मालिकों पर मजदूरी न देने और अचानक फैक्टरी बंद करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार सागर फायरवर्क्स, तकी फायरवर्क्स और राजू एंटरप्राइजेज नामक तीन इकाइयों ने कथित तौर पर करीब 70 कर्मचारियों को पिछले दो माह का वेतन दिए बिना ही फैक्टरी बंद कर दी। श्रमिकों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना दिए उन्हें काम से हटा दिया गया और फैक्टरी में ताले जड़ दिए गए। इनमें से अधिकांश मजदूर बाहरी राज्यों से हैं। वेतन न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। कुछ लोग अपने घरों को लौट गए हैं, जबकि कई अब भी सिरमौर में रहकर अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि उनके पास रहने तक के पैसे नहीं बचे हैं और मकान मालिक किराया मांग रहे हैं। इस कारण उन्होंने नाहन में श्रम निरीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। उधर, जब इस संबंध में श्रम निरीक्षक विवेक नेगी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि पहले नोटिस पर फैक्टरी प्रबंधन का कोई प्रतिनिधि पेश नहीं हुआ था।

इसके बाद दूसरा नोटिस जारी किया गया। इसमें तीनों इकाइयों के प्रतिनिधि और श्रमिकों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मामले की अगली सुनवाई सोमवार को तय की गई है। इस दिन कंपनी द्वारा मजदूरों को भुगतान करने की बात कही गई है। श्रम निरीक्षक ने बताया कि कंपनी का पूरा रिकॉर्ड तलब किया गया है और जांच जारी है।

# पाइनग्रोव ने डेली कॉलेज को 1-0 से दी मात

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 25वीं सब-जूनियर इंटर पब्लिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट (अंडर-12) का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागी टीमों द्वारा मार्चपास्ट के साथ हुई। इसके पश्चात पाइनग्रोव स्कूल की स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट, आशिका शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि ब्रिगेडियर पुनीत शर्मा, कमांडेंट, 14 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर सुबाथू रहे। बीएसएनएई के अध्यक्ष व पाइन ग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह ने मैदान में आमंत्रित टीमों से मुख्यातिथि का औपचारिक परिचय करवाया। इसके उपरांत टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया गया। स्कूल की ब्रास बैंड टीम ने संगीत व तालमेल का शानदार-प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्घाटन मैच में पाइनग्रोव स्कूल ने एक कड़े मुकाबले में डेली कॉलेज इंदौर को 1-0 से हराकर जीत के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

**बैठक** | दून, अर्की और कसौली के विधायक ने दिए बहुमूल्य सुझाव

# कल्याणकारी योजनाएं समाज को सशक्त बनाने का माध्यम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि कल्याणकारी योजनाएं समाज को सशक्त बनाने का माध्यम हैं।

डॉ. शांडिल जिला कल्याण समिति, सोलन की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बना रही है कि कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लक्षित वर्गों तक समय पर पहुंचें। इस दिशा में सभी विभागों का समन्वयन व सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जिला प्रशासन व अन्य विभागों के तालमेल से योजनाओं को सफल बनाने के लिए कार्य कर रही है। अधिकारी और कर्मचारी प्रदेश सरकार के बहुमूल्य सहयोगी हैं और इनके सहयोग से राज्य सरकार जन-जन के कल्याण में सफल हो रही है। शांडिल ने कहा कि जिला सोलन में इस वित्त वर्ष में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा अन्य कल्याण योजनाओं पर 94 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के




सोलन में जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री कर्नल शांडिल।

तहत जिले में वित्त वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही में 52,479 पेंशनरों पर लगभग 22.88 करोड़ रुपए व्यय कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इस योजना के तहत जिला सोलन में 33,323 वृद्धावस्था पेंशन, 7,384 विधवा पेंशन, 4,902 अपंग राहत भत्ता, 37 कुष्ठ रोगी पुनर्वास भत्ता, 5686 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, 2,019 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, 127 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अपंगता पेंशन तथा एक ट्रांसजेंडर पेंशन है। डॉ. शांडिल ने कहा कि स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 29 लाभार्थियों पर 43.50 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में इस वर्ष अंतर्जातीय विवाह पुरस्कार योजना के अंतर्गत 15.50 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। 57 दिव्यांग छात्रों की छात्रवृत्ति पर 5,78,500 रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत 44 पीड़ितों को लगभग 26.92 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत 20 परिवारों को 8.20 लाख रुपए की अनुदान राशि दी गई है।

मंत्री ने कहा कि सोलन जिले में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 18160 महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए की राशि की दर से पेंशन प्रदान की जा रही है। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना ऐसी ही एक योजना है। इस योजना के तहत अनाथ बच्चों के लिए समग्र वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने बैठक में स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत आवास बनाने के लिए आवंटित किश्त राशि के प्रतिशत व योजना के तहत प्रदान की जाने वाली राशि को बढ़ाने का सुझाव दिया। अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने संबंधित अधिकारियों को दिव्यांग छात्रों को दी जानी वाली छात्रवृत्ति का विद्यालय, महाविद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मेडिकल महाविद्यालय सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रचार-प्रसार करने तथा समय-समय पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र छात्रों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने बैठक में अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न योजनाओं का कार्य समय पर पूरा किया जा रहा है।

# पीएम आवास योजना के अंतर्गत 798 मकानों का निर्माण पूर्ण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 2.99 लाख कार्य दिवस अर्जन के लक्ष्य के खिलाफ 2.96 लाख कार्य दिवस अर्जित किए गए हैं। मनमोहन शर्मा खंड विकास अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि गत दिनों जिले में भारी वर्षा के कारण हुए नुकसान का स्थल पर जाकर आकलन कर रिपोर्ट उपमंडलाधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित बनाएं, ताकि मनरेगा के तहत क्षतिग्रस्त हुए रास्ते, डंगे आदि को शीघ्र ठीक करवाया जा सके। डीसी ने कहा कि जिला सोलन में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विशेष परियोजना के तहत जिले में 798 आवासों का निर्माण किया गया है। उन्होंने योजना के अंतर्गत शेष मकानों का कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले के समस्त गांव को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) मॉडल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में कूड़ा पृथक्करण के लिए एक शेड के निर्माण के साथ-साथ सोखता गड्ढों का निर्माण करवाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने खंड स्तर पर प्लास्टिक कचरा संयंत्र चिन्हित कर निर्माण करवाने के निर्देश दिए। इससे जहां प्लास्टिक कचरे का निष्पादन होगा। वहीं, पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा। मनमोहन शर्मा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत खंड विकास अधिकारी धर्मपुर तथा कंडाघाट को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर उपयुक्त स्थान का चयन करें, ताकि चिन्हित स्थान पर हिम ईरा दुकान का निर्माण किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में गठित स्वयं सहायता समूहों को अन्य क्रियाकलापों के अतिरिक्त दुग्ध उत्पादन के लिए भी प्रेरित करें। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत चल रहे विकास कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करें तथा विकास कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर बल दें।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉशिंगटन में गूंजा भारतीय आध्यात्मिक स्वर

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। राष्ट्रीय प्रेस क्लब, वॉशिंगटन डीसी में पहली बार एक भारतीय आध्यात्मिक स्वर गूंजा, जब चंडीगढ़ के ऑशिम खेतरपाल ने 'साई बाबा पीस अवॉर्ड्स' की घोषणा की। यह सम्मान विश्व शांति, करुणा व मानवता को समर्पित है और इसे नोबेल शांति पुरस्कार का आध्यात्मिक विकल्प माना जा रहा है। कार्यक्रम में हार्वर्ड स्कॉलर और दो बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित रहे बार्ट एस फिशर, अंतरराष्ट्रीय रिलेशंस स्ट्रेटेजिस्ट व समाजसेवी डॉ. संजना जॉन सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद थीं। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया के साथ बातचीत व विशेष पॉडकास्ट भी आयोजित किए गए। खेतरपाल का यह दौरा महज एक अमरीकी यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिकता को वैश्विक कूटनीति से जोड़ने का प्रयास माना जा रहा है। उन्होंने भारतीय दूतावास वॉशिंगटन डीसी में भी शिरकत की और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में उन्हें स्पिरिचुअल डिप्लोमेसी और मानवीय सेवा के लिए विशेष साइटेशन से सम्मानित किया गया। न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में आयोजित एक बड़े सार्वजनिक समारोह में 900 से अधिक उद्यमियों, समाजसेवियों व परोपकारियों ने भाग लिया। यहां खेतरपाल ने कहा कि साई बाबा की शिक्षाएं श्रद्धा और सबूरी आज की दुनिया में शांति और एकता की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं। विशेष रूप से, संयुक्त राष्ट्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में आगामी महीनों में साई बाबा पीस अवॉर्ड्स आयोजित करने का निमंत्रण उन्हें प्रदान किया गया है। यह पहल फरवरी-मार्च में औपचारिक रूप ले सकती है।

### नूंह हिंसा में कांग्रेस विधायक को हाईकोर्ट से राहत

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने वर्ष 2023 में हुई नूंह हिंसा के आरोपी कांग्रेस विधायक मामन खान को राहत देते हुए उनकी जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में मामन खान को नूंह हिंसा का मुख्य सरगना बताते हुए जमानत खारिज करने की मांग की गई थी। नूंह में हिंसा की घटना 31 जुलाई, 2023 को हुई थी, जिसमें करीब छह लोगों की जान चली गई थी और निजी और सार्वजनिक संपति का भारी नुकसान हुआ था। घटना के बाद राज्य सरकार ने कथित तौर पर हिंसा में शामिल लोगों के घरों/परिसरों को ध्वस्त करने के लिए एक ध्वस्तीकरण अभियान भी चलाया था। हाई कोर्ट ने मामले का स्वत संज्ञान लेते हुए ध्वस्तीकरण अभियान पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट के जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। इस मामले में निचली अदालत ने मामन खान को 18 अक्तूबर 2023 को जमानत दी थी। खान की जमानत रद्द करने की मांग वाली अपनी याचिका में हरियाणा सरकार ने हाई कोर्ट के समक्ष दलील दी थी कि कथित घटना में 100 से अधिक लोग घायल हुए और कुछ की जान चली गई, जिसके परिणामस्वरूप 61 प्राथमिकी दर्ज की गईं। सरकार ने दलील दी थी कि मामन खान कथित गौरक्षा नूंह सभा का मुख्य सरगना था, जिसे अपराध करने के लिए अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर उकसाया और साजिश रची।

### ऑनलाइन टास्क फ्रॉड में तीन युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना फतेहाबाद पुलिस को सफलता मिली है। टीम ने ऑनलाइन टेलीग्राम टास्क फ्रॉड मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने एक व्यक्ति से 10 लाख 65 हजार 48 रुपये की ठगी की थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गगनदीप सिंह पुत्र बलविंदर सिंह निवासी भंभू कॉलोनी, गली नं. 4, वार्ड नं. 18, गंगानगर, विपनदीप सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी मतीली राठान, गंगानगर तथा गुरप्रीत सिंह पुत्र जसबीर सिंह, निवासी मतीली राठान, गंगानगर के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि इस बारे पुलिस ने राजकुमार फतेहाबाद की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क के बहाने ठगा गया। पहले उसे छोटे-छोटे लाभ दिखाकर झांसा दिया गया और बाद में अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करवाई गई, जिससे कुल 10.48 लाख की ठगी की गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 8 अगस्त को धारा 318(4) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर सेल टीम की संयुक्त कार्रवाई से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# प्रदेश में चल रही मेगा परियोजनाओं को तय समयावधि में करें पूरा : सैनी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही मेगा परियोजनाओं को तय समयावधि में पूरा करें और संबंधित प्रशासनिक सचिव स्वयं निगरानी करें।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में प्रदेश में चल रही 100 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सीएम को बताया गया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने, पानी की समुचित आपूर्ति व सिंचाई दक्षता में सुधार करने के लिए मेगा परियोजनाएं पूरी की जा रही हैं। दादूपुर से हमीदा हेड तक नई समानांतर लाइन चैनल का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य गैर-मानसून अवधि के दौरान हथिनी कुंड बैराज से होने वाले रिसाव के नुकसान को कम करना है, अब तक लगभग 80 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। 20 प्रतिशत काम पूरा करने की डेडलाइन दी गई। साथ ही, डब्ल्यूजेसी ब्रांच (75.25 किमी) तक ऑगमेंटेशन नहर का पुनर्निर्माण 383 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इन परियोजना को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, पीडी ब्रांच (मुनक से खुबड़ू हेड) की लाइनिंग व रिमॉडलिंग का कार्य भी लगभग 256 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इसके अलावा, गुरुग्राम वाटर सप्लाई परियोजना को भी जल्द शिलान्यास किया जाएगा। इसके तहत चैनल की क्षमता बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीट किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता में सुधार किया जाए, ताकि लोगों को पानी का उपयोग करने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। साथ ही, औद्योगिक इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित कर ट्रीटेड पानी के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया जाए, जिससे ताजे पानी की बचत हो सके। इसके अलावा, ट्रीटेड पानी का सिंचाई के लिए भी निरंतर उपयोग किया जाए। प्रदेश में चलाई जा रही कई परियोजनाओं के पूरा होने में हो रहे देरी को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी अधिकारियों से नाराज चल रहे हैं। वह लगातार इसको लेकर अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग कर रहे हैं। उन्होंने एक दिन पहले सभी परियोजनाओं की प्रशासनिक सचिवों के साथ गहन समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी सीएम के इस बदले अंदाज को लेकर अलर्ट मोड पर आ गए हैं। उन्होंने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को एक लेटर भी जारी किया है। सरकार की ओर से अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों या संस्थाओं की 'चल रही परियोजनाओं एवं मध्यस्थता मामलों' की समीक्षा करें।

## बेसहारा पशुओं के हमले में मौत व दिव्यांगता पर मिलेंगे पांच लाख

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने फैसला किया है कि गरीब परिवार के किसी व्यक्ति की कुत्ते के काटने या बेसहारा घूमते पशुओं यथा गाय-भैंस, सांड, बैल, नील गाय और गधे के हमले में मौत हो जाती है या फिर दिव्यांग हो जाता है तो पीड़ित परिवार को प्रदेश सरकार पांच लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता देगी। कुत्तों द्वारा एक बार काटे जाने जाने पर न्यूनतम दस हजार रुपये और कुत्ते के दांत से त्वचा कटने की स्थिति में न्यूनतम 20 हजार रुपए अनिवार्य रूप से दिए जाएंगे।

वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु)-2 की अधिसूचना जारी कर दी है। हरियाणा के सभी परिवार, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये तक है, योजना का लाभ उठा सकेंगे। आर्थिक मदद के लिए मौत या दिव्यांगता के तीन महीने के अंदर आनलाइन आवेदन करना होगा। प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक अप्रैल 2023 को दयालु योजना शुरू की थी। इसके बाद योजना में संशोधन किया गया। अभी तक 36 हजार 651 परिवारों को कुल 1380 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है। योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवार के छह वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। छह से 12 साल तक के बच्चे की मृत्यु या 100 प्रतिशत दिव्यांग होने पर एक लाख रुपये दिए जाते हैं। इसी प्रकार से 12 से 18 वर्ष की आयु पर दो लाख रुपये, 18 से 25 वर्ष की आयु तक तीन लाख रुपये, 25 से 45 वर्ष की आयु पर पांच लाख रुपये और 60 साल की आयु तक तीन लाख रुपये दिए जाते हैं। प्रदेश में हर महीने औसतन 10 लोगों की मौत गलियों और सड़कों पर घूमते बेसहारा पशुओं के कारण होती है। बेसहारा पशुओं के कारण हुई दुर्घटनाओं में कितने लोग दिव्यांग हो चुके, इसका आंकड़ा न तो यातायात पुलिस के पास है और न ही गोसेवा आयोग के पास कोई रिकार्ड है।

## पीएम मोदी आज करेंगे उत्तराखंड का दौरा सीएम धामी ने लिया तैयारियों का जायजा



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के हवाई सर्वेक्षण व समीक्षा बैठक के लिए पहुंच रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है, यही कारण है कि आपदा के इस कठिन समय में हमें निरंतर उनका सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहा है। प्रधानमंत्री के आगमन से उत्तराखंड में आपदा राहत कार्यों को और बल मिलेगा भारत से उठेगी नई शांति की विरासत

## विकसित भारत क्विज युवाओं के लिए ज्ञान व नेतृत्व का मंच बना

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। विकसित भारत क्विज अब विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के अंतर्गत लाइव हो चुका है, जो भारत के युवाओं को अपने ज्ञान को परख करने और अपनी नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का एक उत्साहजनक अवसर प्रदान करता है। यह पहल युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेरा युवा भारत के माध्यम से शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर सार्थक संवाद में शामिल करना है। अभियान के अंतर्गत शीर्ष 10,000 विजेताओं को विशेष माय भारत गुडीज प्रदान की जाएंगी। इस प्रयास का मकसद युवाओं को भारत के भविष्य निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना और अगली पीढ़ी के नेताओं को तैयार करना है।

## पीएचडीसीसीआई की इन्स एंड आउट प्रदर्शनी कल से

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



निर्माण क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों व नवाचारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स, द फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), चंडीगढ़ बिजली वितरण लिमिटेड और नेटवर्क ऑफ पीपल फॉर कंस्ट्रक्शन के सहयोग से 12 सितंबर से 15 सितंबर तक चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित परेड ग्राउंड में 11वीं चार दिवसीय इन्स एंड आउट प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष एमएस विज ने बताया कि प्रदर्शनी में 150 से अधिक व्यावसायिक स्टॉल होंगे। इसमें आधुनिक निर्माण सामग्री व नवीन निर्माण समाधानों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 12 सितंबर को पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया करेंगे। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नवीन सेठ और पीएचडी चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष मधुसूदन विज और सह-अध्यक्ष सुव्रत खन्ना भी उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

उद्घाटन सत्र के बाद शहरी नियोजन व अवसंरचना विकास पर एक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। 13 सितंबर को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें सीपीडीएल, क्रेस्ट, पेडा और हरेडा के अधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। 14 सितंबर को राज्यसभा के सांसद सतनाम सिंह संधू समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। चार दिनों के दौरान, विषय विशेषज्ञ आधुनिक निर्माण तकनीक, अग्नि सुरक्षा, सुरक्षा, रियल एस्टेट, साज-सज्जा और सजावट सहित विविध विषयों पर सेमिनार आयोजित करेंगे।

यह प्रदर्शनी ट्राइसिटी क्षेत्र के सभी निवासियों के लिए खुली है। वास्तुकला में चंडीगढ़ की अद्वितीय वैश्विक प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए, अध्यक्ष मधुसूदन विज और सह-अध्यक्ष सुव्रत खन्ना ने कहा कि चैंबर पिछले एक दशक से इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहा है, जिससे हजारों लोगों को निर्माण क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिल रही है।

## देश-विदेश

# ऑफिस में महिलाओं का सेक्सुअल हैरेसमेंट हो रहा : दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि भले ही सख्त कानून बने हों, लेकिन ऑफिस में महिलाओं के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट अभी भी हो रहा है। क्यों पुरुषों की सोच नहीं बदली है। वर्क प्लेस पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का जम्मू-कश्मीर से जुड़े मामले में सुनवाई को दौरान जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि एक महिला चाहे घर हो या ऑफिस हमेशा डर, शिष्टाचार और माफी के बीच जीती है। उन्होंने कहा कि शेक्सपियर की कविता महिलाओं की जिंदगी को सही ढंग से बयां करती है। आगे पंक्तियां पढ़ी, 'पहले मेरा डर, फिर मेरा शिष्टाचार, और आखिर में मेरी बात। मेरा डर आपका नाराज होना है, मेरा शिष्टाचार मेरा कर्तव्य और मेरी बात आपसे माफी मांगने के लिए।' (अनंत ज्ञान)



**कहा- पुरुषों की सोच अभी भी नहीं बदली**

### यह है पूरा मामला

यह केस जम्मू-कश्मीर के एक सरकारी अधिकारी आसिफ हमीद खान से जुड़ा है। उस पर दिसंबर 2014 में एक महिला ने शिकायत दर्ज कर सेक्सुअल हैरेसमेंट और धमकी देने का आरोप लगाया था। आसिफ हमीद खान ने हाईकोर्ट में अपील दायर करके कहा कि विभागीय जांच में उन्हें पहले ही बरी कर दिया गया है। इसके अलावा, पुलिस ने केस में क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर दी थी। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने उन्हें समन जारी कर दिया। खान ने इसी आदेश को चुनौती दी थी। हालांकि हाईकोर्ट ने आसिफ हमीद खान की अपील खारिज कर दी।

## एपल ने सबसे पतला आईफोन किया लॉन्च

एजेंसी, कैलिफोर्निया। एपल ने अपने सालाना इवेंट ऑव ड्रॉपिंग में अपना सबसे पतला आईफोन लॉन्च किया। आईफोन एयर 5.6एमएम पतला है। इसकी शुरुआती कीमत 1.20 लाख रुपए है। इवेंट में आईफोन 17, आईफोन 17 प्रो और आईफोन 17 प्रो मैक्स भी लॉन्च किया गया है। प्रो वैरिएंट में अब तक की सबसे बड़ी आईफोन बैटरी मिलेगी। 17 सीरीज की शुरुआती कीमत 82,900 रुपए है। लेकिन इस बार 128 जीबी के स्टोरेज ऑप्शन को हटा दिया गया है। शुरुआत 256 जीबी के स्टोरेज से की गई है। इसके अलावा एयरपॉड 3 प्रो पेश किया, जिसमें रियल-टाइम ट्रांसलेशन फीचर मिलेगा। ये हार्ट रेट सेंसर वाला पहला वायरलेस इयरबड भी है। इसमें दुनिया का सबसे बेहतरीन इन-ईयर एक्टिव नॉइज कैंसिलेशन मिलेगा। इसकी शुरुआती कीमत 25,900 रुपए है। (अनंत ज्ञान)

# केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार में दो प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

## डबल होगी भागलपुर से रामपुरहाट तक सिंगल रेललाइन

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग हुई। बैठक में 7616 करोड़ रुपए के निवेश वाली बिहार में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इसमें बिहार में बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर में फोर लेन ग्रीनफील्ड मोकामा-मुंगेर हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी गई। इसे हाइब्रिड एन्युइटी मोड के तहत बनाया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई 82.400 किलोमीटर और कुल 4447.38 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसके अलावा



बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 177 किमी लंबी भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट सिंगल रेलवे लाइन को डबल किया जाएगा, जिसकी कुल लागत लगभग 3,169 करोड़ रुपए है। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे लाइन मल्टी-ट्रैकिंग होने से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी। (अनंत ज्ञान)

### मुंगेर-जमालपुर-भागलपुर प्रमुख इंडस्ट्रियल एरिया

मोकामा-मुंगेर हाईवे मोकामा, बड़हिया, लखीसराय, जमालपुर, मुंगेर जैसे शहरों से होकर गुजरेगा और भागलपुर को जोड़ेगा। पूर्वी बिहार में मुंगेर-जमालपुर-भागलपुर बेल्ट एक प्रमुख इंडस्ट्रियल एरिया बन रहा है। यहां पर बंदूक कारखाना और रक्षा मंत्रालय द्वारा आयुध कारखाना बनने वाला है। इसके अलावा जमालपुर में लोकोमोटिव वर्कशॉप, मुंगेर में आईटीसी और संबंधित रसद और भंडारण केंद्र हैं।

## हवाई क्षेत्र में घुसे रूसी ड्रोन मार गिराए: पोलैंड

एजेंसी, वारसॉ। पोलैंड की सेना ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने रूस के ड्रोन को मार गिराया है। पोलैंड का कहना है कि रूसी ड्रोन्स ने यूक्रेन पर हमले के दौरान उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। पोलैंड की सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज रूस द्वारा जब यूक्रेन पर हमला किया जा रहा था, तो उस दौरान रूसी ड्रोन्स जैसी चीजों ने बार-बार हमारे हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इन वस्तुओं की पहचान कर उन्हें तबाह कर दिया गया। पोलैंड की सेना ने एक बयान में कहा कि पोलिश हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सशस्त्र बलों के ऑपरेशनल कमांडर ने सभी जरूरी कदम उठाए हैं। पोलैंड के विमान और सहयोगी विमान हमारे हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहे हैं, और जमीनी वायु रक्षा और रडार टोही प्रणालियां भी अलर्ट पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## बंगाली में बात करें, डरने की जरूरत नहीं : ममता

एजेंसी, जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को जनता से आग्रह कि वे बंगाली में ज्यादा बोलें और डरें नहीं। उनका यह बयान राज्य के प्रवासी मजदूरों पर हो रहे कथित हमलों की पृष्ठभूमि में आया है। बनर्जी ने कहा, बंगाली में ज्यादा बोलो, डरो मत। हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि हम अपनी मातृभाषा यानी बंगाली ही बोलेंगे, लेकिन हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि जो प्रवासी मजदूर वापस बंगाल लौटेंगे, उन्हें सरकार की ओर से पांच हजार रुपए दिए जाएंगे और उनके बच्चों को नजदीकी स्कूल में दाखिला मिल सकेगा। जलपाईगुड़ी में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं रोज अपमान झेलती हूं, क्योंकि मैं बंगाल का विकास चाहती हूं।' (अनंत ज्ञान)



## उद्धव ने फिर की राज ठाकरे से मुलाकात

एजेंसी, मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे से मुलाकात की। दोनों दलों के बीच गठबंधन की चर्चा के बीच दादर इलाके में स्थित राज ठाकरे के आवास 'शिवतीर्थ' में अहम बैठक हुई। पिछले दो हफ्तों में दोनों चचेरे भाइयों के बीच यह दूसरी सार्वजनिक मुलाकात है। उद्धव पिछले महीने गणेश उत्सव के अवसर पर शिवतीर्थ गए थे। इससे पहले इन दोनों ने 5 जुलाई को सरकार की त्रिभाषा नीति के खिलाफ मुंबई में अपनी जीत का जश्न मनाने के लिए एक मंच साझा किया था। महाराष्ट्र सरकार ने मराठी भाषी बहुल राज्य में हिंदी थोपने के आरोपों के बीच कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए त्रि-भाषा फॉर्मूले पर अपने विवादास्पद आदेश को वापस ले लिया था। (अनंत ज्ञान)



# सेंसेक्स 324 अंक चढ़कर 81,425 के स्तर पर बंद

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार, 10 सितंबर को सेंसेक्स 324 अंक चढ़कर 81,425 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 105 अंक की तेजी रही, यह 24,973 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट रही। बीईएल का शेयर आज 4.50% चढ़ा। वहीं, आईटी टेक समेत कुल 8 शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी रही। महिंद्रा, मारुति और टाटा मोटर्स के शेयर्स 2.5% गिरकर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 में तेजी और 15 में गिरावट रही। वहीं, ऑटो और मीडिया इंडेक्स में 1.3% तक की गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)

## 1.09 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ सोने का भाव

एजेंसी, नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में 10 सितंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशनके अनुसार, बुधवार को सोना 66 रुपए गिरकर 1,09,409 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,09,475 रुपए पर था। वहीं, चांदी 626 रुपए गिरकर 1,24,144 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,24,770 रुपए थी।



## यरुशलम हमले के आरोपियों के घर होंगे ध्वस्त

एजेंसी, तेल अवीव। इसराइल ने यरुशलम में बस स्टॉप पर हुए हमले के मामले में कड़ा कदम उठाया है। इसराइल ने हमले के दोनों आरोपियों, उनके रिश्तेदारों तथा कस्बे के रहने वाले अन्य लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने का आदेश दिया है। यही नहीं, हमलावरों के रिश्तेदारों व उनके गांवों के सैकड़ों लोगों का वर्क परमिट भी रद्द किया जाएगा। यरुशलम के बस स्टॉप पर सोमवार को बंदूकधारियों के हमले में छह लोग मारे गए थे, जबकि कई घायल हुए थे। दोनों बंदूकधारी मौके पर ही मारे गए थे। दोनों हमलावर इसराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कतन्ना और कुबेबा कस्बों के रहने वाले थे। रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने हमलावरों के परिवार के सदस्यों और दोनों कस्बों के बाशिंदों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। दोनों कस्बों में बिना परमिट के बने हर ढांचे को ध्वस्त कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## गठजोड़

### बात-बात पर अड़ंगा लगाने वाली यूरोपियन यूनियन को सबक सिखाने की तैयारी

# भारत-ब्राजील, साउथ अफ्रीका बनाएंगे नया प्लेटफार्म

एजेंसी, नई दिल्ली

बात-बात पर नियम थोपने वाले यूरोपीय संघ को अब सबक सिखाने की तैयारी है। ब्राजील, भारत और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश मिलकर एक नया अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म बनाने जा रहे हैं, जहां जलवायु नीति और व्यापार पर खुलकर बात होगी। दरअसल, यूरोपीय संघ वनों की कटाई से जुड़े आयात पर रोक और कार्बन टैक्स जैसे सख्त नीतियां लागू कर रहा है, जिससे विकासशील देशों के व्यापार पर असर पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए ही नया मंच बनने जा रहा है। ब्राजील इस साल नवंबर में कॉप-30 जलवायु सम्मेलन की मेजबानी करेगा। वह विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ के मंच पर इस नए फोरम का प्रस्ताव पेश करेगा। मकसद है कि जलवायु बदलाव के बहाने व्यापार रोकने की यूरोप की रणनीति पर वैश्विक जवाब दिया जाए।

ब्राजील का कहना है कि न तो डब्ल्यूटीओ और न ही यूएन का जलवायु ढांचा इस पर चर्चा करने के लिए सही मंच है। नया प्लेटफॉर्म हर कुछ महीनों में बैठक करेगा और ऐसे समाधान खोजेगा जो उत्पादकों और खरीदारों दोनों के लिए आसान और व्यावहारिक हों। (अनंत ज्ञान)

### भारत के लिए क्यों अहम है यह गठजोड़?



भारत उन देशों में से है जिन पर यूरोपीय नीतियों का सीधा असर पड़ता है। भारत से यूरोप को बड़ी मात्रा में स्टील, सीमेंट, कॉफी, कोको और सोयाबीन जैसी चीजें निर्यात होती हैं। यूरोप के नए कानून लागू होने के बाद इन पर टैक्स बढ़ेगा और भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारत कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कह चुका है कि जलवायु परिवर्तन से लड़ाई जरूरी है, लेकिन इसके नाम पर व्यापारिक बाधाएं खड़ी करना अन्यायपूर्ण और पक्षपाती रवैया है। यही वजह है कि भारत ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के साथ मिलकर इस नए प्लेटफॉर्म को मजबूती से आगे बढ़ाना चाहता है।

### यूरोप की दलील

यूरोपीय संघ का कहना है कि उसका कार्बन बॉर्डर टैक्स असल में व्यापारिक दीवार नहीं है, बल्कि एक ऐसा उपाय है जिससे यूरोप और बाहर की कंपनियां एक ही स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। यूरोप के उद्योग पहले ही अपने कार्बन उत्सर्जन के लिए भारी शुल्क चुका रहे हैं, इसलिए, विदेशी कंपनियों को भी इसका हिस्सा देना चाहिए, लेकिन विकासशील देशों का मानना है कि यूरोप का असली मकसद अपने बाजार की रक्षा करना और बाहर से आने वाले सस्ते सामान को रोकना है।

# यूरोपीय संघ ने खोला इसराइल के खिलाफ मोर्चा

## अध्यक्ष लेयेन ने की प्रतिबंध लगाने और व्यापार बंद करने की मांग

एजेंसी, नई दिल्ली

गाजा पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर यूरोपीय संघ ने इसराइल के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी की है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि वह गाजा में युद्ध को लेकर इसराइल पर प्रतिबंध लगाने और आंशिक व्यापार निलंबन की मांग करने की योजना बना रही हैं।

लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ अगले महीने एक फिलिस्तीनी दानदाता समूह का गठन करेगा। इसका एक हिस्सा गाजा के भविष्य के पुनर्निर्माण पर केंद्रित होगा। गाजा की घटनाओं और बच्चों व परिवारों की पीड़ा ने दुनिया की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानव निर्मित अकाल कभी भी युद्ध का हथियार नहीं हो सकता। बच्चों की खातिर, मानवता की खातिर इसे रोकना होगा। हालांकि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में इसराइल और फलस्तीनियों के प्रति अलग-अलग दृष्टिकोण है।

लेयेन वॉन डेर लेयेन की यह टिप्पणी उस दिन आई है जब इसराइल की सेना ने गाजा के निवासियों को चेतावनी दी थी कि वे उस जगह को खाली कर दें, जहां इसराइल हमास का सफाया कर रहा है। साथ ही लाखों लोग अकाल की स्थिति में हैं। वहीं, मंगलवार को कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले इसराइल ने हमला किया था।

गाजा में युद्ध तब शुरू हुआ जब हमास के नेतृत्व वाले उग्रवादियों ने सात अक्तूबर 2023 को 251 लोगों का अपहरण कर लिया और लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें ज्यादातर इसराइली नागरिक थे। गाजा में अभी भी 48 बंधक हैं, जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने की संभावना है। गाजा में जारी संघर्ष के बीच फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मौत का आंकड़ा 64,000 को पार कर गया है। लगातार हो रही हिंसा और हवाई हमलों से हालात बेहद खराब हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराया फ्रांस और पुर्तगाल उलटफेर से बचे

**एजेंसी, लंदन।** किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया, जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलैंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए। नोनी मडुके, एज्री कोंसा और मार्क गुएही ने गोल किए, जिससे इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। फ्रांस ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए एमबाप्पे के गोल और एक अन्य गोल करने में मदद की बदौलत आइसलैंड को 2-1 से हराया। जोआओ कैंसेलो ने 86वें मिनट में विजयी गोल करके पुर्तगाल को हंगरी पर 3-2 से जीत दिलाई। रोनाल्डो ने इस मैच में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप क्वालीफाइंग में उनका 39वां गोल था, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के कार्लोस रुइज के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बस के दरवाजे से हुई दुर्घटना के बाद चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद हैलैंड ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित पांच गोल दागे, जिससे नॉर्वे ने मोल्दोवा को 11-1 से करारी शिकस्त दी। (अनंत ज्ञान)

### आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

**एजेंसी, निंगबो (चीन)।** भारतीय निशानेबाजों का आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में खराब प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा तथा सम्राट राणा, अमित शर्मा और निशांत रावत पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। भारतीय खिलाड़ियों में सम्राट ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वह 582 अंक बनाकर क्वालीफिकेशन में 10वें स्थान पर रहे। चीन के हू काई ने प्रारंभिक दौर में 589 अंक हासिल करके शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने 242.3 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन के ही यू चांगजी ने 241.5 अंकों के साथ रजत पदक जीता। इस तरह चीन के पदकों की संख्या दो स्वर्ण और इतने ही रजत के साथ चार हो गई। दूसरी ओर भारत अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाया है। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग ले रहे भारत के अन्य खिलाड़ियों में अमित शर्मा 576 अंक के साथ 28वें, जबकि निशांत रावत 568 अंक के साथ 42वें स्थान पर रहे। इस बीच भारत की दिव्या सुब्बाराजू ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल के प्रिसिशन राउंड में अच्छा प्रदर्शन किया और वह 291 अंक के साथ 37 निशानेबाजों के बीच सातवें स्थान पर हैं। इस स्पर्धा में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों में अभिदन्या पाटिल 288 अंकों के साथ 19वें, जबकि राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत 286 अंकों के साथ 26वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### संजना गणेशन का ग्लैमसर अंदाज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह की पत्नी संजना गणेशन काफी खूबसूरत हैं। संजना सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 1.8 से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जिनके लिए वह अपनी खूबसूरत तस्वीर आए दिन शेयर करती रहती हैं।



## महिला वनडे विश्व कप फ्लोरा को पहली बार टीम में मिली जगह

# न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, डेवाइन को सौंपी कमान

**एजेंसी, आकलैंड**

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टीम की कप्तानी सोफी डिवाइन को सौंपी गई है। न्यूजीलैंड टीम ने साल 2024 में हुए विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम में 22 साल की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज फ्लोरा डेवोनशायर को शामिल किया गया है। फ्लोरा ने अब तक वनडे डेब्यू नहीं किया है।

**30 सितंबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट**

फ्रेन जोंस को टीम में जगह नहीं कीवी टीम की टी-20 वर्ल्ड कप विजेता स्क्वॉड का हिस्सा रहीं फ्रेन जोंस को टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा पॉली इंग्लिस, बेला जेम्स और ब्री इलिंग तीन ऐसी खिलाड़ी हैं जिनको अभी वनडे फॉर्मेट में खेलने का ज्यादा अनुभव हासिल नहीं है। टीम के हेड कोच बेन सॉयर ने फ्लोरा को नहीं चुने जाने को लेकर कहा, जब आपके पास एक ही स्थान के लिए कई प्लेयर्स का ऑप्शन मौजूद हो तो ऐसे में आपके लिए फैसला लेना आसान नहीं होता है और हमें चयन के दौरान कुछ कठिन फैसले लेने पड़ते हैं। ऐसा ही कुछ हमें फ्लोरा और फ्रेन के बीच देखने को मिला।


फाइल फोटो

न्यूजीलैंड टीम का स्क्वॉड सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पोली इंग्लिस, बेला जेम्स, जेस कर, अमेलिया केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहु। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया से होगा पहला मुकाबला

**वनडे** वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की टीम अपना पहला मुकाबला एक अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया की विमेंस टीम के खिलाफ खेलेगी। मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में होगा। वहीं कीवी टीम 13 सितंबर को यूएई के लिए रवाना होगी, जहां पर वर्ल्ड कप की तैयारी करेगी जिसमें उसे इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 2 प्रैक्टिस मैच भी खेलने का मौका मिलेगा और इसके बाद वह भारत के लिए वहां से रवाना होगी।

## भारतीय गेंदबाजों के सामने नतमस्तक हुए संयुक्त अरब अमीरात के बल्लेबाज

**एजेंसी, दुबई**



एशिया कप दूसरा मुकाबला भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीमों के बीच दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत जहां जीत के साथ आगाज करना चाहेगा, तो यूएई की नजरें उलटफेर करने पर होंगी। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे यूएई के ओपनर बल्लेबाज अलीशान शराफू और मोहम्मद वसीम ने अच्छी शुरुआत की।

भारत के लिए पहला ओवर हार्दिक पांड्या ने फेंका और यूएई ने पहले ही ओवर में 10 रन बना लिए। यूएई के बल्लेबाजों ने तेज तर्रार शुरुआत करते हुए पहले तीन ओवरों में ही 25 रन बना लिए। अलीशान शराफू 17 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया। मोहम्मद जोहैब कुछ खास नहीं कर पाए और 2 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने कुलदीप यादव के हाथों कैच करवाया। मोहम्मद वसीम भी 19 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें कुलदीप यादव ने पगबाधा आउट किया। समाचार लिखे जाने तक यूएई ने 9 ओवरों में 5 विकेट गवांकर 50 रन बना लिए थे। (अनंत ज्ञान)

## दलीप ट्रॉफी: स्टार खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में चमक बिखेरेंगे युवा खिलाड़ी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

रविचंद्रन स्मरण और दानिश मालेवार जैसे युवा खिलाड़ी गुरुवार से यहां दक्षिण क्षेत्र और मध्य क्षेत्र के बीच शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ी एशिया कप में भाग ले रहे हैं, जबकि कुछ खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ होने वाले मैच के लिए भारत-ए की टीम में शामिल हैं, जिससे यह मुकाबला कुछ हद तक नीरस बन गया है। मध्य क्षेत्र के कप्तान रजत पाटीदार को छोड़कर कोई भी अन्य स्टार खिलाड़ी इस मैच में भाग नहीं ले रहा है।

ऐसे में युवा खिलाड़ियों के पास अपनी चमक बिखरने का यह शानदार मौका है। इन खिलाड़ियों में कर्नाटक के स्मरण प्रमुख हैं जिन्होंने कर्नाटक के लिए सात प्रथम श्रेणी मैचों में 64.50 की औसत से 516 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। लिस्ट ए और टी-20 में भी उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली है। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप के 10 मैचों में 72.16 की औसत से 433 रन और छह टी-20 मैचों में 170 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के सामने निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा।



मध्य क्षेत्र के मालेवार ने पहले ही दलीप ट्रॉफी में अपनी छाप छोड़ दी है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः 203 और 76 रन बनाए। विदर्भ के इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने अब तक 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 59 की औसत से तीन शतकों के साथ 1077 रन बनाए हैं। तमिलनाडु के 19 वर्षीय आंद्रे सिद्धार्थ के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी, जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत 612 रन के सत्र (2024-25) से की थी, जिसमें उनका औसत 68 का था। दक्षिण और मध्य क्षेत्र दोनों का बल्लेबाजी विभाग मजबूत है। दोनों टीमों के पास कुछ कुशल गेंदबाज भी हैं जिनमें मध्य क्षेत्र के दीपक चाहर भी शामिल है जो राष्ट्रीय टीम ने वापसी करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

मध्य क्षेत्र को गेंदबाजी विभाग में स्पिनर हर्ष दुबे, तेज गेंदबाज खलील अहमद और यश ठाकुर की कमी खलेगी, क्योंकि ये तीनों खिलाड़ी लखनऊ में भारत ए टीम में शामिल हो गए हैं। दक्षिण क्षेत्र भी देवदत्त पडिक्कल और नारायण जगदीशन जैसे बल्लेबाजों के बिना खेल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## श्रेयस अय्यर ने शेयर की चोट की दर्दनाक कहानी

### बोले-मेरा एक पैर पैरालाइज हो गया था, वापसी की छोड़ दी थी उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर भारतीय टीम में वापसी के लिए अपनी कमर कस चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ अय्यर को इंडिया-ए का कप्तान नियुक्त किया गया है। हालांकि, एशिया कप की टीम में उनके चुने जाने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।

इन सब मामलों के बीच अब अय्यर अपने चोट की एक दर्दनाक कहानी शेयर की ही। अय्यर ने एक इंटरव्यू में बताया कि जब उनके स्पाइन की सर्जरी हुई थी तो उन्हें ऐसा लगा कि उनका एक पैर पैरालाइज हो गया है। इस चोट के कारण अय्यर लंबे समय तक मैदान से दूर रहे और घरेलू क्रिकेट में भी वह मैदान पर नहीं उतरे थे, जिसके कारण बीसीसीआई से उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खत्म हो गया। अपनी चोट पर अय्यर ने कहा, कोई नहीं समझ सकता है कि मैं किस दर्द से गुजरा हूं। मैं एक पैर से पूरी तरह से पैरालाइज हो गया था। ये स्पाइन इंजरी के कारण हुआ था। वो दर्द बहुत ही भयानक था। (अनंत ज्ञान)

### टूट गई थी नस

**श्रेयस** अय्यर ने अपनी चोट पर कहा, आप पीठ में रॉड डालकर भी काम चला सकते हैं, लेकिन मेरे साथ दिक्कत ये थी कि नस टूट गई थी जो वाकई बहुत खतरनाक है। दर्द बहुत भयानक था कि मेरे छोटे से पैर के अंगूठे तक पहुंच रहा था। यह बहुत डरावना था। उन्होंने आगे कहा, लोग एथलीटों को रोबोट की तरह देखते हैं जिन्हें हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होता है। उन्हें पता ही नहीं होता कि पर्दे के पीछे क्या हो रहा है। एक समय था जब अय्यर चोट के कारण वापसी की उम्मीद खोने लगे थे, उन्होंने हार नहीं मानी। सर्जरी के बाद उन्होंने एक वारियर की तरह वापसी की। उनके हालिया प्रदर्शन की बात करें उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल में दमदार खेल का प्रदर्शन किया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें टी20 एशिया कप में जगह नहीं मिली।

## विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग में पदक की दौड़ से बाहर

**एजेंसी, ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)।** भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजों का विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा और उसके सभी तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग के पदक चरण में जगह बनाने में असफल रहे। भारत के तीनों खिलाड़ियों में राहुल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया।

उन्होंने तीसरे राउंड (अंतिम-32) में जगह बनाई, लेकिन शूट-ऑफ में जॉर्जिया के एलेक्जेंडर माचावरियानी से 5-6 (8-10) से हार गए। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 5-3 की बढ़त बना ली थी, लेकिन अंतिम दो सेटों में वह लड़खड़ा गए, जिससे एक बार फिर रिकर्व वर्ग में दबाव में भारत की मानसिक कमजोरियां उजागर हो गईं। पहला सेट 28-28 से बराबर करने के बाद राहुल ने दूसरे सेट में 30-30 का शानदार स्कोर बनाया और तीसरे सेट में 28-27 से जीत हासिल कर 5-1 की बढ़त बना ली। चौथे राउंड में उन्हें केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी, लेकिन वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उनके विरोधी खिलाड़ी को वापसी करने का मौका मिल गया। जॉर्जियाई खिलाड़ी ने पांचवां सेट 28-27 से जीतकर शूट-ऑफ कराया, जहां राहुल ने आठ अंक हासिल किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी का स्कोर परफेक्ट 10 था। तीनों में सबसे अनुभवी ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा को सबसे कठिन ड्रॉ मिला, क्योंकि पहले दौर में उनका मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज से हुआ। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को पहला सेट 29-29 से बराबर करने के बाद 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट में कड़ी टक्कर हुई, लेकिन गाजोज के दो 10 ने उन्हें 29-28 की बढ़त दिला दी। तुर्किए के तीरंदाज ने तीसरे सेट में 29-28 के साथ अपनी बढ़त 5-2 कर ली। धीरज ने चौथा सेट 29-29 से बराबर किया, लेकिन यह गाजोज को जीत से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। भारत के एक अन्य खिलाड़ी नीरज चौहान को उज्बेकिस्तान के बोबराजाबोव बेकजोद से सीधे सेटों में 27-29, 27-28, 26-29 से हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश की नजरें हांगकांग के खिलाफ मजबूत शुरुआत पर

**एजेंसी, अबुधाबी**

बांग्लादेश की टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज शेख जायेद स्टेडियम पर यहां वीरवार को हांगकांग के खिलाफ करेग, जिसे पहले मैच में अफगानिस्तान ने बुरी तरह हराया है।

एशिया कप के उद्घाटन मैच में अफगानिस्तान ने हांगकांग को 94 रन से हराया। अफगानिस्तान के छह विकेट पर 188 रन के जवाब में हांगकांग की टीम नौ विकेट पर 94 रन ही बना सकी थी। उसके सिर्फ दो बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके और उसकी कमजोर बल्लेबाजी पर एक बार फिर दबाव होगा। उसके गेंदबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

दूसरी ओर श्रीलंका (13 सितंबर) और अफगानिस्तान (16 सितंबर) के खिलाफ ग्रुप चरण के कठिन मुकाबलों से पहले बांग्लादेश की टीम मजबूत शुरुआत करना चाहेगी। बांग्लादेश की टीम 2012, 2016 और 2018 में फाइनल में पहुंची, लेकिन हर बार भारत और श्रीलंका जैसे दिग्गजों के खिलाफ उसे पराजय का सामना करना पड़ा। लिटन दास टीम के कप्तान होंगे जिनका यह पांचवां एशिया कप है, लेकिन पहली बार पूर्णकालिक कप्तान के तौर पर खेलेंगे। विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर उनकी मौजूदगी टीम को स्थिरता देती है। नुरूल हसन भी तीन साल बाद टीम में लौटे हैं जिससे बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग के विकल्प बढ़े हैं।



तौहीद हृदय मध्यक्रम को आक्रामकता देते हैं, जबकि मुस्ताफिजूर रहमान के पास डैथ ओवरों में विविधता है। नई गेंद संभालने वाले तंजीम हसन साकिब का फॉर्म अतिरिक्त बोनस है। बांग्लादेश ने पिछली तीन सीरीज में श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड को हराया है।

लिटन ने ट्रॉफी अनावरण समारोह में कहा था,''हमने अभी तक चैंपियनशिप नहीं जीती है, लेकिन वह अतीत की बात है। यहां कई चुनौतियां होंगी जो आसान नहीं होंगी, लेकिन हमारा फोकस टीम के रूप में बेहतर प्रदर्शन पर रहेगा।''

## बोलीविया ने ब्राजील को हराकर क्वालीफाइंग प्लेऑफ में किया प्रवेश

**एजेंसी, एल आल्टो (बोलीविया)**

मिगुएल टेरसेरोस ने पहले हाफ में पेनल्टी पर गोल किया, जिससे बोलीविया ने विश्व का फुटबॉल के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में ब्राजील को 1-0 से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की। टेरसेरोस ने 45वें मिनट में गोल करके बोलिवियाई टीम को 2019 के बाद पहली बार घरेलू मैदान पर ब्राजील पर जीत दिलाई। प्लेऑफ टूर्नामेंट में छह देश शामिल होंगे और यह मार्च के अंतरराष्ट्रीय सत्र में खेला जाएगा, जिससे अगले वर्ष अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप के लिए अंतिम दो स्थानों का निर्धारण होगा।

- 1-0 से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह की सुरक्षित
- 2019 के बाद पहली बार घरेलू मैदान पर ब्राजील पर जीत
- प्लेऑफ टूर्नामेंट में छह देश होंगे शामिल

बोलीविया का लक्ष्य चौथी बार तथा 1994 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना होगा। क्वालीफायर में तीसरे स्थान पर रहने वाली कोलंबियाई टीम ने स्ट्राइकर लुइस डियाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेनेजुएला को 6-3 से हराकर बोलीविया की टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने में मदद की। डियाज ने चार गोल दागे। क्वालीफाइंग के एक अन्य मैच मे इक्वाडोर ने अर्जेंटीना को 1-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में 38 अंक लेकर पहले, जबकि इक्वाडोर 29 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। (अनंत ज्ञान)

## सिंधू हांगकांग ओपन में डेनमार्क की प्रतिद्वंद्वी से हारी, टूर्नामेंट से बाहर

**एजेंसी, हांगकांग**

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू बुधवार को यहां तीन गेम तक चले मैच में डेनमार्क की गैरवरीय लाइन क्रिस्टोफरसन से हारकर हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

पिछले महीने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली सिंधू राउंड-ऑफ-32 मुकाबले में डेनमार्क की निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ी से एक घंटे से भी कम समय में 21-15, 16-21, 19-21 से हार गईं।

यह सिंधू की 25 वर्षीय क्रिस्टोफरसन के खिलाफ छह मैचों में पहली हार है। उन्हें यह हार ऐसे समय में मिली है जब वह फॉर्म में वापसी का संकेत दे रही थी। यह स्टार भारतीय खिलाड़ी इस साल के शुरू में स्विस ओपन और जापान ओपन में शुरुआती दौर में ही बाहर हो गई थी। सिंधू ने पहले गेम में 3-1 की शुरुआती बढ़त बना ली थी, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 5-5 से बराबरी कर ली। सिंधू ने इसके बाद अपने खेल का स्तर बढ़ाया और लगातार अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी 13-12 से आगे थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक गंवा दिए। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। इस गेम में दोनों खिलाड़ी एक समय 19-19 की बराबरी पर थे, लेकिन क्रिस्टोफरसन ने लगातार दो अंक बनाकर सिंधू का सफर यहीं पर समाप्त कर दिया। (अनंत ज्ञान)


सिंधू की 25 वर्षीय क्रिस्टोफरसन के खिलाफ छह मैचों में पहली हार

## नीलामी: डेवाल्ड ब्रेविस को 8.3 करोड़ और एडेन मार्करम को सात करोड़ रुपए में खरीदा

# ब्रेविस-मार्करम ने एसए20 नीलामी में बनाए नए रिकॉर्ड

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस और एडेन मार्करम ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र की खिलाड़ियों की नीलामी में रिकॉर्ड धनराशि हासिल करके नया इतिहास रचा। ब्रेविस को सौरव गांगुली की कोचिंग वाली प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 16.5 मिलियन रैंड (लगभग 8.3 करोड़ रुपए) में खरीदा, जो 2022 में ट्रिस्टन स्टब्स के लिए भुगतान किए गए 9.2 मिलियन रैंड (लगभग 4.6 करोड़ रुपए) के पिछले रिकॉर्ड से कहीं अधिक है।

नए मुख्य कोच गांगुली के नेतृत्व में सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने जोबर्ग सुपर किंग्स के साथ बोली प्रक्रिया में चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को अपनी टीम से जोड़ा। गांगुली ने नीलामी के बाद एक विज्ञप्ति में कहा, ''मुझे उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और पिछले डेढ़ साल में उन्होंने अपने खेल में काफी सुधार किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका प्रदर्शन इसका सबूत है।''

उन्होंने कहा, ''मैं प्रदर्शन को कभी भी पैसे से नहीं जोड़ता। 16.5 मिलियन रैंड की बात छोड़ भी दें, तो मेरा मानना है कि वह एक शानदार प्रतिभा हैं। वह स्पिन को बहुत अच्छी तरह खेलते हैं, जो बेहद महत्वपूर्ण है। हमने हर पहलू पर गौर करके उन पर यह कीमत लगाई।''

दक्षिण अफ्रीका के टी-20 कप्तान मार्करम को डरबन सुपर जायंट्स ने 14 मिलियन रैंड (लगभग सात करोड़ रुपए) में खरीदा, जबकि सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने उन्हें राइट टू मैच कार्ड के तहत 12.4 मिलियन रैंड में रिटेन करने की कोशिश की थी।



नीलामी के बाद एसए20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा, ''मैं आंकड़ों के बारे में बात करने से हिचकिचाता हूं, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट में इस तरह के निवेश को देखना रोमांचक है। सबसे अच्छी बात यह है कि फ्रेंचाइजी दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों का समर्थन कर रही हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यहां कुछ अच्छी प्रतिभाएं हैं। एसए20 ने उन्हें जो मंच प्रदान किया है, उससे उन्हें न केवल यहां (दक्षिण अफ्रीका में) फायदा हुआ है, बल्कि अन्य लीगों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्हें लाभ मिला है।'' कुल-मिलाकर छह फ्रेंचाइजी ने 84 खिलाड़ियों पर 129.3 मिलियन रैंड (लगभग 65 करोड़ रुपये) खर्च किए, जिसमें दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों पर 116.9 मिलियन रैंड (लगभग 59 करोड़ रुपए) खर्च किए गए।

बारह अंडर-23 खिलाड़ियों पर कुल 22.8 मिलियन रैंड (लगभग 11.4 करोड़ रुपए) खर्च किए गए। जोबर्ग सुपर किंग्स ने ऑलराउंडर वियान मुल्डर को नौ मिलियन रैंड (लगभग 4.5 करोड़ रुपए) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को 6.3 मिलियन रैंड (लगभग 3.1 करोड़ रुपए) में अनुबंधित किया। एसए20 का चौथा सत्र इस साल 26 दिसंबर से शुरू होगा और अगले साल 25 जनवरी तक चलेगा।